अमूल्य शास्त्र दानदाता.

जैन स्तम्भ दानवीर

राजाबहादुर लाला सुखदेवसहायजी जौहरी

जैन शास्त्रोद्धार मुद्रालय, सिकंदराबाद, (दक्षिण)

लाला ज्वालाप्रसादजी, जौहरी

आभारी-महात्मा

कच्छ देश पावन कर्ता मोटी पक्ष के परम पूज्य श्री कर्मसिंहजी महाराज के शिष्यवर्य महात्मा कविवर्य श्री नागचन्द्रजी महाराज !

इन शास्त्रोद्धार कार्य में आद्योपान्त आप श्री प्राचिन शुद्ध शास्त्र, हुंडी, गुटका और समयरपर आवश्यकीय शुभ सम्मति द्वारा मदत देते रहनेसेही मैं इस कार्य को पूर्ण कर सका. इस लिये केवल मैं ही नहीं परन्तु जो जो भव्य इन शास्त्रोद्धारा लाभ प्राप्त करेंगे वे सब ही आप के आभारी होंगे.

आपका-अमोल ऋषि.

हिन्दी भाषानुवादक

शुद्धाचारी पूज्य श्री खूबा ऋषिजी महाराज के शिष्यवर्य,आर्य मुनि श्री चेना ऋषिजी महाराजके शिष्यवर्य बालब्रह्मचारी पण्डित मुनि श्री अमोलक ऋषिजी महाराज! आपने बडे साहस से शास्त्रोद्धार जैसे महा परिश्रम वाले कार्य का जिस उत्साहसे स्वीकार किया था उस ही उत्साह से तीन वर्ष जितने स्वल्प समय में अहर्निश कार्य को अच्छा बनाने के शुभाशय से सदैव एक भक्त भोजन और दिन के सात घंटे लेखन में व्यतीत कर पूर्ण किया. और ऐसा सरल बनादिया कि कोई भी हिन्दी भाषज्ञ सहज में समज सके, ऐसे ज्ञानदान के महा उपकार तल दबे हुवे हम आप के बडे आभारी हैं.

संघकी तर्फ से.

सुखदेव सहाय ज्वाला प्रसाद

अपनी छती ऋद्धि का त्याग कर हैद्राबाद सीकन्द्राबादमें दीक्षा धारक बालब्रह्मचारी पण्डित मुनि श्री अमोलक ऋषिजीके शिष्यवर्य ज्ञानानंदी श्री देव ऋषिजी. वैय्यावृत्यी श्री राज ऋषिजी. तपस्वी श्री उदय ऋषिजी और विद्याविलासी श्री मोहन ऋषिजी. इन चारों मुनिवरोंने गुरु आज्ञाको बहुमानसे स्वीकार कर आहार पानी आदि सुखोप-चार का संयोग मिला. दो प्रहर का व्याख्यान, प्रसंगोपात वार्तालाप,कार्य दक्षता व समाधि भाव से सहाय दिया, जिस से ही यह महा कार्य इतनी शीघ्रता से लेखक पूर्ण सके. इस लिये इस कार्य बहल उक्त मुनिवरों का भी बडा उपकार है.

पंजाब देश पावन करता पूज्य श्री सोहन-लालजी, महात्मा श्री माधव मुनिजी, शतावधानी श्री रत्नचन्द्रजी, तपस्वीजी मानकचन्दजी, कवि-वर श्री अमी ऋषिजी,सुवक्ता श्री दौलत ऋषिजी,पं. श्री नथमलजी,पं श्री जोरावरमलजी कविवर श्री नानचन्द्रजी.महासतीजी श्री पार्वतीजी.गुलाब-सतीजी श्री रंभाजी. धोराजी सरव भंडार, भीना-सरवाले कनीरामजी बहादरमलजी बांठीया, लीबडी भंडार, कुचेरा भंडार,इत्यादिक की तरफ से शास्त्रों व सम्मति द्वारा इस कार्य को बहुत सहायता मिली है. इस लिये इन का भी बहुत उपकार मानते हैं.

इस समवायांग सूत्र की धनपत सिंह बाबू के तरफ से छपी हुई प्रत कच्छ देश पावना कर्ता आठ कोटी मोटी पक्ष के महंत मुनि श्री नागचन्द्रजी महाराज की तर्फ से प्राप्त हुई उस ऊपर से और दो प्रत मेरे पास की तथा दो प्रतों भीनासर (विकारने) वाले भाइ कनीरामजी बहादरमलजी वांठीया के तरफ से आइ हुई उन से मिलाकर हिन्दी अनुवाद व पाठ की शुद्धि की गइ है. इतने पर भी छद्मस्थता के योग से दृष्टि दोष से भूल रहने का संभव हैं उसे विद्वान सुधार कर पढेंगे. सुज्ञेषु किमधिकं

समवायांग सूत्र की अनुक्रमणिका.

इत्यनुक्रमाणिका

☞ परम पुज्य श्री कहानजी ऋषि महाराज के सम्प्रदायके बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलकऋषिजी ने सीर्फ तीन वर्ष में ३२ ही शास्त्रो का हिंदी भाषानुवाद किया. उन ३२ ही शास्त्रों की २०००— २००० प्रतों का सीर्फ पांच ही वर्ष में छपवा कर दक्षिण हैद्राबाद निवासी राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसाद जीने सब को अमूल्य लाभ दिया है.

॥ चतुर्थ समवायांग सूत्र ॥

सूत्र

सुयं मे आउसंतेणं, भगवया एव मक्खायं ॥ १ ॥ इह खलु समणेणं भगवया महावीरेणं आइगरेणं, तित्थगरेणं, सयंसंबुद्धेणं, पुरिसुत्तमेणं, पुरिससीहेणं, पुरिसवर पुंडरीएणं, पुरिसवरगंधहत्थिणा, लोगुत्तमाणं, लोगनाहाणं, लोगहिएणं, लोग-पईवेणं, लोगपज्जोअगरेणं, अभयदएणं, चक्खुदएणं, मग्गदएणं, सरणदएणं, जीवद-

भावार्थ

श्री श्रमण भगवंत महावीर स्वामी के पाटवीय गणधर श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि अहो जम्बू! श्री भगवन्त के मुखसे मैंने श्रवण किया है; ॥ १ ॥ अब वे भगवन्त कैसे थे उनका स्वरूप बताते हैं. वे महावीर स्वामी श्रुत व चारित्र धर्मकी आदिके करनेवाले, चतुर्विध संघके करनेवाले, अन्य किसी के उपदेश विना स्वयं मतिबोध पानेवाले, सब पुरुषों में उत्तम, पुरुषों में सिंह समान, पुरुषमें प्रवर पुंडरीक कमल समान, पुरुषमें गंधहस्ती समान, लोकमें उत्तम, चौरासी लक्ष जीवायोनि के नाथ, भव्यजीवों के प्रभुरूप लोक का हित करनेवाले, चउदह राजुप्रमाण लोक में दीपक

सूत्र

णं, बोहिदएणं, धम्मदएणं, धम्मदेसएणं, धम्मनायगेणं, धम्मसारहिणा, धम्मवर-चाउरंतचक्कवट्टिणा, दीवोताणं सरणंगइपइट्ठा, अप्पडिहयवरनाणदंसणधरेणं. वियट्ट छउमेणं, जिणेणं जावएणं, तिन्नेणं, तारएणं, बुद्धेणं, बोहिएणं, मुत्तेणं. मोयगे-णं, सव्वन्नुणा, सव्वदरसिणा, सिव मयल मरुय मणंत मक्खय मव्वाबाह मपुणरावित्ति सिद्धिगइनामधेयं ठाणं संपाविउ कामेणं इमेदुवालसंगे गणिपिडगे पण्णत्ते; तंजहा-आयारे, सूयगडे, ठाणे, समवाए, विवाहपन्नत्ती, नायाधम्मकहाओ, उवसग-

भावार्थ

समान, गणधरादि लोक में प्रकाश करनेवाले, सब जीवोंको अभय दान देनेवाले, समकित रूप चक्षु (लोचन) देने वाले, संसार में भ्रमित जीवों को मोक्षमार्ग देनेवाले, दुःख पीडित प्राणियों को शरण देनेवाले, संयमरूप जीवितव्य देनेवाले, बोधिबीज सो सम्यक्त्व देनेवाले, धर्म देनेवाले, धर्मोपदेश देनेवाले, धर्मके नायक, धर्म के सारथी, चतुर्गति का अंतकरनेवाला जो धर्म उससे चक्रवर्ती समान, संसार समुद्र में द्वीपसमान त्राण देनेवाले, चतुर्गतिरूप संसारसे निवारण करने को समर्थ, अस्खलित केवल ज्ञान दर्शन धारन करनेवाले, छद्मस्थपनासे रहित, रागद्वेष जीतनेवाले, अन्य को रागद्वेष जीताने वाले, स्वतः संसार समुद्र तीरनेवाले, अन्य को संसार समुद्र तीरानेवाले, स्वतः तत्त्व के जान हुवे अन्य को तत्त्वके जान बनाये, स्वयं कर्मसे मुक्त हुवे, अन्य को कर्मसे मुक्त किये, सब पदार्थ जाननेवाले

सूत्र

दसाओ, अंतगडदसाओ, अणुत्तरोववाइदसाओ, पण्हावागरणं, विवागसुए, दिट्ठि-वाए ॥ २-३ ॥ तत्थणं जे से चउत्थे अंगे समवाएत्ति आहिते तस्सणं अयमट्ठे पण्णत्ते त० एगे आया एगे अणाया एगे दंडे एगे अदंडे एगा किरिया एगा अकिरिया,

भावार्थ

सब पदार्थ देखनेवाले, व कल्याण कारी, अचल, अरोग, अक्षय अव्याबाध, अपुनरावर्त ऐसी सिद्धिगति को प्राप्त होनेकी इच्छा करनेवाले थे उनोंने द्वादशांगरूप सूत्र ज्ञान कहा. जिनके नाम १ आचारांग २ सूत्र कृतांग ३ स्थानांग ४ समवायांग ५ विवाह प्रज्ञप्ति ६ ज्ञातधर्मकथांग ७ उपासक दशांग ८ अंतकृत दशांग ९ अनुत्तरोपपातिक १० प्रश्न व्याकरण ११ विपाक सूत्र और १२ दृष्टिवाद. ॥ २-३ ॥ उस में से चतुर्थांग जो समवायांग कहा उसका यह अर्थ श्री भगवन्त ने कहा. यद्यपि इस संसार में जीव अनंत कहे हैं; परंतु यह द्रव्यकी अपेक्षासे जीव द्रव्य एक ही है, अथवा चैतन्य लक्षणसे जीव एक ही रूप है इसलिये आत्मा एक कहा गया है. एक अनात्मा सो जीव रहित घटादिक पदार्थ. एक दंड अप्रशस्त योगोंकी प्रवृत्तिरूप व्यापार भी एक ही है. पापसे निवृत्तिरूप व्यापार सो एक अदंड. कर्म पुद्गल के आगमनरूप कार्य करना सो क्रिया एकही है. योग निरूंधनरूप एक अक्रिया है. चउदह रज्ज्वात्मक एक लोक है वह षड्द्रव्य को एकसा धारक होने से एक कहाजाता है. लोक में अलोक रहा हुवा है. यद्यपि अलोक अनंत है तथापि एक आकाश द्रव्य में

सूत्र

एगे लोए,एगे अलोए,एगे धम्मे,एगेअधम्मे,एगे पुण्णे,एगेपावे,एगेबंधे,एगे मुक्खे,एगेआसवे,एगे संवरे, एगावेयणा, एगाणिज्जरा ॥४॥ जंबूदीवेदीवे एगं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं पन्नत्ते ॥ अप्पइट्ठाणे नरए एगं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं प० ॥ पालए जाण विमाणे एगं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं प० ॥ सव्वट्ठ

भावार्थ

मणामित होनेसे एक कहा जाता है. लोकालोकका भेद करनेवाली धर्मास्तिकाया है यह असंख्यात प्रदेशी होनेपर चलण सहायक एक ही गुण से एक कही जाती है. धर्मास्तिकाया का प्रतिपक्ष अधर्मास्तिकाया है वहभी असंख्यात प्रदेशी होनेपर स्थिर स्वभावका गुण होने से एक ही कही जाती है. शुभ फल देनेवाला पुण्य एक ही है. अशुभ फल देनेवाला पाप एक है. कर्म पुद्गलका संयोग होनेरूप बंध एक है. कर्म पुद्गलका बिखरनेरूप मोक्ष एक ही है. कर्मबंध के उपाय रूप आश्रव एक है. आतेकर्म को रोकनेवाला संवर भी एक है. शुभाशुभ कर्मोंका उदय होनेसे भोगने रूप वेदना एक है. आत्म प्रदेशसे कर्म पुद्गलोंका देशसे दूर होनेरूप निर्जरा भी एक है ॥ ४ ॥ सब द्वीपों में मुख्य जम्बूद्वीप एक लक्ष योजन का लम्बा चौडा है. सातवी नरकका अप्रतिष्ठान नरकावासा एक लक्ष योजनका लम्बा चौडा है. सौधर्मेन्द्रका पालक नामक विमान एक लक्ष योजनका लम्बा चौडा कहा है. सर्वार्थसिद्ध नामक महा विमान एक

सूत्र

अत्थेगइयाणं एगंपलिओवमं ठिई प० ॥ असंखिज्ज वासाउय गब्भवक्कंतिय मणुयाणं अत्थेगइयाणं एगंपलिओवमं ठिई प० ॥ वाणमंतराणं देवाणं उक्कोसेणं एगं पलिओवमंठिई प० ॥ जोइसियाणं देवाणं उक्कोसेणं एगंपलिओवमं वाससयसहस्स साहियंठिई प० ॥ सोहम्मे कप्पे देवाणं जहन्नेणं एगंपलिओवमंठिई प० ॥ सोहम्मे कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं एगं सागरोवमं ठिई प० ईसाणे कप्पे देवाणं जहन्नेणं साइरेगं एगं पलिओवमंठिई प० ॥ ईसाणे कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं एगं सागरोवमंठिई प० ॥ जे देवा सागरं, सुसागरं, सागरकंतं, भवं, मणुं, माणुसो-

भावार्थ

एक पल्योपम का कहा. असंख्यात वर्षवाले गर्भ में उत्पन्न होनेवाले कितनेक मनुष्य का आयुष्य एक पल्योपम का कहा. वाणव्यंतर देवता की उत्कृष्ट स्थिति एक पल्योपम की कही. ज्योतिष देवता का उत्कृष्ट एक पल्योपम एक लक्ष वर्ष अधिक आयुष्य कहा. सौधर्म देवलोक के देवता की स्थिति जघन्य एक पल्योपम की कही. सौधर्म देवलोक में कितनेक देवताओं की स्थिति एक सागरोपमकी कही. ईशान देवलोक में देवताओं की जघन्य स्थिति एक पल्योपम से कुच्छ अधिक कही. ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की स्थिति एक सागरोपम की कही. ईशान देवलोक की सातवी भतर में सागर, सुसागर, सागरकांत, भव, मणु, मानुषोत्तर व लोकहित, नामक विमानों में जो देव उत्पन्न होते हैं उन की एक

सूत्र

त्तरं, लोगहियं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं एगं सागरोवमं ठिई प० ॥ तेणं देवा एगस्स अद्धमासस्स आणमंतिवा, पाणमंतिवा, उस्ससंतिवा, नीससंतिवा, ॥ तेसिणं देवाणं, एगस्सवाससहस्स आहारट्ठे समुपज्जइ ॥ ७ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जे जीवा ते एगेणं भवग्गहणेणं सिज्झिस्संति, बुज्झिस्संति, मुचिस्संति, परिनिव्वाइस्संति, सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति ॥ १ ॥ * * *

दोदंडा प० तं० अट्ठादंडेचेव, अणट्ठादंडेचेव, ॥ १ ॥ दुवेरासी प० तं० जीवरासी-

भावार्थ

सागरोपम की उत्कृष्ट स्थिति कही. जिन २ देवताओं की एक सागरोपम की स्थिति है वे देवता अर्धमास [एक पक्ष] में थोडाश्वासले, विशेष श्वासले, ऊर्ध्वश्वासले, नीचा श्वासले, और उन को एक हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होवे ॥ ७ ॥ कितनेक भवसिद्धिये जीव ऐसे हैं कि जो एक भव में सिद्ध होवेंगे, बुझेंगे, मुक्त होवेंगे, निर्वान को प्राप्तहोंगे और सब दुःखका अंत करेंगे ॥ ८ ॥ यह प्रथम समवाय हुवा ॥ १ ॥ * * * * *

जिस से अन्य के प्राणोंको दंडना, हणना उसे दंड कहते हैं. उस के दो भेद अर्थदंड और अनर्थदंड अपने कार्य के लिये प्राणियों को हणना सो अर्थदंड और निरर्थक पर प्राणों को हणना सो अनर्थदंड ॥१॥

सूत्र

चेव, अजीवरासीचेव ॥ २ ॥ दुविहे बंधणे प० तं० रागबंधणेचेव, दोसबंधणेचेव, ॥ ३ ॥ पुव्वा फग्गुणी नक्खत्ते दुतारे प० । उत्तराफग्गुणी नक्खत्ते दुतारे प० । पुव्वा भद्दवया नक्खत्ते दुतारे प० । उत्तराभद्दवया नक्खत्ते दुतारे प० ॥ ४ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइयाणं दोपलिओवमाइं ठिई प० । दुच्चाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं दोसागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइआणं दोपलिओवमाइं ठिई । असुरिंदवज्जिआणं भोमिज्जाणं देवाणं उक्कोसेणं देसूणाइं दोपलिओवमाइं ठिई प० । असंखिज्जवासाउय तिरिक्ख जो-

भावार्थ

दो राशि कही. जीवोंका समुह सो जीवराशि और अजीवोंका समुह सो अजीव राशि ॥ २ ॥ दो प्रकारके बंधन १ स्नेहभाव से बंधाना सो रागबंधन और २ ईर्षाभाव से बंधाना सो द्वेष बंधन ॥ ३ ॥ पूर्वाफाल्गुणी, उत्तरा फाल्गुणी, पूर्वा भाद्रपद और उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र के दो २ तारे कहे हैं ॥ ४ ॥ रत्नप्रभा नामक नारकी में कितनेक नेरियों की दो पल्योपम की स्थिति. दूसरी शर्करप्रभा नामक नरक में कितनेक नेरियों की दो सागरोपम की स्थिति. कितनेक असुर कुमार देवताओं की दो पल्योपम की स्थिति कही. असुरेन्द्र को छोडकर अन्य भवनपति देवताओं की उत्कृष्ट स्थिति देशऊणी दो पल्योपम की कही. असंख्यात वर्ष के आयुष्यवाले कितनेक तिर्यंच की दो पल्योपम की स्थिति कही. असंख्यात वर्ष के आयुष्य

सूत्र

णिआणं अत्थेगइआणं दोपलिओवमाइं ठिई प० । असंखिज्जवासाउय सन्निमणु- स्साणं अत्थेगइयाणं दोपलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मे कप्पे अत्थेगइआणं देवाणं दोपलिओवमाइं ठिई प० ईसाणे कप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं दोपलिओवमाइं ठिई प० सोहम्मे कप्पे देवाणं उक्कोसेणं दोसागरोवमाइं ठिई प० । ईसाणे कप्पे देवाणं उक्कोसेणं साहियाइं दोसागरोवमाइं ठिई प० । सणंकुमारे कप्पे देवाणं जहन्नेणं दोसागरोवमाइं ठिई प० । माहिंदे कप्पे देवाणं जहन्नेणं साहियाइं दोसागरोवमाइं ठिई प० ॥ जेदे- वा सुभं सुभकंतं सुभवण्णं सुभगंधं, सुभलेसं, सुभफासं, सोहम्मवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं दोसागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा दोण्हं

भावार्थ

वाले कितनेक संज्ञी मनुष्य की स्थिति दो पल्योपम की कही. सौधर्म देवलोक में कितनेक देवताओं की स्थिति दो पल्योपम की कही. ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की स्थिति दो पल्योपम की कही. सौधर्म देवलोक में देवताओं की उत्कृष्ट दो सागरोपम की स्थिति कही. ईशान देवलोक में देवताओं की उत्कृष्ट दो सागरोपमसे कुच्छ अधिक स्थिति कही. सनत्कुमार देवलोक में देवताओं की जघन्य दो सागरोपम की स्थिति कही. माहेन्द्र कल्प में देवताओं की जघन्य दो सागरोपम से कुच्छ अधिक स्थिति कही. सौधर्म देवलोक के तेरहवे प्रतर में शुभ, शुभकान्त, शुभवर्ण, शुभगंध, शुभलेश्या, शुभ स्पर्श, और सौधर्मावतंसक नामक विमान हैं; उन में देवतापने उत्पन्न होनेवाले देवों की उत्कृष्ट

अद्धमासाणं आणमंतिवा, पाणमंतिवा, उरससंतिवा, नीससंतिवा ॥ तेसिणं देवाणं दोहिं-वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुपज्जइ, ॥५॥ अत्थेगइया भवसिद्धियाजीवा जे दोहिं भवग्गहणे-हिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुचिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतंकरिस्संति॥ २॥ तओदंडा प० तं० मणदंडे वयदंडे, कायदंडे ॥ तओ गुत्तीओ प० तं० मणगुत्ती वयगुत्ती,कायगुत्ती,॥तओ सल्ला प० तं० मायासल्लेणं, नियाणसल्लेणं मिच्छादंसण सल्लेणं,॥

भावार्थ स्थिति दो सागरोपम की कही. जिन देवताओं की स्थिति दो सागरोपम की कही वे देवताओं दो पक्ष में श्वोश्वास लेवे. विशेष श्वासलेवे, ऊर्ध्वश्वास लेवे, नीचा श्वासलेवे. और दो हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होवे. कितनेक भवि जीव दोभव में सिझेंगे. मुक्त होवेंगे यावत् सब दुःखका अंतकरेंगे ॥ ६ ॥ यह दूसरा समवाय पूर्ण हुवा ॥ २ ॥ आत्माको दंडित करनेवाला दंड कहा जाता है उस के तीन भेद कहे हैं. १ मन से बुरा चिन्तवना सो मन दंड २ वचन से बुरा बोलना सो वचन दंड और ३ काया से खराब कार्य करना सो काया दंड. गोपन करना सो गुप्ति. इस के तीन भेद कहे हैं मन को गोपकर रखना सो मन गुप्ति, वचन को गोपकर रखना सो वचन गुप्ति, और काया को गोपकर रखना सो कायगुप्ति. तीन प्रकार के शल्य जैसे भाला वगैरह का शल्य [घा] दुःखदायी है वैसे ही यह दुःखदाइ है. इस के तीन भेद माया कपट करना सो माया शल्य; तप संयमादि करणी फल की इच्छा सहित करना सो निदान शल्य

सूत्र

तओगारवा प० तं० इड्डीगारवेणं, रसगारवेणं, सायागारवेणं, ॥ तओविराहणा प० तं० णाणविराहणा, दंसणविराहणा, चरित्त विराहणा ॥ १ ॥ मिगसिर नक्खत्ते तितारे प० । पुस्सनक्खत्ते तितारे प० । जेट्ठा नक्खत्तेतितारे । प० अभीइ नक्खत्ते तितारे प० । सवण णक्खत्ते तितारे, । अस्सिणिनक्खत्ते तितारे प० भरणिनक्खत्ते तितारे प० ॥ २ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं तिन्निपलिओवमाइं ठिई प० ॥ दोच्चाएणं पुढवीए नेरइयाणं उक्कोसेणं तिन्निसागरोवमाइं ठिई प० ॥ तच्चाएणं पुढवीए नेरइयाणं जहन्नेणं तिन्निसागरोवमाइं ठिई प० ॥ अ-

भावार्थ

और अतत्त्व में तत्त्व व तत्त्व में अतत्त्वरूप श्रद्धा सो मिथ्या दर्शन शल्य. तीन प्रकारके गर्व कहे. नरेन्द्र सुरेन्द्रादिक की ऋद्धिका गर्व, इच्छित मनोज्ञ खानपानादिक की प्राप्ति का गर्व, और सुख का गर्व. तीन प्रकार की विराधना ज्ञान विराधना, दर्शन विराधना, व चारित्र विराधना ॥ १ ॥ मृगशर, पुष्य, ज्येष्ठा, अभिजित, श्रवण, अश्विनी व भरणी नक्षत्र के तीन २ तारे कहे हैं ॥ २ ॥ पहिली रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नेरियों की तीन पल्योपम की स्थिति कही. दूसरी शर्करप्रभा नामक नारकी में नेरियों की उत्कृष्ट स्थिति तीन सागरोपम की कही. तीसरी नारकी में नेरियों कि जघन्य स्थिति तीन सागरोपम की कही.

सूत्र

गहाओ प० तं० इत्थिकहा,भत्तकहा,रायकहा, देसकहा, चत्तारिसण्णा प० तं० आहार-सण्णाय भयमेहुण परिग्गह सन्ना. चउव्विहे बंधे प० तं० पगइबंधे, ठिइबंधे, अणुभाग-बंधे, पएसबंधे, ॥ १ ॥ चउंगाउए जोयणे प० ॥ २ ॥ अणुराहानक्खत्ते चउतारे प० । पुव्वासाढ नक्खत्ते चउतारे प० । उत्तरासाढ नक्खत्ते चउतारे प० ॥३॥ इमीसे-णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं चत्तारि पलिओवमाइं ठिई प० । तच्चाएणं पुढवीए अत्थगइयाणं नेरइयाणं चत्तारि सागरोवमाइं ठिई प० ॥ असुरकुमारा-णं देवाणं अत्थेगइयाणं चत्तारि पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अ-त्थेगइयाणं देवाणं चत्तारि पलिओवमाइं ठिई प० । सणंकुमारमाहिंदेसु कप्पेसु अ-

भावार्थ

व देश कथा. चार संज्ञाः-आहार संज्ञा, भय संज्ञा, मैथुन संज्ञा, व परिग्रह संज्ञा. चार प्रकारका बंधः-प्रकृति बंध, स्थिति बंध, अनुभाग बंध, व प्रदेश बंध ॥ १ ॥ उच्छेद अंगुल प्रमाण से चार गाऊ का एक योजन कहा ॥ २ ॥ अनुराधा, पूर्वाषाढा व उत्तराषाढा नक्षत्र के चार तारे कहे ॥ ३ ॥ पहिली रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नेरयों की चार पल्योपम की स्थिति कही. तीसरी वालुप्रभा नारकी में कितनेक नेरयों की स्थिति चार सागरोपम की कही. कितनेक असुर कुमार देवताओं को चार पल्योपम की स्थिति कही. सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की चार पल्योपम की स्थिति कही. सनत्कुमार माहेन्द्र

सूत्र

त्थेगइयाणं देवाणं चत्तारि सागरोवमाइं ठिइं प० । जेदेवा-किट्ठिं, सुकिट्ठिं, किट्ठियावत्तं, किट्ठिप्पभं, किट्ठिजुत्तं, किट्ठिलेसं, किट्ठिज्झयं, किट्ठिसिंगं, किट्ठिसिद्धं, किट्ठिकूडं किट्ठुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना, तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं चत्तारि सागरोवमाइं ठिइं प० । तेणंदेवा चउण्हद्धमासाणं आणमंतिवा, पाणमंतिवा, ऊससंतिवा नीससंतिवा; तेसिं देवाणं चउहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥४॥ अत्थेगइआ भवसिद्धिया जीवा जे चउहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्व दुक्खाणं अंतंकरिस्संति॥५॥ *

पंचकिरिया प० तं० काइया, अहिगराणिया, पाउसिआ, परितावणिया, पाणाइवाय

भावार्थ

देवलोक में कितनेक देवताओं की चार सागरोपम की स्थिति कही. तीसरे चौथे देवलोक में कृष्टि, सुकृष्टि, कृष्टिवर्त, कृष्टि प्रभ, कृष्टियुक्त, कृष्टि लेश्य, कृष्टिध्वज, कृष्टिशृंग, कृष्टि सिद्ध, कृष्टि कूट, कृष्टिकावतंस नामक विमान में उत्पन्न होनेवाले देवताओं की उत्कृष्ट चार सागरोपम की स्थिति कही. उक्त देवताओं चार पक्ष अर्थात् दो मास में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को चार हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ४ ॥ कितनेक भव सिद्धिये जीव चार भव करके सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ ५ ॥ चौथा समवायांग संपूर्ण ॥ ४ ॥

* * *

काया आदिका व्यापार सो क्रिया उस के पांच भेद १ काया से जो कार्य कियाजावे सो कायिकी

किरिया ॥ १ ॥ पंचमहव्वया प० तं० सव्वाओ पाणाइवायाओ वेरमणं, सव्वाओ मुसावायाओ वेरमणं, सव्वाओ अदत्तादाणाओ वेरमणं, सव्वाओ मेहुणाओ वेरमणं, सव्वाओ परिग्गहाओ वेरमणं ॥ २ ॥ पंचकामगुणा प० तं० सद्दा, रूवा, रसा, गंधा, फासा ॥ ३ ॥ पंच आसवदारा प० तं० मिच्छत्तं, अविरई, पमाया, कसाया जोगा ॥ ४ ॥ पंच संवरदारा प०तं०सम्मत्तं विरई, अप्पमत्तया, अकसाया, अजोगया; ॥ ५ ॥ पंचनिज्जरट्ठाणा प० तं० पाणाइवायाओ वेरमणं, मुसावायाओ,

भावार्थ क्रिया, २ खड्गादि शस्त्र से की जावे सो अधिकरणकी, ३ मत्सरभाव से जो क्रिया होवे सो प्रद्वेषिकी, ४ अन्य के प्राणों को परिताप दुःख उपजाना सो पारितापनिकी क्रिया, और ५ प्राणोंका नाश करना सो प्राणातिपाति की क्रिया ॥ १ ॥ पांच महाव्रत १ सर्वथा प्रकार से प्राणातिपात से निवर्तना, २ सर्वथा प्रकार से मृषावाद से निवर्तना, ३ सर्वथा प्रकार से अदत्तादान से निवर्तना ४ सर्वथा प्रकार से मैथुन से निवर्तना और ५ सर्वथा प्रकार से परिग्रह से निवर्तना ॥ २ ॥ पांच कामगुण कहे हैं शब्द, रूप, गंध, रस व स्पर्श ॥ ३ ॥ कर्म आने के द्वार को आश्रव कहते हैं. उस के पांच भेद कहे हैं. १ मिथ्यात्व सो विपरीत श्रद्धना २ अविरत सो अप्रत्याख्यान ३ प्रमाद ४ क्रोधादि कषाय और ५ मनादि जोग ॥ ४ ॥ आते कर्मों को रोकनेवाला संवर गिनाजाता है १ सम्यक्त्व सो शुद्ध श्रद्धा २ व्रत सो प्रत्याख्यान ३ अप्रमाद ४ अकषाय, और ५ अयोग सो खराब योगों का रूंधन ॥ ५ ॥ जीव के प्रदेश से कर्म पुद्गलोंका दूर

सूत्र

आदिन्नादाणाओ,मेहुणाओवेरमणं परिग्गहाओ वेरमणं ॥६॥ पंच समिईओ प० तं० ईरियासमिई, भासासमिई, एसणासमिई,आयाण भंडमत्तनिक्खेवणासमिई, उच्चारपा-सवणखेलसंधाणजल्लपरिट्ठावणियासमिई ॥ ७ ॥ पंच अत्थिकाया प० तं० धम्म-त्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए ॥ ८ ॥ रोहणी नक्खत्ते पंचतारे प० पुणव्वसु नक्खत्ते पंचतारे प० हत्थ नक्खत्ते पंचतारे प० । विसाह–धणिट्ठा नक्खत्ते पंचतारे प० ॥ ९ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए

भावार्थ

करना उसे निर्जरा स्थान कहते हैं उस के पांच भेद कहे हैं १ प्राणातिपात से निवर्तना २ मृषावाद से निवर्तना ३ अदत्तादान से निवर्तना ४ मैथुन से निवर्तना व ५ परिग्रह से निवर्तना ॥ ६ ॥ सावधानपना से कार्य करना उसे समिति कहते हैं. उस के पांच भेद कहे हैं १ नीचे देख कर चलना सो ईर्या समिति, २ विचार पूर्वक निर्वद्य वचन बोलना सो भाषा समिति, ३ निर्दोष आहार की गवेषणा करना सो एषणा समिति ४ आदान भंडोपकरण पात्रादि यत्ना पूर्वक रखना सो आयाण भंडमत्त निक्षेपना समिति और ५ लघुनीत बडी नीत वगैरह यत्ना पूर्वक परठना सो उच्चार पासवण खेल जल्ल परिस्थापनीय समिति ॥ ७ ॥ पांच अस्तिकाया कही. धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय,जीवास्ति काय व पुद्गलास्तिकाय॥८॥ रोहिणी, पुनर्वसु, हस्त, विशाखा, व धनिष्ठा नक्षत्र के पांच २ तारे कहे हैं ॥ ९ ॥ पहिली रत्नप्रभा नामक

अत्थेगइआणं नेरइयाणं पंचपलिओवमाइं ठिई प० । तच्चाएणं पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं पंचसागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं पंचपलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं पंचपलिओवमाइं ठिई प० । सणंकुमारमाहिंदेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं पंचसागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा वायं, सुवायं, वायवत्तं, पभंकरे, वायावत्तं, वायकंतं, वायवन्नं, वायलेसं, वायज्झयं, वायसिंगं, वायसिद्धं वायकूडं, वाउत्तरवडिंसगं, सूरं सुसूरं सूरावत्तं सूरप्पभं सूरकंतं सूरवन्नं सूरलेसं सूरज्झयं सूरसिंगं सूरसिद्धं सूरकूडं सूरुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं पंचसागरोवमाइं ठिई प० ॥ १० ॥ तेदेवाणं पंचण्हं अद्धमासाणं

भावार्थ पृथ्वी में कितनेक नारकी की स्थिति पांच पल्योपम की कही. तीसरी पृथ्वी में कितनेक नारकी की पांच सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार देवताओं की स्थिति पांच पल्योपम की कही. सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की पांच पल्योपम की स्थिति कही. सनत्कुमार माहेन्द्र देवलोक में कितनेक देवताओं की पांच सागरोपम की स्थिति कही. तीसरे चौथे देवलोक में वात, सुवात, वातप्रभ, वातावर्त, वातकान्त वात वर्ण, वातलेश, वातध्वज, वातशृंग, वातसिद्ध, वातकूट, वातोत्तरावतंसक और दूसरी तरफ में सूर, सुसूर, सूरावर्त, सूरप्रभ, सूरकान्त, सूरवर्ण, सूरलेश, सूरध्वज, सूरशृंग, सूरसिद्ध, सूरकूट, सूरोत्तरावतंसक इन चौबिस विमान में जो देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की

सूत्र

आणमंतिवा, पाणमंतिवा, ऊससंतिवा, नीससंतिवा तेसिणं देवाणं पंचहिं वाससहस्से-हिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ११ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे पंचहिं भव-ग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव अंतंकरिस्संति ॥ १२ ॥ ५ ॥ * *

छल्लेसाओ प० तं० कण्हलेसा, नीललेसा, काउलेसा तेउलेसा, पम्हलेसा, सुक्कलेसा, ॥ १ ॥ छ जीवनिकाया प० तं० पुढवीकाए, आउकाए, तेउकाए, वाउकाए, वणस्सइकाए, तसकाए,. ॥ २ ॥ छव्विहे बाहिरे तवोकम्मे प० तं० अणसणे, ऊ-

भावार्थ

उत्कृष्ट पांच सागरोपम की स्थिति कही ॥ १० ॥ जिन देवों की पांच सागरोपम की स्थिति है वे पांच पक्ष अर्थात् अढाइ मास में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को पांच हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ११ ॥ कितनेक भवसिद्धिये जीव पांच भव में सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ १२ ॥ यह पांचवा समवाय संपूर्ण ॥ ५ ॥ * *

छ लेश्या कही. १ बहुतकाले पुद्गलोंसे बनेहुवे परिणाम सो कृष्ण लेश्या, २ नीलरंगके पुद्गलोंका परिणाम सो नील लेश्या ३ अलसीके फूल सरिखे वर्णवाली कापोत लेश्या ४ लालरंगवाली तेजो लेश्या ५ पीले रंगके पुद्गलोंसे बनी हुइ पद्म लेश्या और ६ श्वेतरंगके पुद्गलों के परिणाम सो शुक्ल लेश्या ॥ १ ॥ छ जीवनिकाय कही. १ पृथ्वीकाय २ अप्काय ३ तेउकाय, ४ वायुकाय ५ वनस्पतिकाय. व ६ त्रसकाय,

सूत्र

पोयरिया, वित्तीसंखेवो, रसपरिच्चाओ, कायकलेसो, संलीणया ॥ ३ ॥ छव्विहे अब्भितरे तवो कम्मे प० तं० पायच्छित्तं, विणओ, वेयावच्चं, सज्झाओ, झाणं,

भावार्थ

॥ २ ॥ छ प्रकार के बाह्यतप शरीरशोषन रूप कहे. १. अनशन सो नौकारसी आदितप २ ऊणोदरी सो जितनी रुचि होवे उतना आहार न करे परंतु थोडाकम आहार करे ३ वृत्तिसंक्षेप सो इच्छाका रुंधन कर भिक्षामे मीलते हुवे पदार्थोंसे संतोष रखे ४ रसपरित्याग सो घृतादि विगयका त्याग करे ५ कायक्लेश सो कायाको कष्ट पहुंचाना और ६ संलीनता सो कषायोंको पतली करना ॥ ३ ॥ आंतरिक मलिनता का दूर करना सो आभ्यंतर तप. उसके छ भेद कहे. १. पाप की आलोचना करना सो प्रायश्चित २ गुरु पूज्य वगैरहका सत्कार करना सो विनय ३ गुरु वगैरह की सुश्रुषा करना सो वैयावृत्य ४ जिणप्रणीत सूत्रोंका अध्ययन करना सो स्वाध्याय ५ एकाग्रचित्तसे मनन करना सो ध्यान और ६ कायाको स्थिर रखकर शुभध्यान में रमण करना सो कायोत्सर्ग ॥ ४ ॥ जीवप्रदेशसे कर्म पुद्गलों को प्रबलपना से दूरकरना सो समुद्घात. छद्मस्थजीवों को छ समुद्घात होती हैं. १. आगामिक काल में अनुभवने योग्य वेदनीय कर्म के पुद्गलोंकी उदीरणा कर के जीव प्रदेशसे दूर करे सो वेदनीय समुद्घात २ कषाय के पुद्गलों को निर्जरे सो कषाय समुद्घात ३ आयुष्य के कर्म पुद्गल को निर्जरे सो मारणान्तिक समुद्घात ५ वैक्रेय समुद्घात करके जीव के प्रदेश को शरीर से बाहिर नीकाल कर शरीर को लम्बा

सूत्र

उरगस्सा ॥ ४ ॥ छ छाउमत्थिया समुग्घाया प० तं० वेयणासमुग्घाए, कसायसमुग्घाए, मारणंतिअसमुग्घाए, विउव्वियसमुग्घाए, तेयसमुग्घाए, आहारगसमुग्घाए, ॥ ५ ॥ छव्विहे अत्थुग्गहे प० तं० सोइंदिय अत्थुग्गहे चक्खुइंदिय अत्थुग्गहे, घाणिंदिय अत्थुग्गहे, जिब्भिंदिय अत्थुग्गहे, फासिंदिय अत्थुग्गहे णोइंदियअत्थुग्गहे ॥ ६ ॥ कत्तियानक्खत्ते, छतारे प० ॥ असलेसानक्खत्ते छतारे प० ॥ ७ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं छपलिओवमाइं ठिई

भावार्थ

चौडा बनावे और वैक्रेय नामकर्म के स्थूल पुद्गलों की निर्जरा करे सो वैक्रेय समुद्घात ५ तेजो लेश्या प्रगट करके तेजसके पुद्गलों की निर्जरा करे सो तेजस समुद्घात और ६ पूर्वधर मुनि संदेह की निवृत्ति के लिये आहारक समुद्घात करता हुवा आहारक शरीरके पुद्गलों की निर्जरा करे ॥ ५ ॥ सामान्य प्रकार से अर्थका ग्रहण करना सो अर्थावग्रह उसके छ भेद १ श्रोतेन्द्रिय से सामान्य प्रकारका अर्थ ग्रहण करना सो श्रोतेन्द्रिय अर्थावग्रह २ चक्षुइन्द्रियका अर्थावग्रह ३ घ्राणेन्द्रियका अर्थावग्रह ४ रसेन्द्रियका अर्थावग्रह ५ स्पर्शेन्द्रियका अर्थावग्रह और ६ मनका अर्थावग्रह ॥ ६ ॥ कृत्तिका व अश्लेषा नक्षत्रके छ २ तारे कहे हैं ॥ ७ ॥ रत्नप्रभा नामक नरक में कितनेक नेरयोंकी छ पल्योपम की स्थिति कही. तीसरी

१०। वालुयप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं छसागरोवमाइं ठिई प० ॥ असुर कुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं छपलिओवमाइं ठिई प० सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं छपलिओवमाइं ठिई प० ॥ सणंकुमार माहिंदेसुकप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं छसागरोवमाइं ठिई प० ॥ जेदेवा सयंवाई, सयंभू, सयंभूरमणं, घोसं-सुघोसं महाघोसं, किट्ठिघोसं, वीरं, सुवीरं, वीरगंतं, वीरसेणियं; वीरवत्तं, वीरप्पभं, वीरकंतं वीरवन्नं, वीरलेसं वीरसिंगं, वीरसिद्धं, वीरकूडं, वीरुत्तरवडिंसगं. विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिं देवाणं उक्कोसेणं छसागरोवमाइं ठिई प० । तेणंदेवा छण्हं अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ तेसिं देवाणं छहिंवाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ८ ॥

भावार्थ

वालुप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नेरयों की छ सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवताओंकी छ पल्योपम की स्थिति कही. सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की छ पल्योपम की स्थिति कही. सनत्कुमार माहेन्द्र देवलोक में कितनेक देवताओं की छ सागरोपम की स्थिति कही. स्वयंवादी, स्वयंभु स्वयंभूरमण, घोष, सुघोष, महाघोष, कृष्टिघोष, वीर, सुवीर, वीरगत, वीरसेनिक, वीरावर्त, वीरप्रभ, वीरकान्त, वीरवर्ण, वीरध्वज, वीरश्रृंग, वीरसिद्ध, वीरकूट, वीरावतंसक इन विमानों में जो देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट छ सागरोपम की स्थिति कही. ये देवताओं छ पक्षमें

सूत्र

संलेगाश्या भवसिद्धिया जीवा जे सत्तहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्व दुक्खा-
णमंतंकरिस्संति ॥ ६ ॥

सत्तभयट्ठाणा प० तं० इहलोगभए, परलोगभए, आदाणभए, अकम्हाभए, आजी-
वभए, मरणभए, असिलोगभए सत्तसमुग्घाया प० तं० वेयणासमुग्घाए क-
सायसमुग्घाए, मारणंतियसमुग्घाए, वेउव्वियसमुग्घाए, तेयसमुग्घाए, आहारगसमुग्घाए,
केवलिसमुग्घाए ॥ १ ॥ समणे भगवंमहावीरे सत्तरयणीओ उड्ढंउच्चत्तेणंहोत्था

भावार्थ

श्वास लेते हैं और छ हजार वर्ष में उन को आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. ॥८॥ कितनेक भवी जीव छ भवकरके सिद्धि पावत् सब दुःखोंसे मुक्त होवेंगे ॥ ९ ॥ छठा समवाय संपूर्ण ॥ ६ ॥

सात भयके स्थानक कहे हैं. १ स्वजातिसे भय होवे सो इहलोक भय २ अन्यसे भय उत्पन्न होवे सो परलोक भय ३ द्रव्य आश्रित भय उत्पन्न होवे सो आदान भय ४ किसी संयोगविना एकाएक भय उत्पन्न होवे सो अकस्मात्भय ५ आजीविका की प्राप्तिकेलिये चिन्ता सो आजीविकाभय, ६ मरणभय और अपकीर्तिकाभय. सातप्रकारकी समुद्घात कही १ वेदनासमुद्घात, कषायसमुद्घात, मारणांतिकसमुद्घात वैक्रेयसमुद्घात, तेजससमुद्घात, आहारकसमुद्घात, केवलीसमुद्घात. ॥ १ ॥ श्री श्रमणभगवंत महावीर

सूत्र

॥ २ ॥ सत्तवासहर पव्वया प० तं० चुल्लहिमवंते, महाहिमवंते, निसढे, नीलवं- ते, रूपी, सिहरी, मंदरे, सत्तवासा प० तं० भरहे, हेमवए, हरिवासे, महाविदेहे, रम्मए, एरण्णवए, एरवए, ॥ ३ ॥ खीणमोहेणं भगवया मोहणिज्जवज्जाओ सत्तकम्मपयडीओ वेएइ ॥ ४ ॥ महानक्खत्ते सत्ततारे प० । कत्तिआइआ सत्त- नक्खत्ता पुव्वदारिआ प० । महाइआ सत्तनक्खत्ता दाहिणदारिआ प० । अणुराहाइ-

भावार्थ

स्वामी के शरीरकी अवगाहना सात हाथकी थी ॥ २ ॥ सातवर्षधर पर्वतकहे १ चुल्लहिमवंतपर्वत २ महाहिमवंत ३ निषध ४ नीलवंत ५ रूपी ६ शिखरी और ७ मंदर. सात क्षेत्र कहे हैं १ भरत २ हेमवय ३ हरिवर्ष, ४ महाविदेह ५ रम्यकवर्ष ६ एरणवय और ७ ऐरवय. ॥ ३ ॥ क्षीणमोहनीय गुणस्थानवर्ती भगवंत मोहनीयकर्म छोडकर सात कर्मप्रकृति वेदते हैं १ ज्ञानावरणीय. २ दर्शणावरणीय ३ वेदनीय, ४ आयुष्य ५ नाम ६ गोत्र और ७ अंतराय ॥ ४ ॥ मघानक्षत्रके सात तारे गाडेके आकार मे कहे हैं १ कृत्तिका, २ रोहिणी ३ मृगशिर, ४ आर्द्रा, ५ पुनर्वसु, ६ पुष्य और ७ अश्लेषा ये सात नक्षत्र पूर्वद्वार वाले हैं और पूर्वदिशामें जाने वालेको मंगल कर्त्ता है. मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी हस्त चित्रा, स्वाति, और विशाखा, ये सात नक्षत्रों दक्षिणद्वार वाले हैं अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढा

सूत्र

आ सत्तनक्खत्ता अवरदारिया प० । धणिट्ठाइआ सत्तनक्खत्ता उत्तरदारिया प० । (पाठांतरण-अभीयाइया सत्तनक्खत्ता प०)॥ ५ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं सत्तपलिओवमाइं ठिई प० । तच्चाएणं पुढवीए नेरइयाणं उक्कोसेणं सत्तसागरोवमाइं ठिई प० । चउत्थीएणं पुढवीए नेरइयाणं जहन्नेणं सत्तसागरोवमाइं ठिई प० । असुर कुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं सत्तपलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसुकप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं सत्तपलिओवमाइं ठिई प० । सणंकुमारेकप्पे देवाणं उक्कोसेणं सत्तसागरोवमाइं ठिई प० । माहिंदे कप्पे उक्कोसेणं साइरेगाइं सत्तसागरोवमाइं ठिई प० । बंभलोएकप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं

भावार्थ

पूर्वाभाद्रपद, ४ उत्तराभाद्रपद, ५ रेवती, ६ अश्विनी और ७ भरणी यह सात नक्षत्र उत्तरद्वार वाले हैं. कितनेक आचार्य अभिजियादि सात नक्षत्र पूर्वद्वारवाले वगैरह पाठ देखने में आता है. ॥५॥ इस रत्नप्रभा नामक पृथ्वीमें कितनेक नारकी की सात पल्योपमकी स्थिति कही, तीसरी नारकी में नेरयोंकी उत्कृष्ट स्थिति सातसागरोपम की कही. चतुर्थ नारकी में नरयोंकी जघन्य सात सागरोपमकी स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार देवताओंकी सात पल्योपमकी स्थिति कही. सौधर्म व ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की सात पल्योपमकी स्थिति कही. सनत्कुमार देवलोक में देवोंकी उत्कृष्ट सात सागरोपम की स्थिति कही. महेन्द्र देवलोक मे देवताओंकी

मूल

सत्तसागरोवमाई ठिई प० । जे देवा समं समप्पभं, महप्पभं, पभासं, भासुरं, विमलं, कंचणकूडं सणंकुमारवडिंसगं विमाणं देवताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं सत्तसागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा सत्तण्हं अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं सत्तहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ६ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे सत्तहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाण मंतंकरिस्संति॥७॥*

अट्ठमयट्ठाणा प० तं० जातिमए, कुलमए, बलमए, रूवमए, तवमए, सुयमए,

भावार्थ

उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपमकी कही. ब्रह्मदेवलोकमें कितनेक देवताओं की उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपमकी कही. सनत्कुमार देवलोक में जो देवता सम, समप्रभ, महाप्रभ, प्रभास, भासुर, विमल, कंचनकूट, सनत्कुमारावतंसक इन आठ विमान में देवतापने उत्पन्न होते हैं. उनकी उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपमकी है. उक्त देवों सात पक्षों श्वासोश्वास लेते हैं और उनको सातहजार वर्ष में आहारकी इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ६ ॥ कितनेक भव सिद्धिये सात भवमें सिद्ध होंगे यावत सब दुःखका अंत करेंगे ॥ ७ ॥ यह सातवा समवाय संपूर्ण हुवा ॥ ७ ॥ *

* *

आठ मद के स्थानक कहे हैं. १ जाति मद सो मातृपक्ष का अभिमान २ कुलमद सो पितृपक्ष का अभिमान ३ बलमद सो शरीर के बल का मद ४ रूपमद सो सौंदर्यपना का ५ तप मद सो तपश्चर्या करना उस का अभिमान ६ श्रुतमद सो शास्त्र का मद ७ लाभमद सो फल प्राप्ति का मद और

समुग्घाए प० तं० पढमे समए दंडंकरेइ बीएसमए कवाडं करेइ, तइए समए मंथं करेइ, चउत्थसमए मंथंतराइ पूरेइ, पंचमे समए मंथंतराइ पडिसाहरइ, छट्ठे समए मंथं पडिसाहरइ, सत्तमे समए कवाडं पडिसाहरइ, अट्ठमेसमए दंडं पडिसाहरइ. तत्तोपच्छा सरीरत्थे भवइ ॥ ५ ॥ पासस्सणं अरिहा पुरिसादाणिअस्स अट्ठगणा अट्ठगणहरा होत्था तं० (गाथा) सुभेय सुभघोसेय, वसिट्ठे बंभयारिय; सोमेसिरिधरेचेव,

प्रदेश को बाहिर नीकालकर दंडाकार बनावे. अर्थात् नीचे सातवी नरक व ऊंचे लोकान्त तक आत्म प्रदेशको विस्तारे २ दूसरे समय में कपाट करे सो दक्षिण लोकान्त तक प्रदेश भरे ३ तीसरे समय में मंथन करे सो पूर्व पश्चिम लोकान्त पूरे ४ चौथे समय में चारों दिशि के आंतरे पूरे ५ पांचवे समय में जो आंतरे पूरे हुवे होवे उने साहरे अर्थात् पीछे खींचे ६ छठे समय में मंथन साहरे ७ सातवे समय में कपाट साहरे और ८ आठवे समय में दंड साहरे पीछे मूल शरीर होजावे ॥ ५ ॥ श्री पुरुषादानि पार्श्वनाथ स्वामी को आठ गण व आठ गणधर थे. १ शुभ २ शुभघोष ३ वसिष्ट ४ ब्रह्मचर्य ५

१ श्री पार्श्वनाथ स्वामी को स्थानांग सूत्र में आठ गणधर ग्रहण किये हैं. मात्र आवश्यक सूत्र में दस गणधर हैं. परन्तु इन में से दो गणधर अल्प आयुष्यवाले होने से यहां आठ को ग्रहण किये हैं.

सूत्र

वीरभद्दे जसेइय (१) ॥ ६ ॥ अट्ठनक्खत्ता चंदेणं सद्धिं पमद्दं जोगं जोएति तं॰ कत्तिया, रोहिणी, पुणव्वसु, महा, चित्ता, विसाहा, अणुराहा, जेट्ठा ॥ ७ ॥ इमीसेणं रयणप्पहाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं अट्ठपलिओवमाइं ठिई प॰ चउत्थीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं अट्ठसागरोवमाइं ठिई प॰ । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं अट्ठपलिओवमाइं ठिई प॰। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाण देवाणं अट्ठपलिओवमाइं ठिई प॰ । बंभलोएकप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं अट्ठसागरोवमाइं ठिई प॰ । जेदेवा अच्चिं, अच्चिमालिं, वत्तिरोयणं, पभंकरं, चंदाभं, सूराभं, सुपइट्ठाभं, अग्गिचाभं, रिट्ठाभं, अरुणाभं अरुणुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए

भावार्थ

सोम ६ श्रीधर ७ वीर भद्र और ८ यशो भद्र ॥ ६ ॥ कृत्तिका, रोहिणी, पुनर्वसु, मघा, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, और ज्येष्ठा ये आठ नक्षत्रों चंद्रमाकी साथ प्रमर्दक योग करते हैं ॥ ७ ॥ रत्नप्रभा नामक नारकी में कितनेक नेरयों की आठ पल्योपम की स्थिति कही. चौथी पृथ्वी में कितनेक नेरयों की आठ सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवताओं व सौधर्म ईशान देवलोक में रहनेवाले कितनेक देवों की आठ पल्योपम की स्थिति कही. ब्रह्मदेवलोक में कितनेक देवों का आयुष्य आठ सागरोपम का कहा. पांचवा ब्रह्मदेवलोक में अर्चि, अर्चिमाली, वैरोचन, प्रभंकर, चंद्राभ, सूराभ, सुप्रतिष्ठाभ, अग्निराभ, रिष्ठाभ,

मूल

उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं अट्ठसागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा अट्ठण्हं अद्ध-मासाणं आणमंतिवा ९ । तेसिणं देवाणं अट्ठहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ८ ॥ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे अट्ठहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव अंतंकरिस्संति ॥ ८ ॥

* * *

नवबंभचेरगुत्तीओ प० तं० नो इत्थीपसुपंडगसंसत्ताणि सिज्जासणाणि सेवित्ता भवइ, नो इत्थीणं कहंकहित्ता भवइ, नोइत्थीणं ठाणाइंसेवित्ता भवइ, णो इत्थीणं इंदियाणि मणोहराइं मणोरमाइं आलोइत्ता निज्झाइत्ता, नो पणीयरसभोई, नो पाणभो-

भावार्थ

भवनाम और भवगोत्रावत्त के नामक विमानों में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन का आयुष्य उत्कृष्ट आठ सागरोपम का कहा. उक्त देवो आठ पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को आठ हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ८ ॥ कितनेक भवी जीव आठ भव करके सिद्ध होंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ ९ ॥ अष्टम स्थान समाप्त ॥ ८ ॥

×

\+

नव ब्रह्मचर्यगुप्ति कही १ स्त्री पशु पंडक युक्त शयनासन सेवे नहीं २ स्त्रीकी कथावार्ता करे नहीं ३ स्त्री के स्थान सेवनेवाला होवे नहीं ४ स्त्री की मनोहर मनोरम इन्द्रियों देखे नहीं ५ प्रणीत—स्निग्ध रसका आहार करे नहीं ६ पानी भोजन वगैरह का अधिक आहार करे नहीं ७ स्त्री से पूरित कामभोगों

सूत्र

पणरस अइमायाए आहारइत्ता, नोइत्थीणं पुव्वरयाइं पुव्वकीलियाइं समरइत्ता भवइ, नो सद्दाणुवाई, नो रूवाणुवाई, नोगंधाणुवाई, नोरसाणुवाई, नोफासाणुवाई, नोसिलोगाणुवाई, नो सायासोक्खपडिबद्धेयावि भवइ। नवबंभचेर अगुत्तीओ प० तं० इत्थीपसुपंडग संसत्ताणं सिज्जासणाणं सेवणया जाव सायासुक्खपडिबद्धयावि भवइ। नवबंभचेरा प० तं० सत्थपरिण्णा, लोगविजओ, सीओसणिज्जं, सम्मत्तं, आवंती, धुतं, विमोहायणं, उवहाणसुत्तं, महपरिण्णा ॥ १ ॥ पासेणं अरहा पुरिसादाणीए नवरयणीओ उड्ढंउच्चत्तेणं होत्था ॥ २ ॥ अभीजि नक्खत्ते साइरेगे नवमुहुत्ते चंदेणं

भावार्थ

को याद करे नहीं, ८ विकार उत्पन्न होवे वैसे शब्द, रूप, रस, गंध व स्पर्शका अनुरागी बने नहीं [illegible] की श्लाघा प्रशंसा करे नहीं और ९ सुख साताका गवेषी बने नहीं. नव प्रकार से ब्रह्मचर्य की अगुप्ति कही. स्त्री, पशु पंडग युक्त शय्यासन सेवे यावत् सुखका अभिलाषी बने. आचारांग सूत्रका ब्रह्मचर्य अध्ययन नामक प्रथम श्रुत स्कंधके नव अध्ययन कहे हैं. १ शस्त्रपरिज्ञा २ लोकविजय. ३ शीतोष्णीय. ४ सम्यक्त्व ५ आवंती ६ लोकसार अथवा धूताख्य ७ मोह ८ उपधान श्रुत ९ महापरिज्ञा ॥ १ ॥ पुरुषादाणी श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर के शरीर की अवगाहना नव हाथकी थी ॥ २ ॥ १ अभीचि, २ श्रवण, ३

भावार्थ

रा.द जोगं जोएइ, । अभीजियाइया नव नक्खत्ता चंदरस उत्तरेणं जोगं जोएइ, तं० अभीजि सवणो जाव भरणी ॥ ३ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए बहु समरमणिज्जाओ भूमिभागाओ नवजोयणसए उड्ढं आबाहए उवरिल्ले तारारूवे चारंचरइ ॥ ४ ॥ जंबूद्दीवेणंदीवे नवजोयणियामच्छा पविसिसुवा पविसंतिवा, पविसिस्संतिवा ॥ ५ ॥ विजयस्सणं दारस्स एगमेगाए बाहाए नवनव भोमा प० ॥ ६ ॥

घा ष्टा, ४ शताभिषा ७ पूर्वभाद्रपद ३ उत्तर भाद्रपद ७ रेवती ८ अश्विनी और १ भरणी ये नव नक्षत्र नव मुहूर्त कुछ अधिक चंद्रमाकी साथ उत्तर में योग करते हैं ॥३॥ रत्नप्रभा नामक पहिली पृथ्वीका बहुत रमणिक भूमिभागसे नवसो योजन ऊंचे तारा मंडल फीरते है ॥ ४ ॥ जम्बूद्वीप में नव योजन के लम्बे मत्स्य लवण समुद्र में से आते हैं.* पूर्वदिशाका विजयद्वार को एक २ बाजुपर नव २ भोमा नगर हैं

१ ७९० योजन ऊंचे तारे १० योजन सूर्य, वहांसे ८० योजन चंद्र, वहांसे ४ योजन नक्षत्र, वहांसे ४ योजन बुध, वहांसे ३ योजन शुक्र, वहांसे ३ योजन गुरु,वहांसे ३ योजन मंगल,और वहांसे ३ योजन शनैश्चर. ये सब मीलकर ९०० योजन हुवा.

*टि—यद्यपि लवण समुद्र में पांचसो योजन के मत्स्य हैं परंतु जगतिके नीचेके नालेका छिद्र छोटा होनेसे मात्र ९ योजन के ही मत्स्य लवण समुद्र की खाडी में आसकते हैं.

सूत्र

वाणमंतराणं देवाणं सभाओ सुहम्माओ नवजोयणाइं उड्ढंउच्चत्तेणं प० ॥ ७ ॥ दंसणावरणिज्जस्सणं कम्मस्स नवउत्तरपगडीओ प० तं० निद्दा, निद्दानिद्दा, पयला, पयलापयला, थीणद्धी, चक्खुदंसणावरणे, अचक्खुदंसणावरणे, ओहिदंसणावरणे, केवलदंसणावरणे ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं णेरइयाणं नवपलिओवमाइं ठिई प० । चउत्थीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं नवसागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं नवपलिओवमाइं ठिई प०॥ सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं नवपलिओवमाइं ठिई प० । बंभलोए

भावार्थ

अथवा उत्तर ईशान है ॥ ६ ॥ वाणव्यंतर देव की सुधर्मा सभा नव योजन की ऊंची कही. ॥ ७ ॥ दर्शनावरणीय कर्म की नव उत्तर प्रकृति कही. १ निद्रालेकर सुखसे जागृत होवे सो निद्रा २ दुःख से जागृत होवे सो निद्रा निद्रा ३ बैठे २ निद्रा आवे सो प्रचला ४ चलते २ निद्रा आवे सो प्रचलाप्रचला ५ अर्द्धवासुदेव जितना बलवाले को जो निद्रा आवे सो स्त्यानगृद्धि निद्रा. ६ चक्षु दर्शनावरण ७ अचक्षु दर्शनावरण, ८ अवधि दर्शनावरण और केवल दर्शनावरण ॥ ८ ॥ इस रत्न प्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नेरयों की नव पल्योपम की स्थिति कही. चौथी नारकी में कितनेक नेरयों की नव सागरोपमकी स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार देवता और सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवोंका नव पल्योपमकी

... ठिइ प० । जेदेवा पम्हं, सुपम्हं, पम्हाव-
त्तं, पम्हप्पभं, पम्हकंतं, पम्हवण्णं, पम्हलेसं, पम्हज्झयं, पम्हसिंगं, पम्हसिद्ध, पम्हकूडं
पम्हुत्तरवडिंसगं, तहा सुज्जं, सुसुज्जं, सुज्जावत्तं, सुज्जकंतं, सुज्जप्पभं, सुज्जलेसं, सुज्ज-
वण्णं, सुज्जज्झयं, सुज्जसिंगं, सुज्जसिद्धं सुज्जकूडं सुज्जुत्तरवडिंसगं रुइलं रुइलावत्तं रुइल
प्पभं रुइलेसं रुइलवण्णं जाव रुइलुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं नव
सागरोवमाइं ठिइ प० । तेणं देवा नवण्हं अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं नवहिंवा

भावार्थ

आयुष्य कहा. ब्रह्मदेवलोक में कितनेक देवता की नव सागरोपम की स्थिति कही. ब्रह्मदेवलोक में जो देवता १ पक्ष्म २ सुपक्ष्म ३ पक्ष्मावर्त ४ पक्ष्मप्रभ, ५ पक्ष्मकान्त ६ पक्ष्मवर्ण ७ पक्ष्मलेश ८ पक्ष्मध्वज ९ पक्ष्मशृंग १० पक्ष्मसिद्ध ११ पक्ष्मकूट १२ पक्ष्मोत्तरावतंसक १४ सूर्य १५ सुसूर्य सूर्यावर्त १६ सूर्यप्रभ १७ सूर्यकान्त १८ सूर्यवर्ण, १९ सूर्यलेश २० सूर्यध्वज २१ सूर्यशृंग २२ सूर्यसिद्ध २३ सूर्यकूट २४ सूर्यो-त्तरावतंसक २५ रुचिर २६ रुचिरावर्त २७ रुचिरप्रभ २८ रुचिरकान्त २९ रुचिरवर्ण ३० रुचिरलेश ३१ रुचिरध्वज ३२ रुचिरशृंग ३३ रुचिर सिद्ध ३४ रुचिरकूट ३५ रुचिरावतंसक इन विमानों में जो देव देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की नव सागरोपम की स्थिति कही. उक्त देवों नवपक्ष में श्वासोश्वास

सूत्र

ससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ । संतेगइया भवसिद्धियाजीवा जे नवहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाण मंतंकरिस्संति ॥ १ ॥ * *

दसविहे समण धम्मे प० तं० खंती, मुत्ती, अज्जवे, मद्दवे, लाघवे, सच्चे, संजमे, तवे, चियाए, बंभचेरवासे ॥ दसचित्त समाहि ट्ठाणा प० तं० धम्मचिंतावासे, असमुप्पन्न पुव्वे, समुप्पज्जिज्जा सव्वं धम्मं जाणित्तए, सुमिण दंसणेवासे, असमुप्पन्न पुव्वे

भावार्थ

रहते हैं, और नव हजार वर्ष में आहार करते हैं. कितनेक भवसिद्धिये जीव नव भव करके सिद्ध होवेंगे यावत् सर्व दुःखोंका अंतकरेंगे यह नवरा समवाय समाप्त ॥ २ ॥ * *

दश प्रकार का साधु धर्म कहा है. क्षमा, मुक्ति, ऋजुता, मृदुता, लघुता, सत्य, संयम, तप, त्याग, व ब्रह्मचर्य. दश प्रकार का चित्तका समाधि स्थानक कहा. १. जीवादिक पदार्थका उत्पन्न व विनाश रूप स्वभाव सो स्वभाव धर्म और श्रुत चारित्र रूप धर्म इनका स्वरूप गत कालमें जानने में नहीं आया व वर्तमानमें जानने में आया जिसने उसही चिन्तवना में तल्लीन बने और फीर जानने योग्य जाने व छोडने योग्य छोडे २ कल्याण कारी स्वप्न देखना कि जो स्वप्न पहिले देखनेमें नहीं आया ऐसा यथातथ्य सोलह स्वप्न जिनसे शुभफलकी प्राप्ति होवे भगवती सूत्र में कहे हैं उन में से कोइ भी स्वप्न देखने में आवे और जैसे महावीर स्वामी को छद्मस्थ अवस्था को अन्तिम रात्रि में दश स्वप्न आये ऐसे फलदेने वाले स्वप्न देखकर चित्त की स-

भावार्थ

ज्जा । अहातच्चं सुमिणं पासित्तए, सन्निनाण वासे असमुपन्नपुव्वे समुपज्जि-ज्जा, पुव्वभवे सुमरित्तए देव दंसणेवासे असमुपन्न पुव्वे समुपज्जिज्जा. दिव्वं देव-ड्ढि दिव्वं देवजुत्तं, दिव्वं देवाणुभावं पासित्तए, ओहिनाणेवासे असमुपन्नपुव्वे समुप-ज्जिज्जा. ओहिणा लोगं जाणित्तए, ओहिदंसणे वासे असमुपन्न पुव्वे समुपज्जिज्जा, ओहिणा लोगं पासित्तए, मणपज्जवनाणेवासे असमुपन्न पुव्वे समुपज्जिज्जा जावमणोग-

माधि को प्राप्त होवे ३ संज्ञिज्ञान सो पहिले किये हुवे संज्ञीके २०० भवतक जान सके ऐसा जाति स्मरण ज्ञान कि जो पहिले नहीं प्राप्त हुवा ऐसा उत्पन्न होवे जिस से पूर्व भव याद करने के लिये पूर्व भवयाद करे और विशेष वैराग्य उत्पन्न होवे यह तीसरा चित्त समाधि स्थानक. ४ देवता के दर्शन कि जो पहिले न हुवा होवे ऐसे देवताकी महाऋद्धि परिवार शक्ति, कान्ति, विशिष्ट शरीर आभरणादिक की शोभा, देव संबंधी अनुभव व वैक्रेय बनाने की शक्ति देखकर धर्म में विशेष प्रीति करे जिनसे चित्तकी समाधि होवे यह चौथा चित्तकी समाधिका स्थानक कहा ५ अवधि ज्ञान कि जो पहिले नहीं उत्पन्न हुवा होवे वैसा अवधिज्ञान उत्पन्न होनेसे लोक के स्वरूप को जाने और इससे विशेष ज्ञान का प्रकाश होने से चित्त में समाधि होवे ६ अवधि दर्शन कि जो पहिले नहीं उत्पन्न हुवा होवे ऐसा उत्पन्न होवे उस से लोक के स्वरूप को देखने में समर्थ बने ७ मनःपर्यवज्ञान जो पहिले नहीं उत्पन्न हुवा वह उत्पन्न होवे जिससे अढाइ द्वीप के अंदर के संज्ञी पंचेन्द्रिय के मनोगत भाव जाने. जिससे

सूत्र

ए भावे जाणित्तए, केवलनाणे यासे असमुप्पन्न पुव्वे समुप्पज्जिज्जा केवलं लोगं जाणित्तए, केवलदंसणावासे असमुप्पन्नपुव्वे समुप्पज्जिज्जा केवलं लोगं पासित्तए, केवलि मरणं वा मरिज्जा सव्व दुक्खप्पहीणाए ॥ २ ॥ मंदरेणं पव्वए मूले दस जोयणं सहस्साई विक्खंभेणं प० अरिहाणं अरिट्ठनेमी दसधणुइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था, ॥ कण्हेणंवासुदेवे दसधणुइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था रामेणं बलदेवे दसधणुइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था ॥ ३ ॥ दसनक्खत्ता नाणवुड्ढिकरा प० तं० मिगसिर अद्दा पुस्सो,

भावार्थ

चित्त में समाधि होवे ८ केवलज्ञान कि पहिले नहीं उत्पन्न होवे वैसा केवलज्ञान उत्पन्न होने से लोकालोक का भाव जाने केवल दर्शन कि पहिले नहीं उत्पन्न हुवा वैसा केवल दर्शन प्राप्त होने से लोकालोकका स्वरूप देखे यह नवका समाधि स्थानक और १० केवलीका मृत्यु अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न हुवे पीछे आयुष्य का अंत होवे जिससे सब दुःखोंका क्षय होने का निश्चय हो जावे यह दशवाचित्तसमाधि स्थानक. ॥ २ ॥ मेरु पर्वत मूल में दश हजार योजन का चौडा कहा. श्री अरिष्टनाथ स्वामी के शरीर की अवगाहना दश धनुष्य कीथी. श्री कृष्ण वासुदेव व रामबलदेव के शरीर की अवगाहना दश धनुष्य की थी. ॥३॥ दश नक्षत्र ज्ञान की वृद्धि करने वाले हैं-१ मृगशर २ आर्द्रा ३ पुष्य ४ पूर्वाफाल्गुनी ५ पूर्वाषाढा ६ पूर्वाभाद्रपद

तिन्निअ पुव्वाइ मूल मस्सेसा, हत्थो चित्ताय तहा दसवुड्डिकरा य नाणस्स (१) ॥ ४ ॥ अकम्म भूमयाणं मणुआणं दसविहा रुक्खा उवभोगत्ताए उवत्थिया प० तं० मत्तंगयाय भिंगाय,तुडिअंगा दीव जोइ चित्तंगा, चित्तरसा मणिअंगा, गेहागारा अनिगिणाय (१) ॥ ५ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए नेरइयाणं जहन्नेणं दसवास सहस्साइं ठिई प०। इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं दसपलिओवमाइं ठिई प० चउत्थीए पुढवीए दसनिरयावास सहस्सा प० ॥ चउत्थीए पुढवीए नेरइआणं उक्कोसेणं दससागरोवमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए नेरइयाणं ज-

७ पूल ७ अश्लेषा ९. हस्त और १० चित्रा ॥ ४ ॥ अकर्मभूमिवाले मनुष्य को दशकल्पवृक्ष उपभोग में आते हैं १ मातंगक सो मद्य व पराक्रमवाली वस्तु देनेवाले, २ भृंग सो थाली वैगरह भाजन देनेवाले, ३ त्रुटितांग सो ४९ जातिके वादित्र सुनानेवाले ४ दीव सो दीपक समान प्रकाश करनेवाले, ५ जोइ सो सूर्य जैसी ज्योति करनेवाले ६ चित्तगा सो चित्र विविध पुष्प की मालाए देनेवाले ७. चित्तरसा विविध प्रकारके रसवाले भोजन देनेवाले ८ मणिअंग सो रत्न जडित सुवर्णाभूषण देनेवाले, ९ गेहगारा ४२ भूमि का प्रासाद देनेवाले व १० अनग्न के वायुसे उडे वैसे वस्त्र देनेवाले, ॥ ५ ॥ रत्नप्रभा नामक

सूत्र

हन्नेणं दससागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं जहन्नेणं दसवाससहस्साइं ठिई प० असुरिंदवज्जाणंभोमिज्जाणं जहन्नेणं दस वाससहस्साइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं दसपलिओवमाइं ठिई प० । बायरवणस्सइ काइयाणं उक्कोसेणं दसवाससहस्साइं ठिई प० । वाणमंतराणं देवाणं जहन्नेणं दसवास सहस्साइं ठिई प० । सोहम्मी साणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं दसपलिओवमाइं ठिई प० । बंभलोएकप्पे देवाणं उक्कोसेणं दस सागरोवमाइं ठिई प० । लंतएकप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं जहन्नेणं दस

भावार्थ

नरक में नेरयों की दश हजारवर्षकी जघन्य स्थिति कही. इस रत्नप्रभा पृथ्वी में कितनेक नेरयोंकी दश पल्योपमकी स्थिति. चौथी नरक में दशन्यारानरका वास कहे चौथी नरक में नेरयों का उत्कृष्ट आयुष्य दश सागरोपम का. और पांचवी नरक में नेरयोंका जघन्य आयुष्य दश सारोपमका कहा है. कितनेक असुरकुमार नामक देवताओं की जघन्य दश हजार वर्षकी स्थिति कही. असुरकुमार छोडकर अन्य सब भुवनपतिदेवको जघन्य दश हजार वर्षका आयुष्य कहा. कितनेक असुरकुमार देवताओंका दश पल्योपम का आयुष्य कहा. बादर वनस्पतिकाया की दश हजार वर्षकी उत्कृष्ट स्थिति कही. वाणव्यंतर देवताओं की जघन्य दश हजार

सूत्र

सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा घोसं सुघोसं महाघोसं, नंदिघोसं, सुसरं मणोरमं; रम्मं, रम्मगं; रमणिज्जं मंगलावत्तं, बंभलोगवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं दससागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवाणं दसण्हंअद्ध मासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं दसहिं वास सहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ । ॥ संतेगइआ भवसिद्धिया जीवा जे दसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जावसव्व दुक्खाण मंतं करिस्संति ॥ १० ॥ * * * *

भावार्थ

वर्षकी स्थिति कही. सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवोंकी दश पल्योपम की स्थिति कही. ब्रह्मदेवलोक में देवताओं की उत्कृष्ट दश सागरोपम की स्थिति कही. लंतक देवलोक में देवताओं की जघन्य स्थिति दश सागरोपम की कही. पांचवे देवलोक में घोष, सुघोष, महाघोष, नंदीघोष, सुस्वर, मनोरम, रम्य, रम्यक, रमणिक, मंगलावर्त, व ब्रह्मलोकावतंसक नामक विमानों में जो देव देवतापने उत्पन्न होते हैं उनका उत्कृष्ट दश सागरोपम का आयुष्य कहा. उक्त देवों दशपक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उनको दश हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ६ ॥ कितनेक भव्य जीव दश भव करके सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ ७ ॥ यह दशवा समवाय समाप्त हुवा ॥ १० ॥ + +

सूत्र

एक्कारस उवासगपडिमाउ प० तं० दंसण सावए, कयव्वयकम्मे, सामाइअकडे, पोसहोववासनिरए, दियाबंभयारी, रत्तिपरिमाणकडे, दिआवि राओवि बंभयारी, असिणाई,विअडभोई,मोलिकडे, सचित्तपरिन्नाए, आरंभपरिन्नाए, पेसपरिन्नाए,उद्दिट्ठभत्तपरि-

भावार्थ

अग्यारह श्रावक की प्रतिमा कही. १. दर्शन सम्यक्त्व प्रतिमा एक मासतक निर्मल सम्यक्त्व पाले. शंका कांक्षादि दोष लगे नहीं २ कृतव्रतकर्म सो दो मासतक बारह व्रत निर्मल पाले. अतिचार लगावे नहीं ३ सामायिक कृत सावद्य योगोंका वर्जनकरना व निरवद्य योगोंका सेवन करना सो सामायक तैसी सामायक तीन मासतक उभयकाल करे ४ पोषधोपवास सो चार मास तक मास के छ २ पोषध करे (२ अष्टमी २ चतुर्दशी व १ पूर्णिमा और १ अमावास्या) ५ पांच मासतक दिनको ब्रह्मचर्य पाले रात्रि की मर्यादा करे, रात्रिभोजन करे नहीं, स्नान करे नहीं, अष्टम्यादिक पर्वमें कायोत्सर्ग करे, धोती का कच्छ (लांग) वाले नहीं यह पांचवी प्रतिज्ञा. ६ छ मास तक नववाडविशुद्ध ब्रह्मचर्य पाले ७ सातवी सचित्त त्यागकी. सात मास तक सचित्त वस्तुका सेवन करे नहीं. ८ आरंभत्याग सो आठ मास तक सर्व प्रकार के आरंभ स्वयं करे नहीं ९ पेस्यारंभ प्रतिज्ञा नव मास तक अन्यकी पासभी आरंभ करावे नहीं. १० उद्दिष्टभक्त प्रतिज्ञामो दश महिने तक उद्देशिक आहार लेवे नहीं ११ श्रमणभूत प्रतिमा सो साधु जैसा वेश रखे मस्तक में शिखा (चोटी) रखे, रजोहरण की दांडी उघाडी रखे. और स्वजातिके घरों में भिक्षा

...भाए, समणभूएआवि भवइ ॥ १ ॥ समणाउसो ! लोगंताओ इक्कारसएहिं एक्कारेहिं जोयणसएहिं अबाहाए जोइसंते प० ॥ २ ॥ जंबूदीवेदीवे मंदरस्स पव्वयस्स एक्कारसहिं एक्कवीसेहिं जोयणसएहिं जोइसे चारंचरइ ॥ ३ ॥ समणस्सणं भगवओ महावीरस्स एक्कारसगणा एक्कारसगणहराहोत्था तं० इंदभूई अग्गिभूई, वायभूई, विअत्ते, सोहम्मे मंडिए मोरपुत्ते, अकंपिए अयलभाए मेअज्जे पभासे ॥ ४ ॥ मूलेनक्खत्ते एक्कारस तारे, प० ॥ ५ ॥ हेट्ठिम गेविज्जय देवाणं एक्कारस मुत्तरं गे विज्जविमाणसतं भवइत्ति मक्खायं ॥ ६ ॥ मंदेरणं पव्वए धराणितलाओ सिहरतले

लेनेको जावे. कीसीके पूछनेपर कहे कि मैं साधु नहीं हूं परंतु श्रमणभूत प्रतिमाधारी श्रावक हूं ॥ १ ॥ श्री श्रमण भगवंत महावीर गौतमादि साधुओं को कहते हैं कि अहो आयुष्यवन्तो ! लोकके अंतसे ११११ योजन अबाधापनेसे लोक में ज्योतिष का अंत कहा है. ॥ २ ॥ जम्बूद्वीप में मेरुपर्वत से ११२१ योजन दूर ज्योतिष चक्र फीरता है ॥ ३ ॥ श्री श्रमण भगवंत महावीरको अग्यारह गण व गणधर थे १ इन्द्रभूति २ अग्निभूति ३ वायुभूति ४ व्यक्तनाम ५ सौधर्म ६ मंडित ७ मोर्यपुत्र ८ अकंपित ९ अचलभ्राता १० मेतार्य ११ प्रभास ॥ ४ ॥ मूलनक्षत्र के विच्छु के आकार अग्यारह तारे कहे हैं ॥ ५ ॥ नीचेकी ग्रैवेयक में देवताओं को रहनेके लिये एक सो अग्यारह विमान कहे हैं ॥ ६ ॥ मेरुपर्वत की चोडाइ मूलसे शिखर

सूत्र

एक्कारसभागपरिहीणे उच्चत्तेणं प० ॥ ७ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं एक्कारस पलिओवमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एक्कारस सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं एक्कारस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं एक्कारसपलिओवमाइं ठिई प० । लंतएकप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं एक्कारस सागरोवमाइं ठिई प० । जे देवा बंभं सुबंभं बंभावत्तं बंभप्पभं, बंभकंतं बंभवण्णं, बंभलेसं बंभज्झयं बंभसिंगं

भावार्थ

एक अग्यारवे २ भाग कम जानना. जैसे मूल में मेरु पर्वत दश हजार योजन का चौडा है वहांसे अग्यारह अंगुल उपरजानेसे एक अंगुल चौडाइ में कम होवे, अग्यारह गाउ या योजन जानेसे एक गाउ या योजन चौडाइ में कमी होवे. अग्यारह हजार योजन में एक हजार योजन कम होवे, इसतरह ९० हजार योजन उपरजानेसे वहां १ हजार योजन का चौडा कमीहुवा अर्थात् एक हजार योजन का चौडारहा ॥ ७ ॥ रत्नप्रभा पृथ्वी में कितनेक नेरयों की अग्यारह पल्योपम की स्थिति कही पांचवी नरक में कितनेक नेरयों की अग्यारह सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवता व सौधर्म ईशान देवलोक के कितनेक देवताओं की अग्यारह पल्योपम की स्थिति कही. लंतक देवलोक में कितनेक देवताओं का अग्यारह सागरोपम का आयुष्य कहा. लंतक देवलोक में ब्रह्म, सुब्रह्म, ब्रह्मावर्त, ब्रह्मप्रभ, ब्रह्मकान्त, ब्रह्मवर्ण,

सूत्र

यंभसिद्धं यंभकूडं बंभुत्तरवडिंसगं विमाणंदेवत्ताएउववन्ना तेसिणं देवाणं एकारस सागरोव-माइं ठिई प० । तेणंदेवा एकारसण्हं अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणंदेवाणं एकारसेहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुपज्जइ ॥ संतेगइआ भवसिद्धिआ जीवा एकारस भवग-हणेहिं सिज्झिस्संति जाव अंतंकरिस्संति ॥ ११ ॥ + + +

बारस भिक्खपडिमाओ प० तं० मासिआ भिक्खूपडिमा, दोमासिआ भिक्खूपडिमा,

भावार्थ

ब्रह्मलेश, ब्रह्मध्वज, ब्रह्मशृंग, ब्रह्मसिद्ध, ब्रह्मकूट, ब्रह्मतरावतंसक में जो देव देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की अग्यारह सागरोपम की स्थिति कही. उक्तदेवो अग्यारह पक्ष में श्वासो श्वास लेते हैं और अग्यारह वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ८ ॥ कितनेक भवसिद्धिये जीव अग्यारह भव करके सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःखोंका अंतकरेंगे ॥ ९ ॥ अग्यारहवा समवाय संपूर्ण ॥ ११ ॥ + + +

बारह प्रकार की भिक्षु प्रतिमा कही. जो उत्तम संघयन का धारक होता है जिस को जघन्य नव पूर्व की तीजी वस्तु व उत्कृष्ट दश पूर्वका ज्ञान होता है वह गुरुकी आज्ञा लेकर बारह प्रकारकी प्रतिज्ञा अंगीकारकर सकता है. १ एक मासिया भिक्षु प्रतिमा सो एक मास तक एक दाते आहार की और एक दात पानीकी

१ दात का प्रमाण लवणांग विस्तार किया गया है

...मासियाभिक्खूपडिमा, चउमासिया भिक्खूपडिमा, पंचमासिया भिक्खूपडिमा, छमासियाभिक्खूपडिमा, सत्तमासियाभिक्खूपडिमा, पढमासत्तराइंदियाभिक्खूपडिमा, दोचासत्तराइंदिया भिक्खूपडिमा, तच्चासत्तराइंदिया भिक्खूपडिमा, अहोराइआभिक्खूप-डिमा, एगराइआभिक्खूपडिमा ॥ १ ॥ दुवालसविहे संभोगे प० तं० उवहि सुअ

भावार्थ

२ दूसरी में दोमासतक दो दात आहार की दो दात पानी की ३ तीसरी में तीनमासतक तीन दात आहार की तीन दात पानी की ४ चौथी में चारमासतक चार दात आहार की चार दात पानी की ५ पांचवी में पांच मास तक पांच दात आहारकी व पांच दात पानी की ६ छठी में छ मास तक छ दात आहारकी व छ दात पानी की ७ सातवी में सात दात आहारकी व सात दात पानीकी ८ आठवी में सात दिन तक एकान्तर चौविहार उपवास करे, ग्राम बाहिर रहे और उत्तानासन करे ९ नवमी में दूसरी सात रात्रि में चौविहार एकान्तर उपवास करे उत्कटासन करे १० दशवीमें तीसरी सात अहो रात्रि तक एकान्तर चौविहार उपवास करे और रात्रि में वीरासन करे. ११ इग्यारहवीमें एक अहो रात्रि की भिक्षुप्रतिमा सो षष्टभक्त उपवास (बेला) करे. ग्राम बाहिर ध्यानस्थ रहे १२ बारहवीमें एक रात्रि भिक्षु प्रतिमा सो अष्टमभक्त (तेला) कर के स्मशान में लम्बी भुजा से कायोत्सर्ग कर एक पुद्गल पर ही दृष्टि रखे सब परीषह सहन करे ॥ १ ॥ बारह प्रकारका

भत्तपाणे, अंजलिपग्गहेइ अ‍ायणेअ निकाएअ अब्भुट्ठाणेति आवरे, किअकम्मरसयकरणे, वेयावच्चकरणेअ, समोसरणं संनिसिज्जाय, कहाए अपबंधणे ॥ २ ॥ दुवालसावत्ते चेकम्मे प० तं० दुओणयं जहाजायं, कित्तिकम्मं बारसावयं, चउसिरं तिगुत्ते,

(एक समाचारी) कहा है. १ उपधिवस्त्र पात्रादिक का लेन देन करे २ सिद्धांतादिक वाचना पृच्छनादिक करनेवाला संभोगिक अन्यथा असंभोगिक ३ शुद्ध अन्न पानी लेवे देवे सो संभोगिक ४ अंजलि परिग्रह सो परस्पर नमस्कारादि करना सो संभोगिक ५ शिष्यादिक दे सो संभोगिक ६ निमंत्रण सो शिष्य वस्त्र पात्रादिक की आमंत्रणा करे ७ अब्भुठणा जब बडे साधु आवे तब खडे होवे ८ कृतिकर्म सो द्वादश आवर्त युक्त वंदन करे ९ वैयावृत्य सो पाद चंपन वगैरह करना १० समोसरण सो बहुत साधु मीलकर एक स्थान रहे ११ एक साथ बैठकर शास्त्र चितवन वगैरह करे सो संभोगिक और १२ परस्पर कथा वार्ता करे सो संभोगिक और पार्श्वस्थ साथ करे सो विसंभोगिक ॥२॥ बारह प्रकार से कृतिकर्म वंदना नमस्कार करने रूप तृतीय आवश्यक करने की विधि कही. दो अवनत सो गुरु वगैरह ज्येष्ठ साधुओं से आढ हाथ दूर रहकर खडे २ "इच्छामि खमासमणो" का पाठ कहकर दो वक्त मस्तक नमावे फीर अवग्रह में प्रवेश करे. उस समय यथाजात बालक जैसे पलांठी मारकर, दोनों हस्त जोड कर बैठे. और १ अ हो २ का-यं ३ का-य ४ ज-त्ता-भे ५ ज-व-णी ६ ज-च-भे सो इस प्रकार

सूत्र

दुपवेसं एगनिक्खमणं (१) ॥ ३ ॥ विजयाणं रायहाणी दुवालसजोयण सयसहस्साइं आयाम विक्खंभेणं प० ॥ ४ ॥ रामेणं बलदेवे दुवालस वाससयाइं सयं पालित्ता देवत्तिं गए ॥ ५ ॥ मंदरस्सणं पव्वयस्स चूलिआमूले दुवालस जोयणाइं विक्खंभेणं प० । जंबूदीवस्सणं दीवस्स वेइआमूले दुवालस जोयणाइं

भावार्थ

मीलकर बारह आवर्त होवे यह दो अवनत, चार वक्त गुरु के पांवों को शिर नमावे, मन वचन व काया को गोपवे, दो वक्त वंदन के लिये अवग्रह में प्रवेश करे अर्थात् प्रथम क्षमाश्रमण देते पहिले प्रवेश करे और "तेत्तीस आसायणाए" कहकर बाहिर आवे और दूसरा क्षमाश्रमण देते पूर्वोक्त विधि से पुनः अंदर आवे यह दो प्रवेश और एक निष्क्रम सो दूसरी वक्त बैठे २ क्षमाश्रमण पूर्ण करे. इस तरह बारह प्रकार की कृतिकर्म कही ॥ ३ ॥ जम्बूद्वीप की जगति के पूर्व द्वार को मालिक विजय नामक देवता है उन की राजधानी असंख्यात वे जम्बूद्वीप में बारह लक्ष योजन की लम्बी व चौडी कही ॥ ४ ॥ राम बल्देव बारह सो वर्ष का आयुष्य पालकर पांचवे देवलोक में देवतापने उत्पन्न हुवे ॥ ५ ॥ मेरु पर्वतपे पंडग वन के स्थान एक हजार योजन का चौडा है उस की बीच में चालीस योजन की चूलिका है वह बारह योजन मूल में चौडी बीचमें आठ योजन और उपर चार योजन चौडी कही. जम्बूद्वीपकी चारों तरफ वेदिका

सूत्र

विक्खंभेणं प० ॥ ६ ॥ सव्वजहन्निआ राई दुवालस मुहुत्तिआ प० । एवं दिवसोऽवि नायव्वो ॥ ७ ॥ सव्वट्ठसिद्धस्सणं महाविमाणस्स उवरिल्लाओ चूलिआओ दुवालस जोयणाइं उड्ढं उप्पइआ इसिपब्भारनामपुढ्वी प० । इसिपब्भाराएणं पुढवीए दुवालस नामधिज्जा प० तं० इसिचिवा, इसिपब्भारत्तिवा, तणूइवा, तणूअरित्तिवा, सिद्धि-

भावार्थ

रहीहुइ है वह मध्यमें बारह योजन की चौडी कही और बीचमें आठ व उपर चार योजन की चौडी कही. ॥ ६ ॥ आषाढ पूर्णिमाको कर्क संक्रान्ति आती है उस दिनकी रात्रि सब से छोटी होती है वह बारह मुहूर्त की है वैसेही पोषपूर्णिमाको दिनभी सब से छोटा बारह मुहूर्त का होता है ॥ ७ ॥ सर्वार्थ सिद्ध विमान की उपरकी चूलिकासे बारह योजन ऊंचा जावे वहां ईषत्प्रागभार नामक पृथ्वी आती है रत्नप्रभादिक अन्य पृथ्वी की अपेक्षासे अल्प विस्तार-पिण्ड है जिसका सो ईषत्प्रागभार इसके बारह नाम कहे है १ ईषत् सो अल्प ४५ लक्षयोजन होने से २ ईषत्प्रागभार अन्य पृथ्वी की अपेक्षासे अल्प विस्तार व पिण्ड वाली ३ तनु सो पतली बीच में आठ योजन की जाडी व अन्तिम में मक्खी की पांखसे भी अधिक पतली ४ तनुतनु बहुतपतली ५ सिद्धि वहां गये हुवे जीवोंका कार्य सिद्ध होवे ६ सिद्धालय सो सिद्धों को रहनेका स्थान ७ सकल कर्मसे मुक्तहोना सो मुक्ति ८ मुक्तहोनेवाले का स्थान सो मुक्तालय सकल लोकाग्र सो अग्र १० सकल लोकके मुकुटरूप सो ब्रह्मावतंसक ११ चउदह रज्जु लोक उसहीमें

त्तिया, मिहालणत्तिया, मुत्तिराग, मुत्तालणत्तिया, थंभत्तिया, थंभवडिंसणत्तिया, लोगपडिपुरणात्तिया, लोगग्गचूलिआइवा ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइआणं वारस पलिओवमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं वारस सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं वारस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं वारसपलिओवमाइं ठिई ३० । लंतगकप्पेसु अत्थेगइआणं देवाणं वारससागरोवमाइं ठिई प० । जे देवा महिंदं,महिंदज्झयं, कंबुं, कंबुग्गीवं, पुंखं, सपुंखं, महापुंखं, पुंडं, सपुंडं, महापुंडं, नरिंदं, नरिंदकंतं, नरिंदुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना, ते-

पूर्ण हुवा सो लोक प्रतिपूर्ण और १२ चउदह राजुलोकक की चुलिका (शिखा) समान सो लोकाग्रचूलिका ॥ ८ ॥ इस रत्नप्रभा नामक पृथ्वीमें कितनेक नारकी की बारह पल्योपमकी स्थिति कही. पांचवी पृथ्वी में कितनेक नेरयोंकी बारह सागरोपमकी स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार देव व सौधर्म ईशान देवलोकमे उत्पन्न होनेवाले कितनेक देवताओंकी स्थिति बारह पल्योपमकी कही. लंतक देवलोकमें कितनेक देवताओंकी बारह सागरोपमकी स्थिति कही. लंतक देवलोकमें जो देवता १ महेन्द्र २ महेन्द्र ध्वज ३ कंबु ४ कंबुग्रीव ५ पुंख ६ सपुंख ८ पुंड ९ सपुंड १० महापुंड ११ नरेन्द्र १२ नरेन्द्र कान्त व १३ नरेन्द्रावं-

सिणं देवाणं उक्कोसेणं बारससागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा बारसण्हं अद्धमासा-
णं आणमंतिवा, पाणमंतिवा, उस्ससंतिवा, नीस्ससंतिवा, ॥ तेसिणं देवाणं बारसहिं
वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ९ ॥ संतेगइआ भवसिद्धिओ जीवा जे बारस-
हिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदु-
क्खाणमंतं करिस्संति ॥ १२ ॥ * * * *

तेरसकिरिया ठाणा प० तं० अट्ठादंडे, अणट्ठादंडे, हिंसादंडे, अकम्हादंडे, दिट्ठिविपरि

तंसक विमानों में देवतापने उत्पन्न होते हैं, उन का उत्कृष्ट आयुष्य बारह सागरोपम का कहा है
उक्त देवों बारह पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और बारह हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है
॥ ९ ॥ कितनेक भविजीव बारह भव में सिझेंगे यावत् सब दुःख का अंत करेंगे ॥ १० ॥ यह बारहवा
समवाय समाप्त ॥ १२ ॥ * *

तेरह क्रिया स्थान (कर्म बंधन के कारण रूप भेद) कहे हैं १ शरीर स्वजनादिक के लिये षट्कायाका
आरंभ करे सो अर्थ दंड २ विना कारण कुतूहलादिक मात्र से षट्काया की हिंसा करे सो अनर्थ दंड ३
यह मुझे हणता है या हणेगा इस लिये मैं उसे हणूं सो हिंसा दंड ४ अन्य को हणने के लिये प्रवृत्त बना
हुवा अन्य की हिंसा कर देवे सो अकस्मात् दंड ५ मतिभ्रम से दृष्टि विपर्यास शत्रु की बुद्धि से मित्र को

सूत्र

आसिआदंडे, मुसावायवत्तिए, अदिन्नादाणवत्तिए अज्झत्थिए, माणवत्तिए, मित्त-दोसवत्तिए, मायावत्तिए, लोभवत्तिए, इरिआवहिए नामं तेरसमे ॥ १ ॥ सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु तेरस विमाणाए पत्थडा प० । ॥ २ ॥ सोहम्मवडिंसगेणं विमाणं अद्धतेरस जोयणं सयसहस्साइं आयाम विक्खंभेणं प० । ॥ ३ ॥ जलयर पंचिदिअ

भावार्थ

हणना ६ स्वतः के लिये या अन्य के लिये मृषा बोलना सो मृषावाद प्रत्यय ७ विना दी हुई वस्तु ग्रहण करना सो अदिन्नादाणवत्तिय ८ मन में दुष्ट भाव का चिन्तवन करना सो आध्यात्म ९ अभिमान से अन्य को दंडना सो मान प्रत्यय १० माता पिता वगैरह को अल्प अपराध के लिये बहुत दंड देना सो मित्रद्वेष प्रत्यय ११ माया से अन्य को दंड देना सो माया प्रत्यय १२ लोभ से दंड देना सो लोभ प्रत्यय और १३ ईर्यापथिक तेरवी क्रिया सयोगी केवली को मात्र काया के योग से लगे. प्रथम समय में बांधे, दूसरे समय में वेदे, और तीसरे समय में निर्जरे ॥ १ ॥ सौधर्म व ईशान दोनों देवलोक अर्धचंद्राकार हैं. उन दोनों में १३ पाथडे कहे हैं ॥ २ ॥ प्रथम सौधर्म देवलोक मेरु से दक्षिण दिशा में पूर्व पश्चिम लम्बा, व उत्तर दक्षिण चौडा अर्धचंद्राकार है उस के तेरहवे प्रतर में सौधर्मावतंसक नामक विमान साढे बारह लक्ष योजन का लम्बा चौडा है ॥ ३ ॥ [illegible] की साढे बारह लाख कुल कोडी कही

तिरिक्ख जोणिआण अद्धतेरसजाइ कुलकोडी जोणीपमुह सयसहस्सा प० ॥ ४ ॥ पाणाउस्सणं पुव्वस्स तेरसवत्थू प० ॥५॥ गब्भवक्कंतिअ पंचेंदिअ तिरिक्खजोणिआणं तेरसविहे पओगे प० तं० सच्चमणपओगे, मोसमणपओगे, सच्चामोसमणपओगे, असच्चामोसमणपओगे, सच्चवइपओगे, मोसवइपओगे, सच्चामोसवइपओगे, असच्चामोसवइपओगे, उरालिअसरीर कायपओगे, उरालिअमीससरीर कायपओगे, वेउव्विय सरीर कायपओगे, वेउव्विअमीससरीर कायपओगे, कम्मसरीर कायपओगे ॥ ६ ॥ सूरमंडलं जोयण तेरसेहिं एगसट्ठिभागेहिं जोयणस्सऊणं ॥ ७ ॥ इमीसेणं रयणप्प-

॥ ४ ॥ प्राणि के आयुष्य का भेद करनेवाला प्राण प्रवाद पूर्व की तेरह वस्तु कही है ॥ ५ ॥ गर्भज तिर्यंच पंचेन्द्रिय को तेरह योग कहे हैं १ सत्यमन से चिन्तवना सो सत्यमन योग २ असत्य मन चिन्तवना सो असत्य मनयोग ३ सत्यासत्य मन योग सो मिश्र और ४ असत्यामृषा मन योग सो सत्य भी नहीं और मृषा भी नहीं यह व्यवहार ५ सत्य वचन योग ६ असत्य वचन योग ७ मीश्र वचन योग ८ व्यवहार वचन योग ९ औदारिक काय योग १० औदारिक मिश्र काय योग ११ वैक्रेय काय योग १२ वैक्रेय मिश्रकाय योग १३ कार्माण योग ॥६॥ सूर्य का मांडला एक योजन का ६१ भाग में का १३ भाग ऊणा कहा अर्थात् एक योजन के इकसठीये ४८ भाग का चौडा कहा (और २४ भाग का जाडा कहा) ॥७॥ इस रत्न

सूत्र

माए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं तेरस पलिओवमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं तेरस सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइआणं तेरस पलिओवमाइं ठि०प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइआणं देवाणं तेरस पलिओवमाइं ठिई प० । लंतए कप्पेसु अत्थेगइआणं देवाणं तेरस सागरोवमाइं ठिई प० ॥ जे देवा वज्जं, सुवज्जं वज्जावत्तं, वज्जप्पभं वज्जकंतं वज्जवण्णं वज्जलेसं वज्जरूवं वज्जसिंगं वज्जसिद्धं वज्जकूडं वज्जुत्तरवडिंसगं वइरं सुवइरं वइरावत्तं वइरप्पभं वइरकंतं, वइरवण्णं, वइर॰ लेसं, वइररूवं, वइरसिंगं वइरसिद्धं, वइरकूडं, वइरुत्तरवडिंसगं, लोगं सुलोगं, लोगावत्तं, लोगप्पभं लोगकंतं, लोगवण्णं, लोगलेसं, लोगरूवं, लोगसिंगं, लोगसिद्धं, लोगकूडं, लोगुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं तेरससागरोवमाइं

भावार्थ

प्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नेरयों की तेरह पल्योपम की स्थिति कही. पांचवी नारकी में कितनेक नेरयों की तेरह सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार देव व सौधर्म ईशान देवलोक में उत्पन्न होनेवाले कितनेक देवताओं की तेरह पल्योपमकी स्थिति कही. लंतक देवलोक में कितनेक देवताओंकी तेरह सागरोपम की स्थिति कही. लंतक देवलोक में वज्र, सुवज्र, वज्रावर्त, वज्रप्रभ, वज्रकान्त, वज्रवर्ण, वज्रलेश, वज्ररूप, वज्रशृंग, वज्रसिद्ध, वज्रकूट, वज्रोत्तरावतंसक, वइर, सुवइर, वइरावर्त, वइरप्रभ, वइरकान्त वइरवर्ण, वइरलेश, वइररूप, वइरशृंग, वइरसिद्ध, वइरकूट, वइरोत्तरावतंसक, लोक, सुलोक, लोकावर्त, लोकप्रभ,

ठिई प॰ ॥ तेणं देवा तेरसहिं अद्धमासेहिं आणमंतिवा ४ ॥ तेसिणं देवाणं तेरसहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ, ॥ संतगइया भवसिद्धियाजीवा जे तेरसहिं भवग्गहणेहि सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुचिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति ॥ १३ ॥ * * * *

चउद्दस भूअग्गामा प॰ तं॰ सुहुमा अपज्जत्तया, सुहुमा पज्जत्तया, बादरा अपज्जत्तया, बादरा पज्जत्तया बेंदिया अपज्ज त्तया बेंदिया पज्जत्तया, तेंदिया अपज्जत्तया, तेंदिया पज्जत्तया, चउरिंदिआ अपज्जत्तया, चउरिंदिया पज्जत्तया, पंचिंदिआ असन्नि अपज्जत्तया, पंचिंदियाअसन्नि पज्ज-

लोक कान्त, लोकवर्ण, लोक लेश, लोककूट, लोकशृंग, लोक सिद्ध, लोककूट, लोकावतंसक इन छत्तीस विमान में देवपने उत्पन्न होनेवाले देवता का उत्कृष्ट आयु । तेरह सागरोपम का कहा है. वे तेरह पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उनको तेरह हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है.॥८॥ कितनेक भविजीव तेरह भव करके सिझेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ ९ ॥ यह तेरवा समवाय समाप्त ॥ १३ ॥ *

चवदह भूतग्राम (जीवोंके समूह) कहा है १ सूक्ष्म एकेन्द्रिय जो सब लोक में व्याप्त है उसका अपर्याप्ता (पर्याप्ति पूर्ण नहीं करनेवाले) २ सूक्ष्म एकेन्द्रिय का पर्याप्ता ३ बादर एकेन्द्रियका अपर्याप्ता ४ बादर एकेन्द्रियका पर्याप्ता ५ बेइन्द्रियका अपर्याप्ता ६ बेइन्द्रियका पर्याप्ता ७ तेइन्द्रियका

सूत्र

त्तया, पंचिंदिया सन्नि अपज्जत्तया, पंचिंदिया सन्निपज्जत्तया ॥ १ ॥ चउदसपुव्वा प० तं० उप्पायपुव्वं, अग्गेणीयंच, तइयंच वीरियपुव्वं, अत्थीनत्थिप्पवायं, तत्तो नाणप्पवायंच, सच्चप्पवायपुव्वं, तत्तो आयप्पवायपुव्वंच, कम्मप्पवायपुव्वं, पच्चक्खाणं भवे नवमं, विज्जअणुप्पवायं, अवंझपाणाओ बारसं पुव्वं, तत्तो किरियविसालंपुव्वं, तह बिंदु-

भावार्थ

पर्याप्ता ९ चतुरेन्द्रियका अपर्याप्ता १० चतुरेन्द्रियका पर्याप्ता ११ असंज्ञी पंचेन्द्रियका अपर्याप्ता १२ असंज्ञी पंचेन्द्रियका पर्याप्ता १३ संज्ञी पंचेन्द्रियका अपर्याप्ता और १४ संज्ञी पंचेन्द्रियका पर्याप्ता ॥ १ ॥ चौदह पूर्वका ज्ञान कहा है १ उत्पातपूर्व कि जिस में द्रव्य पर्यायका उत्पन्न होनेका कथन कहा है २ अग्रणीय पूर्व जिस में पहिले पूर्व का अग्र परिमाणपना कहा है ३ वीर्यप्रवाद पूर्व जिस में जीवादिकके वीर्यकी प्ररूपना कही है ४ अस्तिनास्तिप्रवाद पूर्व जिस में अस्ति नास्तिका स्वरूप बतलाया है ५ ज्ञान प्रवाद में पांच ज्ञानका स्वरूप कहा है ६ सत्यप्रवाद पूर्व में सत्यवचन के दश प्रकार का स्वरूप कहा है ७ आत्मप्रवाद पूर्व जिस में आत्माका स्वरूप अनेक नयसे बतलाया है ८ कर्म प्रवाद पूर्व में आठ कर्म का स्वरूप विस्तारसे कहा है ९ प्रत्याख्यान प्रवाद पूर्व में दश प्रत्याख्यान का स्वरूप बतलाया है १० विद्या प्रवाद पूर्व में रोहिणी, प्रज्ञप्ति आदि विद्याओं के अतिशय बतलाये हैं ११ अवंध्यप्रवाद पूर्व में सम्यक् ज्ञानादिक अवंध्य सफल वर्णवे है १२ प्राणायु में प्राण जीवोंका आयुष्य अनेक भेदोंसे कहा १३ क्रिया

सारंच ॥ २ ॥ अग्गेणीअस्सणं पुव्वस्स चउद्दसवत्थू प० ॥ ३ ॥ समणस्सणं भगवओ महावीरस्स चउद्दससमणसाहस्सिओ उक्कोसियासमणसंपयाहोत्था ॥ ४ ॥ कम्मविसोहिमग्गणं पडुच चउद्दस जीवट्ठाणा प० तं० मिच्छदिट्ठी, सासायणसम्मदिट्ठी, सम्मामिच्छदिट्ठी, अविरयसम्मदिट्ठी, विरयाविरए, पमत्तसंजए, अप्पमत्तसंजए, निअट्टि-

भावार्थ

विशाल पूर्व में कायिकादि क्रिया का विस्तारसे वर्णनकिया १४ बिंदुसार में लोकका बिन्दु समान अक्षरोंका विस्तारसे वर्णनकिया है ॥ २ ॥ दूसरी अग्रणीय प्रवाद पुर्वकी चउदह वत्थु कही ॥ ३ ॥ श्री श्रमण भगवंत महावीरको चउदह हजार साधु की संपदा थी ॥ ४ ॥ ज्ञानावरणीयादि कर्मविशुद्धि मार्गके आश्री चउदह जीवके स्थानक कहे हैं अर्थात् चउदह गुणस्थान कहे हैं. १ विपरीत दृष्टिवाला सो मिथ्यादृष्टि २ अल्प सम्यक्त्व का स्वादरूप गुणमें प्रवर्तेसो सास्वादान दूसरागुणस्थान ३ कुच्छ सम्यक्त्व और कुच्छ मिथ्यात्व सो मिश्र गुणस्थान ४ विरति रहित सम्यग् दृष्टिवाले चौथे गुणस्थान में हैं ५ कुच्छ विरति कुच्छ अविरति सो विरताविरति ६ कुच्छ प्रमाद युक्त जिसकी प्रवृत्ति रही है सो प्रमत्त संयत ७ प्रमाद रहित सो अप्रमत्त संयत ८ अनंतानुबंधी चोक व तीन मोहनीय इन सात का क्षय करता हुवा क्षपक श्रेणीमें चडे व उपशम श्रेणीपे चडे सो नियट्टि बादर ९ चारित्र मोहनीयकी २१ प्रकृति में कितनीक प्रकृतिका

यणे, असिरयणे; चक्करयणे, छत्तरयणे, चम्मरयणे, मणिरयणे, कागिणिरयणे, ॥ ७ ॥ जंबूद्दीवेणंदीवे चउद्दस महानईओ पुव्वावरेण लवणसमुद्दं समुप्पेंति तं० गंगा, सिंधु, रोहिआ, रोहिंअसा, हरिया, हरिकंता, सीआ, सीओदा, नरकंता, नारिकंता, सुवण्णकूला, रुप्पकूला, रत्ता, रत्तवई ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं चउद्दस पलिओवमाइं ठिई प० । पंचमीएणं पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं चउद्दस सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं चउद्दस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं चउद्दस पलिओवमाइं ठिई प० । लंतएकप्पेसु देवाणं उक्कोसेणं चउद्दस सागरोवमाइं

स्थानपर पहुंचावे ६ हस्ती स्वारी को सुशोभित करे ७ असि सो खड्गरत्न ९ दंडरत्न १० चक्ररत्न ११ छत्ररत्न १२ चर्मरत्न १३ मणिरत्न और १४ काकिणीरत्न ॥ ७ ॥ जम्बूद्वीप में चौदह बडी नदियों पूर्व पश्चिम के लवण समुद्र को मीलती हैं १ गंगा २ सिंधु ३ रोहिता ४ रोहितांसा ५ हरिता ६ हरिकान्ता ७ सीता ८ सीतोदा ९ नरकान्ता १० नारीकान्ता ११ सुवर्णकूला १२ रूपकूला १३ रक्ता और १४ रक्तवती ॥ ८ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नेरयों की चउदह पल्योपम की स्थिति कही. पांचवी नरक में कितनेक नेरयोंकी चउदह सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवता २ सौधर्म ईशान

ठिई प० । महासुक्केकप्पे देवाणं जहन्नेणं चउदस सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा सिरिकंतं, सिरिमहिअं, सिरिसोमनसं, लंतयं, काविट्ठं, महिंदं, महिंदकंतं, महिंदुत्तर वडिंसग विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणंदेवाणं उक्कोसेणं चउदस सागरोवमाइं ठिई प० । तेणंदेवा चउदसहिं अद्धमासेहिं आणमंतिवा ४ । तेसिं देवा चउदसहिं वास सहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ९ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा चउदसहिं भवग्ग हणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करिस्संति. ॥ १४ ॥ * *

देवलोक में देवता की चउदह पल्योपम की स्थिति कही. लंतककल्प में देवताओं की उत्कृष्ट चउदह सागरोपम की स्थिति कही. महाशुक्र देवलोक में देवोंकी जघन्य चौदह सागरोपम की स्थिति कही. छठे लंतक देवलोक में जो देवता श्रीकांत, श्रीमहीतक, श्रीसोमनस, लांतक, कापिष्ट, महेन्द्र, महेन्द्रकान्त, महेन्द्रोत्तरावतंसक में उत्पन्न होते हैं उन की चउदह सागरोपम की स्थिति कही. वे देवता चउदह पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और चउदह हजार वर्ष में उन को आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ९ ॥ कितनेक भवसिद्धी जीव चौदहभव करके सिद्धगति यावत् सब दुःखोंका अंत करेंगे ॥ १० ॥ यह चउदह

वां समवाय संपूर्ण ॥ १४ ॥ * * * *

सूत्र

भावार्थ

यहारस परमाहम्मिआ प०त० अंब अंबरिसी चेव, सामसबलेत्ति आवरे; रुद्दोवरुद्द

१इग्यारह प्रकारके परमाधर्मी कहे हैं १ नरक के जीवोंको आकाश में उछालकर नीचे डाल ने का कार्य अंबजाति के परमाधर्मी करते हैं २ अंबरिष जाति के परमाधर्मी उन हणाये हुवे नेरयों को शस्त्र से टुकडे करके पचाने योग्य करते हैं. ३ श्याम परमाधर्मी काले वर्ण वाले होते हैं. वे नेरयों को हस्त पादादिक के प्रहार से नीचे डाले ४ शबल हृदय के कलेजे का मांस चिमटेसे तोडे ५ रुद्र खड्ग भालादि तीक्ष्ण शस्त्र से नारकी को पछाडे ६ महारूद्र सो नारकी के अंगोपांग छेदकर अतिशास देवे उसे वैरुद्रभी कहते हैं ७ काल नारकी को लोहकी कडाइ में पचावे ८ महाकाल नारकी के शरीर का खंड २ करके उसको खिलावे ९ असिपत्र शाल्मलि वृक्ष के नीचे नारकी को बैठाकर हवा चलावे जिससे उसके पत्र तूटकर नारकी के शरीर पर गिरने से उसके टुकडे २ हो जावे १० धनुष्य अर्धचंद्राकार धनुष्य तानकर तीक्ष्ण बाणोंसे नारकी के कर्णादि का छेदन करे ११ कुंभ आम्रादिक के अचारकी तरह नारकी को कुंभादिक में डालकर पचावे १२ वालुक कदम्ब पुष्पाकार वैक्रय वाली उष्ण वालु में भडभुंजे की भाडके चने जैसे पचावे १३ वैतरणी तपकीये हुवे ताम्बे समान उष्ण रुधिर राध वगैरहकी नदियों की विकुर्वणा करके उस में नारकी को दुःख देवे १४ खरस्वर जैसे अती तीक्ष्ण कंटरूपर वस्त्र डालकर खींचने से छिन्नभिन्न हो

१. ये परमाधर्मी संक्लिष्ट परिणामी बहुल अधर्मी तीन नरक तक दुःख देनेवाले होते हैं.

कालेंअ, महाकालेत्तिआवरे ॥ १ ॥ असिपत्ते धणूकुंभे, वालुए वेअरणीत्तिय, ख-रस्सरे महाघोसे, एते पन्नरसाहिआ ॥ २ ॥ (१) णेमीणं अरहा पन्नरस धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था, ॥ २ ॥ णिच्चराहुणं बहुलपक्खस्स पडिवए पन्नरसतिभागेणं चंदलेसआवरेमाणं चिट्ठति तं० पढमाए पढमंभागं, बीआए दुभागं, तइयाएतिभागं, चउत्थीए चउभागं, पंचमीए पंचभागं, छट्ठीए छभागं, सत्तमीए सत्तभागं, अट्ठमीए अट्ठभागं, नवमीए नवभागं, दसमीए दसभागं, एक्कारसीए एक्कारसभागं, बारसीए

मारे वैसेही नारकी को परमाधर्मी अति तीक्ष्ण शस्त्र पर डालकर उस के शरीरके छिन्नभिन्न करे १२ महाघोष जैसे पशुओंका वाडे में रखे जाते हैं वैसेही डरकर भगने वाले नारकी को एक स्थान भरकर कदर्थना करते हैं. इनपंदरह परमाधर्मी की वेदना तीनरी नरक तक होती है ॥ १ ॥ नेमीनाथ भगवंत के शरीर की अवगाहना पंदरह धनुष्य की थी ॥ २ ॥ राहुके दो भेद नित्यराहु व पर्वराहु. उसमें से पर्वराहु पूर्णिमा व अमावास्याके दिन चंद्र को आच्छादित करे. और नित्यराहु कृष्ण पक्ष में चंद्रमाको पनरहवे भाग में आच्छादित करता हुवा रहे. १ एकम प्रतिपदाको एक भाग २ द्वितीयाको दो भाग ३ तृतीयाको तीन भाग ४ चतुर्थीको चार ५ पंचमीको पांचभाग ६ षष्ठीको छः ७ सप्तमीको सात ८ अष्टमी को आठ भाग

सूत्र

पारसभागं, तेरसीए तेरसभागं, चउद्दसीए चउद्दसभागं, पन्नरसेसु पन्नरसभागं ॥ सुक्कपक्खस्स उवदंसेमाणे चिट्ठति तं० पढमाए पढमंभागं जाव पन्नरसेसु पन्नरस भागं ॥ ३ ॥ छ णक्खत्ता पन्नरस मुहुत्तसंजुत्ता प० तं० सताभिसय, भरणी, अद्दा, असलेसा, साई, तहा जेट्ठाय; एते छ णक्खत्ता पन्नरस मुहुत्तसंजुत्ता ॥ ४ ॥ चेत्तासोएसुणं मासेसु पन्नरस मुहुत्ते दिवसो भवति । सइअ पन्नरस मुहुत्ता राई भवति ॥ ५ ॥ विज्जाअणुप्पवायस्सणं पुव्वस्स पन्नरस वत्थू प० ॥ ६ ॥ मणुसाणं पन्नरसविहे पओगे प० तं० सच्चमणपओगे, मोसमणपओगे, सच्चमोसमणपओगे,

भावार्थ

९ नवमीको नवभाग १० दशमीको दश ११ एकादशी को अग्यारह १२ द्वादशीको बारह १३ त्रयोदशी को तेरह १४ चतुर्दशीको चउदह और १५ पुर्णिमाको पंदरह भाग को आच्छादितकरे और शुक्ल पक्षमें पंदरह भाग खुल्ला करे सुदी प्रतिपदाको एक यावत् पूर्णिमाको पंदरहभाग खुल्ला करे ॥ ३ ॥ नक्षत्रकान्तिको छ नक्षत्र चंद्रकी साथ पंदरह मुहूर्त तक रहते हैं १ शतभिषा २ भरणी ३ आर्द्रा ४ अश्लेषा ५ स्वाति और ६ ज्येष्ठा ॥ ४ ॥ चैत्र व आश्विन मास में पंदरह मुहूर्त की रात्रि व पंदरह मुहूर्त का दिन होता है ॥ ५ ॥ विद्यानुवाद नामक दशवा पूर्व की पंदरह वस्तु कही है ॥ ६ ॥ मनुष्य को पंदरह जोग कहे हैं. १ सत्य मन योग २ असत्य मन योग ३ मिश्र मन योग ४ व्यवहार मन योग

सूत्र

असच्चामोसमणपओगे सच्चवइपओगे, मोसवइपओगे, सच्चमोसवइपओगे, असच्चामोसवइपओगे, उरालियसरीरकायपओगे, उरालिअमीससरीरकायपओगे, वेउव्वियसरीरकायपओगे, वेउव्विअमीससरीरकायपओगे, आहारय सरीकायपओगे, आहारयमीससरीरकायपओगे, कम्मयसरीरकायपओगे ॥ ७ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइआणं पन्नरसपलिओवमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं पन्नरससागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं पन्नरसपलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं पन्नरसपलिओवमाइं ठिई प० । महासुक्के कप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं पन्नरस साग-

भावार्थ

१ सत्य वचन योग २ असत्य वचन योग ७ मिश्र वचन योग ८ व्यवहार वचन योग ९ औदारिक १० औदारिक का मिश्र ११, वैक्रेय १२ वैक्रेय का मिश्र १३ आहारक १४ आहारक का मिश्र १५ कार्माण योग ॥ ७ ॥ इस रत्नप्रभा नारक पृथ्वी में कितनेक नारकी की पंदरह पल्योपम की स्थिति कही. पांचवी पृथ्वी में कितनेक नारकी की पंदरह सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार व सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की पंदरह पल्योपम की स्थिति कही. महाशुक्र कल्प में कितनेक देवताओं की पंदरह सागरोपम की स्थिति कही. जो देवता नंद, सुनंद, नंदावर्त, नंदप्रभ, नंदकान्त, नंदवर्ण, नंदलेश नंद-

गोवमाइं ठिई प० । जे देवाणंदं, सुणंदं, णंदावत्तं, णंदप्पभं, णंदकंतं, णंदवण्णं, णंदलेसं, णंदज्झयं, णंदसिंगं, णंदसिट्ठ, णंदकूडं, णंदुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना. तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं पन्नरस सागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा पन्नरस ण्हं अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं पन्नरसहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ ८ ॥ संतेगइया भवसिद्धियाजीवा जे पन्नरसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झस्संति जाव सव्वदुक्खाणमंतंकरिस्संति ॥ १५ ॥ * * *

सोलसगाहा सोलसगा प० तं० समए, वेयालिये, उवसग्गपरिन्ना, इत्थीपरिन्ना निरयविभत्ती; महावीरथुई, कुसीलपरिभासिए, वीरिए धम्मे, समाही, मग्गे, समोसरणे, आहातहिए, गंथे,

राम, नंदश्रृंग, नंदसिद्ध, नंदकूट, नंदोत्तरावतंसक नामक विमान में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट पंदरह सागरोपम की स्थिति कही. उक्त देवों पंदरह पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और पंदरह हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ॥ ८ ॥ कितनेक भवि जीव पंदरह भव में सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःख का अंत करेंगे ॥ १५ ॥ * *

सुयगडांग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध में अन्तिम अध्ययन का नाम गाथा है सो बताते हैं. १ स्वसमय परसमय २ वैतालीय ३ उपसर्ग परिज्ञा ४ स्त्री परिज्ञा ५ नरक विभक्ति ६ वीरस्तव ७ कुशील परिभाषा

जमइए, गाहा ॥ १ ॥ सोलसकसाया प० तं० अणंताणुबंधीकोहे, अणंताणुबंधीमाणे, अणंताणुबंधीमाया, अणंताणुबंधीलोभे, अपच्चक्खाणकसाए कोहे, अपच्चक्खाण कसाएमाणे अपच्चक्खाण कसाए माया, अपच्चक्खाण कसाए लोभे; पच्चक्खाणावरणे कोहे, पच्चक्खाणावरणेमाणे, पच्चक्खाणावरणामाया, पच्चक्खाणावरणे लोभे, संजलणे कोहे, संजलणेमाणे संजलणामाया, संजलणेलोभे ॥ २ ॥ मंदरस्सणं पव्वयस्स सोलसनाम धेया प० तं० मंदरे, मेरू मणोरमे, सुदंसणे, सयंपभे, गिरिराया, रयणुच्चए, पियदंसणे,

८ वीर्य ९ धर्म १० समाधि ११ मोक्ष मार्ग १२ समोसरण १३ यथातथ्य १४ ग्रन्थ १५ यमक और १६ गाथा॥१॥ सोलह कषाय कहे. १ अनंतानुबंधी क्रोध, २ मान, ३ माया, व ४ लोभ. ये चारों अनंत भव का बंध करनेवाली व यावज्जीव तक रहनेवाली हैं. ५ अप्रत्याख्यानी क्रोध, ६ मान ७ माया व ८ लोभ ये चारों कषाय अणुव्रत उदय में आने देवे नहीं और एक वर्ष पर्यंत रहे. ९ प्रत्याख्यानी क्रोध, १० मान, ११ माया, व १२ लोभ. ये चारों कषाय साधु व्रत को उदय में नहीं आने देती हैं और चार मास तक रहती हैं. १३ संज्वलन क्रोध, १४ मान १५ माया और १६ लोभ ये चारों यथाख्यात चारित्र प्राप्त होने देवे नहीं. इन की स्थिति पंद्रह दिन की होती है. ॥ २ ॥ मेरु पर्वत के सोलह नाम कहे हैं १ मंदर २ मेरु ३ मनोरम ४ सुदर्शन ५ स्वयं प्रभ ६ गिरिराज ७ रत्नोच्चय ८ प्रिय दर्शन ९ मध्य १० लोक नाभी ११

अत्थेगइयाणं देवाणं सोलसपलिओवमाइंठिई प० । महासुक्के कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं सोलससागरोवमाइंठिई प० । जेदेवा आवत्तं विआवत्तं, नंदिआवत्तं, महाणंदिआवत्तं, अंकुसं, पलंबं, भद्दं, सुभद्दं, महाभद्दं, सव्वओभद्दं, भद्दुत्तरवडिसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं सोलससागरोवमाइंठिई प० । तेणंदेवा सोलसण्हं अद्धमासाणं आणमंतिवा ६ । तेसिणं देवाणं सोलसवाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ । संतेगतिया भवसिद्धिआ जीवा जे सोलसेहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाणं अंतंकरिस्सति ॥ १६ ॥ * *

रोपम की स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार व सौधर्म, ईशान देवलोक के कितनेक देवताओं की सोलह पल्योपम की स्थिति कही. महाशुक्र देवलोक में कितनेक देवताओं की सोलह सागरोपम की स्थिति कही. आवर्त, विदावर्त, नंदिकावर्त, महानंदिकावर्त, अंकुश, प्रलंब, भद्र, सुभद्र, महाभद्र, सर्वतोभद्र और भद्रोत्तरावर्तंसक नामक विमान में जो देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट सोलह सागरोपम की स्थिति कही. वे देवता सोलह पक्ष अर्थात् आठ मास में श्वासोश्वास लेते हैं और सोलह हजार वर्ष में उन को आहारकी इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवि जीव सोलह भव करके सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ १६ ॥ * * *

सत्तरसविहे असंजमे प० तं० पुढवीकाय असंजमे, आऊकाय असंजमे, तेउकाय असजमे वाउकाय असंजमे, वणस्सइ काय असंजमे, बेंदिय असंजमे, तेंदिय असंजमे, चउरिंदिय असंजमे, पंचिंदिय असंजमे, अजीवकाय असंजमे, पेहा असंजमे, उपेहा असंजमे, अवहट्टु असंजमे, अप्पमज्जणा असंजमे, मण असंजमे, वइअसंजमे, काय असंजमे । सत्तरसविहे संजमे प० तं० पुढवीकाय संजमे जाव कायसंजमे ॥ १ ॥ माणुसत्तरेण पव्वए सत्तरसएकवीस जोयणसए उड्ढं उच्चत्तेणं प०

सत्तरह प्रकार का असंयम कहा है १. पृथ्वीकाय असंयम २ अप्काय असंयम ३ तेउकाय असंयम ४ वायुकाय असंयम ५ वनस्पतिकाय असंयम ६ द्विइन्द्रिय असंयम ७ तीइन्द्रिय असंयम ८ चतुरेन्द्रिय असंयम ९ पंचेन्द्रिय असंयम १० अजीवकाय असंयम (उक्त दशकी यत्ना नहीं करनेसे असंयम होता है.) ११ बहु मूल्य वस्त्रादि ग्रहण करना सो असंयम १२ उपकरण की अविधिसे प्रतिलेखना करना सो ऐसा असंयम १३ असंयम योग में प्रवर्तना, और संयम योग में नहीं प्रवर्तना सो उपेक्षा असंयम. १४ पात्रादि विधि से परठाना नहीं व यथाविधि प्रमार्जना नहीं १५ मन से खराब विचार करे १६ वचनसे खराब विचार करे और १७ काया से अनाचार का सेवन करे ॥ १ ॥ सत्तरह प्रकारका संयम होता है १. पृथ्वीकाया की यत्ना रखना सो संयम यावत् काया से अनाचारका आचरण नहीं करना सो ॥ २ ॥

सूत्र

॥ २ ॥ सव्वेसिं वि णं वेलंधरअणुवेलंधर नागराईणं आवासपव्वया सत्तरसएक्कवीसा-इं जोयणसयाइं उड्ढंउच्चत्तेणं प० ॥ ३ ॥ लवणेणं समुद्दे सत्तरस जोयण सहस्साइं

भावार्थ

अढाइ द्वीपकी मर्यादा करनेवाला मानुषोत्तर पर्वत सतरह सो इक्कीस योजन ऊंचा ऊंचाइ में कहा ॥२॥ सब वेलंधर व अनुवेलंधर + नागराजा के आवास पर्वत सत्तरह सो इक्कीस योजनके ऊंचे कहे हैं ॥ ३ ॥ लवण समुद्र में ९५ हजार योजन जानेसे दश हजार योजन का चक्रवाल वाला पानी आता है. वहां से सोलह हजार योजन ऊंचा आकाश में पानी गया हुवा है, और पाताल में एक हजार योजन का ऊंडा है

+ नोट—चारों तरफ जगतीसे लवण समुद्र में बयालीस हजार योजन जावे सो यहां चारोंदिशि में वेलंधर अनुवेलंधर नामक नागराज के आवास पर्वत हैं. पूर्व में गोस्तुभ, दक्षिण में दगभास, पश्चिम में शंख व उत्तर में दगसीम. उन के अधिपति गोस्तुभ, शिव, शंख, व मनःशील. ईशानकोन में कर्कोट, अग्नि में विद्युत्प्रभ नैऋत्य में कैलास, व वायव्य में अरुणप्रभ. इन के अधिपति कर्कोट, कर्दम, कैलास व अरुण-प्रभ. लवण समुद्रके मध्यभाग में दश सहस्र योजन चक्रवाल अंटलाकार समपानी है. उसपर सोलह हजार योजन नित्यप्रति पानी की वेल चढती है; उसे स्थंभ करनेको, इसतरह देवता जम्बूद्वीप की तरफ ४२ हजार व धातकी खंडकी तरफ ७२ हजार और उपर ६० हजार योजन पानीको पीछा धकेलते हैं.

सव्वंगेणं प० ॥ ४ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए बहुसम रमणिज्जाओ भूमि-
भागाओ सतिरेगाइं सत्तरस जोयणसहस्साइं उड्ढं उप्पातित्ता ततो पच्छा चारणाणं
तिरिअगती यावत्तती॥५॥चमरस्सणं असुरिन्दस्स असुररण्णो तिगिच्छकूडे उप्पाय पव्वए
सत्तरस एकवीसाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं प०। बलिस्सणं असुरिंद रुअगिंदे उप्पायपव्वए

इसलिये सब मीलकर लवण समुद्रका पानी सत्तरह हजार योजन का गिनागया है. ॥४॥ इस रत्नप्रभा नामक पृथ्वी से बहुत सम रमणिक भूमिभागसे सत्तरह हजार योजनसे कुछ अधिक ऊंचे जंघाचारण व विद्या चारण मुनियों की तिर्च्छीगति आगति होती है ॥ ५ ॥ असुर देवता के राजा चमरेन्द्रका उत्पात होने का तिगिच्छकूट १.७२१. योजन का ऊंचाकहा. और बलेन्द्रका उत्पात होने का तिगिच्छकूट भी १७२१ योजन का ऊंचा कहा ॥ ६ ॥ सत्तरह प्रकार का मरण कहा १ क्षण २ में आयुष्य के दलका क्षय होता जावे सो आवीचि मरण २ आयुष्य की मर्यादा पूर्ण होने से मरना सो अवधि मरण ३ आत्यंतिक मरण जैसे नरकका पूर्ण आयुष्य भोगव कर पुनः दूसरे भव में वहां ही होवे सो ४ व्रतका भंगकर मरना सो वलात मरण ५ इन्द्रियों के विषय के वश में होकर पतंग समान जिसका मृत्यु होवे सो वशातमरण ६ लगेहुवे दोषों की आलोचना कियेविना मरे सो अंतःशल्य मरण ७ जिसभव का आयुष्य भोगव कर मरे और पुनः उसी भव में आकर उत्पन्न होवे जैसे मनुष्य व तिर्यंच मरकर मनुष्य व तिर्यंच में उत्पन्न होवे सो तद्भव

सूत्र

सत्तरस योजण सहस्साइं सातिरेगाइं उड्डुउच्चत्तेणं १०॥६॥सत्तरसविहे मरणे प० आवीचिमरणे, ओहिमरणे, आयंतियमरणे, वलायमरणे, वसट्ट मरणे, अंतोसल्लमरणे, तब्भवमरणे, बालमरणे, पंडितमरणे, बालपंडितमरणे, छउमत्थमरणे, केवलिमरणे, वेहासमरणे, गिद्धपिट्ठमरणे भत्तप-च्चक्खाणमरणे, इंगिणीमरणे, पाओवगमणमरणे,॥७॥सुहुम संपराएणं भगवं सुहुमसंपरायभावे-वट्टमाणो सत्तरस कम्मपगडीओ णिबंधति तं० अभिणिबोहियणाणावरणं, सुयणाणावर-

भावार्थ

मरण ८ अविरति जीवका मृत्यु सो बालमरण ९ सर्वव्रती साधुका मरण सो पंडित मरण १० देशव्रती श्रावक का मरण सो बालपंडित मरण ११ छद्मस्थ का मृत्यु सो छद्मस्थ मरण १२ केवली का मृत्यु सो केवली मरण १३ वृक्षादिक से गिरकर या गले में फांसी लेकर मरना सो वेहानस मरण १४ गृद्धादि वगैरह जीवोंसे अपना शरीर का भक्षण कराके मरना सो गृद्धपृष्ट मरण १५ आहार पानी का त्याग कर मरना सो भक्त प्रत्याख्यान १६ चारों आहार का त्याग कर व चलने फीरने की भूमिका की मर्यादा कर मरना सो इंगित मरण. इस में किसी की पास वैयावृत्य नहीं कराइजाती है. १७ वृक्षकी छेदी हुई शाखा स्थिर बनकर जमीनपर पडे वैसे ही साधु संथारा किये बाद जिस आसनमें बैठे होवे उसही आसन से रहे और आयुष्य की समाप्ति करे सो पादोपगमन मरण ॥ ७ ॥ सूक्ष्म संपराय गुणस्थान वाले को सत्तरह कर्म प्रकृतियोंका बंध होता है १ मतिज्ञानावरण २ श्रुतज्ञानावरण ३ अवधिज्ञानावरण ४

णे, ओहीणाणावरणं मणपज्जवणाणावरणं, केवलणाणावरणं, चक्खुदंसणावरणं, अचक्खुदंसणावरणं, ओहिदंसणावरणं, केवलदंसणावरणं, सायावेयणिज्जं, जसोकित्तिनामं, उच्चागोयं, दाणंतरायं, लाभंतरायं, भोगंतरायं, उवभोगंतरायं वीरिअ अंतरायं, ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं सत्तरसपलीओवमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए नेरइयाणं उक्कोसेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई प० । छट्ठीए पुढवीए नेरइयाणं जहन्नेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं सत्तरस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाण कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं सत्तरस पलिओवमाइं ठिई

मनःपर्यवज्ञानावरण ५ केवलज्ञानावरण ६ चक्षुदर्शनावरण ७ अचक्षुदर्शनावरण ८ अवधिदर्शनावरण ९ केवलदर्शनावरण १० सातावेदनीय ११ यशःकीर्तिनामकर्म १२ उच्चगोत्र १३ दानांतराय १४ लाभांतराय १५ भोगान्तराय १६ उपभोगान्तराय और १७ वीर्यान्तराय ॥ ८ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी के कितनेक नारकी की स्थिति सत्तरह पल्योपमकी कही, पांचवी नरक में नारकी की उत्कृष्ट सत्तरह

सूत्र

णे, ओहीणाणावरणं, मणपज्जवणाणावरणं, केवलणाणावरणं, चक्खुदंसणावरणं, अच- क्खुदंसणावरणं, ओहीदंसणावरणं, केवलदंसणावरणं, सायावेयणिज्जं, जसोकित्ति- नामं, उच्चागोयं, दाणंतरायं, लाभंतरायं, भोगंतरायं, उवभोगंतरायं वीरिअ अंतरायं, ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइआणं सत्तरसपलीओव- वमाइं ठिई प० । पंचमीए पुढवीए नेरइयाणं उक्कोसेणं सत्तरस साग- रोवमाइं ठिई प० । छट्ठीए पुढवीए नेरइयाणं जहन्नेणं सत्तरस सा- गरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं सत्तरस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणं कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं सत्तरस पलिओवमाइं ठिई

भावार्थ

मनःपर्यवज्ञानावरण ५ केवलज्ञानावरण ६ चक्षुदर्शनावरण ७ अचक्षुदर्शनावरण ८ अवधिदर्शनावरण ९ केवलदर्शनावरण १० सातावेदनीय ११ यशःकीर्तिनामकर्म १२ उच्चगोत्र १३ दानांतराय १४ लाभांतराय १५ भोगान्तराय १६ उपभोगान्तराय और १७ वीर्यान्तराय ॥ ८ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की स्थिति सत्तरह पल्योपमकी कही, पांचवी नरक में नारकी की उत्कृष्ट सत्तरह सागरोपमकी स्थिति कही. छट्ठी पृथ्वीमें नारकी की जघन्य सत्तरह सागरोपमकी स्थिति कही. कितनेक

सूत्र

प० । महासुक्के कप्पे देवाणं उक्कोसेणं सत्तरस सागरोवमाई ठिई प० । सहस्सारे कप्पे देवाणं जहन्नेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा-सामाणं, सुसामाणं, महासामाणं, पउमं, महापउमं, कुमुदं, महाकुमुदं, नालिणं, महानालिणं, पोंडरीअं, महापोंडरीअं, सुक्कं, महासुक्कं, सीहं, सीहकंतं, सीहविअं, भाविअं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाण उक्कोसेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा सत्तरसहिं अद्धमासेहिं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं सत्तरसहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ संतेगतिया भवसिद्धिआ जीवा जे सत्तरसहि भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति ॥ १७ ॥ * * *

भावार्थ

देवलोक में देवताओंकी उत्कृष्ट सतरह सागरोपमकी स्थिति कही. सहस्रार देवलोकमें जघन्य सतरह सागरोपमकी स्थिति कही. सातवे देवलोक में जो सामानिक, सुसामानिक महासामानिक, पद्म, महापद्म कुमुद, महाकुमुद, नलिन, महानलिन, पुंडरीक, महापुंडरीक, शुक्र, महाशुक्र, सिंह, सिंहकान्त, सिंहविद और भावित विमानमें देवतापने उत्पन्न होते हैं उनकी उत्कृष्ट सतरह सागरोपमकी स्थिति कही. वे देवों सतरह पक्षमें श्वासोश्वास लेते हैं और सतरह हजार वर्ष में उनको आहारकी इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवि जीव सतरह भव कर के सिझेंगे, बुझेंगे यावत सब दुःखोंका अंत करेंगे ॥ १७ ॥

अट्ठारसविहे बंभे प० तं० उरालिए कामभोगे णय सयं मणेणं सेवइ, नोवि अन्नं मणेणं सेवावेइ, मणेणं सेवंतंवि अन्नं नसमणुजाणाइ; उरालिए कामभोगे नेवसयं वायाए सेवइ, नोवि अन्नं वायाए सेवावेइ, वायाए सेवंतंवि अन्नं नसमणुजाणाइ, उरालिए कामभोगे नेव सयं काएणं सेवइ, नोवि अन्नं काएणं सेवावेइ, काएणं सेवंतंवि अन्नं नसमणुजाणाइ; । दिव्वेकामभोगे नेव सयं मणेणं सेवइ, नोविअन्नं मणेणं सेवावेइ, मणेणं सेवंतंवि अन्नं नसमणुजाणाइ; दिव्वेकामभोगे नेव सयं वायाए सेवइ, नोविअन्नं वायाए सेवावेइ, वायाए सेवंतंवि अन्नं नसमणुजाणाइ; दिव्वेकामभोगे नेव सयं काएणं सेवइ, नोवि अन्नं काएणं सेवावेइ, काएणं सेवंतंवि अन्नं

अठारह प्रकार का ब्रह्मचर्य कहा. १ उदारिक शरीर (मनुष्यणी तिर्यंचणी) संबंधी कामभोग मनसे सेवे नहीं २ अन्य को मनसे सेवन करावे नहीं ३ सेवन करते को मनसे अच्छाजाने नहीं ४ उदारिक शरीर संबंधी काम भोग स्वयं वचनसे सेवे नहीं ५ अन्य को वचनसे सेवन करावे नहीं ६ अन्य सेवन करते को वचनसे अच्छा जाने नहीं ७ उदारिक शरीर संबंधी काम भोग कायासे स्वयं सेवे नहीं ८ अन्य को सेवन करावे नहीं ९ अन्य सेवन करते को कायासे अच्छाजाने नहीं. जैसे उदारिक शरीर के नव भेद वैसेही वैक्रेय शरीर (देवांगना) संबंधी मन, वचन व काया से सेवन करना, सेवन कराना. व अनुमोदना का

सूत्र

नसमणुजाणाइ ॥ १ ॥ अरहतोणं अरिट्ठनेमिस्स अट्ठारससमणसाहस्सीओ उक्कोसया समणसंपया होत्था ॥ २ ॥ समणेणं भगवया महावीरेणं समणाणं निग्गंथाणं सखुड्डयवियत्ताणं अट्ठारसट्ठाणा प० तं० वयछक्कं कायछक्कं, अकप्पो गिहिभायणं, पलियंक निसिज्जाय, सिणाणं सोभवज्जणं ॥ ३ ॥ आयारस्सणं भगवतो सचूलिआगस्स अट्ठारस पयसहस्साइं पयग्गेणं प० ॥ ४ ॥ बंभीएणं लिवीए अट्ठारसविहेलेक्खविहाणे प० तं० बंभी, जवणालिया, दोसऊरिया खरोट्ठिया, खरसाविया पहाराइया उच्चत्तरिया अक्खरपुट्ठिया ॥ १ ॥ भोगवयत्ता वेयणतिया, णिण्हइया अंकलिवि, गणिअलिवि

भावार्थ

नवभांगा जानना. सवमीलकर अठारह हुवे ॥ १ ॥ अरिहंत श्री अरिष्टनेमी को अठारह हजार साधु की उत्कृष्ट संपदा थी ॥ २ ॥ वय व श्रुतसे क्षुद्र व व्यक्त श्री श्रमण निर्ग्रंथ को अठारह प्रकार के स्थानक पालने योग्य कहे हैं. छ व्रत, षट्काय, १३ अकल्पनीय वस्त्रपात्रादि १४ गृहस्थ के भाजन में आहार पानी करना १५ पल्यंक मंचकादि पर शयनासन १६ गृहस्थ के घर बैठना १७ शरीर प्रक्षालन करना और १८ शरीर की शोभा करना ॥ ३ ॥ प्रथम आचारांग सूत्र के दोनों श्रुत स्कंध की अठारह हजार पद संख्या कही ॥ ४ ॥ श्री ऋषभदेव की पुत्री ब्राह्मीजी को अठारह प्रकार की लिखनेकी लिपि कही. १ ब्राह्मी लिपि २ यवनालिपि ३ दोस उपरिका ४ खरोट्ठिया ५ खरसाविया ६ पहारा ७ उच्चतरिया ८ अक्षर पुत्तिया ९ भोगवइत्ता

नत्थिप्पवायस्सणं पुव्वस्स अट्ठारसवत्थू प० ॥ ६ ॥ धूमप्पभाएणं पुढवीए अट्ठारसुत्तरं जोयण सयसहस्सं बाहल्लेणं प० । ॥ ७ ॥ पोसासाढेसुणं मासेसु सइ उक्कोसेणं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ । सइ उक्कोसेणं अट्ठारस मुहुत्ता राती भवइ, ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं अट्ठारसपलिओवमाइं ठिई प० । छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई प० । असुर कुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं अट्ठारस पलिओवमाइं ठिई प०। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं अट्ठारस पलिओवमाइं ठिई प०। सहस्सारे कप्पेसु देवाणं उक्कोसेणं

१० वेयणतिया ११ निन्हइया १२ अंक लिपि १३ गणित लिपि १४ गंधर्व लिपि १५ आदर्श लिपि १६ माहेश्वर लिपि १७ दामालिपि और १८ बोलिदिलिपि ॥ ५ ॥ अस्तिनास्ति प्रवाद पूर्व की अठारह वस्तु कही. ॥ ६ ॥ पांचवी धूमप्रभा नामक नरक का एकलाख अठारह हजार योजन का पृथ्वीपिंड कहा. ॥ ७ ॥ पोष व आषाढ मासमें एक वक्त अठारह मुहूर्तका दिन व अठारह मुहूर्तकी रात्रि होती है अर्थात् पोष पूर्णिमा मकरसंक्रांति में अठारह मुहूर्त की रात्रि होती है और आषाढी पूनम में कर्कसंक्रान्ति का अठारह मुहूर्त का दिन होता है. ॥ ८ ॥ इस रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की अठारह पल्योपम की

सूत्र

अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई प० । आणए कप्पेसु देवाणं जहन्नेणं अ-ट्ठारस सागरोवमाइं ठिई प० । जे देवा कालं, सुकालं, महाकालं, अंजणं, रिट्ठि-मा-लं, समाणं, दुमं, महादुमं, विसालं, सुसालं, पउमं, पउमगुम्मं, कुमुदं कुमुदगुम्मं, नलिणं, नलिणगुम्मं, पुंडरीअं, पुंडरीयगुम्मं, सहस्सारवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवाणं अट्ठारसहिं अद्धमासेहिं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं अट्ठारस वाससहस्सेहिं आहारट्ठे स-मुप्पज्जइ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जे अट्ठारसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव

भावार्थ

स्थिति कही. छठी नारकी में कितनेक नेरयों की अठारह सागरोपमकी स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार व सौधर्म, ईशान देवलोक में देवताओं की स्थिति अठारह पल्योपमकी कही. सहस्रार देवलोक में देवों की उत्कृष्ट स्थिति अठारह सागरोपम की कही. आणत देवलोक में देवों की जघन्यस्थिति अठारह सागरोपम की कही. आठवा देवलोक में जो देव काल, सुकाल, महाकाल, अंजन, रिष्ट, माल, समान, द्रुम, महाद्रुम, विशाल, सुशाल, पद्म, पद्मगुल्म, कुमुद, कुमुदगुल्म, नलिन, नलिनगुल्म, पौंडरीक, पौंडरीकगुल्म, और सहस्रारवतंसक विमान में देवतापने उत्पन्न होते हैं उनकी उत्कृष्ट स्थिति अठारह सागरोपमकी कही. वे देवता अठारह पक्षमें श्वासोश्वास लेते हैं और उनको अठारह हजार वर्षमें आहारकी इच्छा

॥ १८ ॥

एगूणवीस णायज्झयणा प० तं० उक्खित्तणाए, संघाडे, अंडे, कुम्मेअ, सेलए, तुंबेअ, रोहिणी, मल्ली, मागंदी, चंदमाविअ, दावद्दवे, ओदगणाए, मंडुके, तेतली-

उत्पन्न होती है. कितनेक भविजीव अठारह भव करके सिझेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ १८ ॥ एह ज्ञाता धर्म कथांग के प्रथम श्रुतस्कंध के नीतिमार्ग सूचक १९ अध्ययन कहे हैं. १ उक्खित्तज्ञाय-हाथी के भव में शशला निमित्त हस्तीने अपना पांव नीचे नहीं रखा और इस तरह पांव अकडाने से पडगया. वहां से मरकर श्रेणिकराजा का पुत्र मेघकुमार हुवा. २ संघाडक—पुत्रकी घात करनेवाला चोर की साथ खोड में सेठजी रहे. लघु नीत बडीनीतादि कारण निमित्त उस का भी पोषण किया. ३ मयूर के दो अंडे का एक अंडे में श्रद्धा होनेसे बच्चा हुवा और दूसरे में श्रद्धा नहीं होने से बच्चा नहीं हुआ. ४ काच्छबा काच्छबेने अपना [illegible] रखकर रहे जिन से शृगाल से बचगया ५ सेलक राजर्षि—पंथकजी की भक्ति का ६ तुम्बी का-तुम्बी [illegible] लेप लगने से डुबती है और लेप नहीं लगने से तीरती है. ७ रोहिणी-श्रेष्ठि के कनिष्ट पुत्र की बहू [illegible] के दाने से घर भर दिये ८ मल्ली कुमारीने छ राजा को प्रतिबोध दिया ९ माकंदी [illegible] रत्ना देवी के वश में फसगया और जिनपाल वश नहीं होने से सुखी हुवा. १० चंद्र की कला की तरह जीव के कर्म की हानि व वृद्धि होती है ११ दावद्रव वृक्ष जैसे संसार का आराधपना है

...अमरकंकी, आइण्णे, सुंसमाइअ, अवरेअ, पोंडरीएणाए, एकूणवी-
समे ॥ १ ॥ जंबूदीवेणंदीवे सूरिआ उक्कोसेणं एगुणवीसजोयण सयाइं उड्ढं
अहे तवइ ॥ २ ॥ सुक्केणं महग्गहे अवरेणं उइअसमणे एकूणवीसं णक्खत्ताइं
समं चारं चरित्ता, अवरेणं अत्थमणं उवागच्छइ ॥ ३ ॥ जंबूदीवस्सणं दीवस्स
कलाओ एगुणवीसं छेअणाओ प० ॥४॥ एगूणवीसं तित्थयरा अगार वासमज्झे

भावार्थ १२ सुबुद्धि प्रधानने दुर्गंधितपानी को शुद्ध करके जितशत्रुराजा को समझाया १३ नंदनमणिआर ब्रतभंग करने से मेंडक हुवा और फीर धर्माचरण करने से स्वर्ग में गया १४ तेतली प्रधान अपनी पोट्टिला स्त्री से प्रतिबोध पाया १५ नंदीफल का १६ धातकी खंड में भरतक्षेत्र की अमरकंका नगरी में श्री कृष्ण द्रौपदी लाने को गये. १७ आकीर्ण देश के घोडे पांच इन्द्रियों के वश में पडकर दुःख पाये. १८ सुसमा पुत्री को चोरने मारी. धन्नासार्थवाहने उस का रक्षण किया. १९ कुंडरीक संयम से भ्रष्ट हुवा तब पुंडरीक साधु बने॥ १ ॥ जम्बूद्वीप में ऊंचे नीचे मीलकर सूर्य १९०० योजन तक तपता है (सूर्य के विमान से १०० योजन ऊपर, ८०० योजन नीचे समभूमि से और समभूमि से १००० योजन नीचे सलिलावती विजय है वहां भी सूर्य का ताप है) ॥२॥ शुक्र नामक महाग्रह पश्चिम दिशा में उदित होकर उन्नीस नक्षत्र की साथ भ्रमण कर पश्चिम दिशा में ही अस्त होता है ॥ ३ ॥ एक योजन का उन्नीसवा भाग को कला कहते हैं ॥

... अनुयोग भतकारस्सात ॥ १८ ॥

* * *

एकूणवीस णायज्झयणा प० तं० उक्खित्तणाए, संघाडे, अंडे, कुम्मेअ, सेलए, तुंबेअ, रोहिणी, मल्ली, मागंदी, चंदमातिअ, दावद्दवे, ओदगणाए, मंडुक्के, तेतली-

उत्पन्न होती है. कितनेक भविजीव अठारह भव करके सिझेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ १८ ॥

छठा ज्ञाता धर्म कथांगके प्रथम श्रुतस्कंध के नीतिमार्ग सूचक १९ अध्ययन कहे हैं. १ उत्क्षिप्तज्ञाय–शशले की रक्षा निमित्त हस्तीने अपना पां. नीचे नहीं रखा और इस तरह पांव अकडाने से पडगया. वहां से मरकर श्रेणिकराजा का पुत्र मेघकुमार हुआ. २ संघाडक—पुत्रकी घात करनेवाला चोर की साथ खोड में सेठजी रहे. लघुनीत वडीनीतादि कारण निमित्त उस का भी पोषण किया. ३ मयूर के दो अंडे का एक अंडेमें मे श्रद्धा होनेस बचा हुआ और दूसरे में श्रद्धा नहीं होने से बचा नहीं हुआ. ४ काच्छवा काच्छवेने अवयव गोपकर रखे जिन से शृगाल से बचगया ५ सेलक राजर्षि—पंथकजी की भक्ति का ६ तुम्बी का-तुम्बी मिट्टि का लेप लगने से डुबती है और लेप नहीं लगने से तीरती है. ७ रोहिणी-श्रेष्ठि के कनिष्ट पुत्र की वधु ने पांच दा ी के दाने से बंडे भर दिये ८ मल्ली कुमारीने छ राजा को प्रतिबोध दिया ९ माकंदी पुत्र जिनरक्ष रयणा देवी के वश मे मारागया और जिनपाल वश नहीं होने से सुखी हुवा. १० चंद्र की कला की तरह जीव के कर्म की हानि व वृद्धि होती है ११ दावद्रव वृक्ष जैसे संसार का अस्थिरपना है

सूत्र

इअ, नंदिफले, अवरकंका, आइण्णे, सुसमाइअ, अवरेअ, पोंडरीएणाए, एकूणवी-समे ॥ १ ॥ जंबुद्दीवेणंदीवे सूरिआ उक्कोसेणं एगूणवीसजोयण सयाइं उड्ढं अहे तवइ ॥ २ ॥ सुक्केणं महग्गहे अवरेणं उइअसमणे एकूणवीसं णक्खत्ताइं समं चारं चरित्ता, अवरेणं अत्थमणं उवागच्छइ ॥ ३ ॥ जंबूद्दीवस्सणं दीवस्स कलाओ एगूणवीसं छेअणाओ प० ॥४॥ एगूणवीसं तित्थयरा अगार वासमज्झे

भावार्थ

१२ सुबुद्धि प्रधानने दुर्गंधितपानी को शुद्ध करके जितशत्रुराजा को समझाया १३ नंदनमणिआर व्रतभंग करने से मेंडक हुवा और फीर धर्माचरण करने से स्वर्ग में गया १४ तेतली प्रधान अपनी पोट्टिला स्त्री से प्रतिबोध पाया १५ नंदीफल का १६ धातकी खंड में भरतक्षेत्र की अमरकंका नगरी में श्री कृष्ण द्रौपदी लाने को गये. १७ आकीर्ण देश के घोडे पांच इन्द्रियों के वश में पडकर दुःख पाये. १८ सुषमा पुत्री को चोरने मारा. धन्नासार्थवाहने उस का रक्षण किया. १९ कुंडरीक संयम से भ्रष्ट हुवा जान पुंडरीक साधु बने ॥ १ ॥ जम्बूद्वीप में ऊंचे नीचे मीलकर सूर्य १९०० योजन तक तपता है (सूर्य के विमान से १०० योजन ऊपर, ८०० योजन नीचे समभूमि पे और समभूमि से १००० योजन नीचे सलिलावती विजय है वहां भी सूर्य का ताप है) ॥२॥ शुक्र नामक महाग्रह पश्चिम दिशा में उदित होकर उन्नीस नक्षत्र की साथ भ्रमण कर पश्चिम दिशा में ही अस्त होता है ॥ ३ ॥ एक योजन का उन्नीसवा भाग को कला कहते हैं ॥ ४ ॥ श्री महावीर

वासित्ता मुंडे, भवित्ताणं अगाराओ अणगारिअं पव्वइआ ॥ ५ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एगूणवीस पलिओवमाइं ठिई प० ॥ छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एगूणवीस सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं एगूणवीस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं एगूणवीसपलिओवमाइंठिई प० । आणयकप्पे देवाणं उक्कोसेणं एगूणवीससागरोवमाइं ठिई प० । पाणएकप्पे देवाणं जहन्नेणं एगूणवीस सागरोवमाइंठिई प० । जेदेवा-आणतं, पाणतं, णतं, विणतं, पणं, सुसिरं, इंदं, इंदकंतं, इंदुत्तरवडिसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं एगूणवीस

स्वामी, श्री पार्श्वनाथ, श्री नेमीनाथ, श्री मल्लीनाथ, और श्री वासुपूज्य इन पांच तीर्थंकर विना उन्नीस तीर्थंकर गृहस्थवास में रहकर दीक्षित हुवे ॥ ५ ॥ रत्नप्रभा नामक नरक में कितनेक नारकीओं का उन्नीस पल्योपम का आयुष्य कहा. छठी नरक में कितनेक नारकी का आयुष्य उन्नीस सागरोपम का कहा. कितनेक असुरकुमार देवताओं का व सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं का उन्नीस पल्योपम का आयुष्य कहा. आणत देवताओं का आयुष्य उत्कृष्ट उन्नीस सागरोपम का कहा. प्राणत देवलोक में देवताओं का आयुष्य जघन्य उन्नीस सागरोपम का कहा. जो आणत, प्राणत, नत, विनत, पणक, सुषिर,

सूत्र

सागरोवमाइंठिई प० । तेणंदेवा एगूणवीसाए अद्धमासाणं आणमंतिवा ९ ॥ तेसिणं देवाणं एगूणवीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ । संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे एगूणवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाणं अंतंकरिस्संति॥१९॥ वीसं असमाहिट्ठाणा प० तं० दवदव चारिआविभवइ, अपमज्जिअ चारिआवि भवइ । दुप्पमज्जिय चारिआवि भवइ, अनिरित्तसज्जासेणिए; रातिणिअपरिभासी, थेरोवघाइए, भूओवघाइए, संजलणे, कोहणे, पिट्ठिमंसए, अभिक्खणं ओहारइत्ता भवइ,

भावार्थ

इन्द्र, इन्द्रकान्त, इन्द्रोत्तरवतंसक विमान में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट स्थिति उन्नीस सागरोपम की कही. उक्त देवों उन्नीस अर्धमास में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को उन्नीस हजार वर्षमें आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भविजीव उन्नीस भवमें सिद्ध होंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥१९॥ बीस असमाधिके स्थानक कहे हैं. १ शीघ्र २ चलने चित्तकी व्यग्रतासे बहुत जीवोंका घातिक बने और गीरजाने सो स्वतःकोभी दुःख होवे.सो असमाधि२बिना पुंजेचलेतो असमाधि हो३अयतना रीतिसे पुंजना सो असमाधि ४ मर्यादासे अधिक शय्यासन सेवे ५ रत्नाधिक साधुकी समीप मर्यादा रहित बोले ६ स्थविर वृद्धसाधु की घात चिन्तवे ७ प्राणभूतजीव व सत्व की घात चिन्तवे ८ क्षण २ में क्रोध करे ९ सदैवक्रोधी रहे १० पीठे अवर्णवाद बोले ११ वारंवार निश्चयकारी भाषा बोले १२ नवीन क्लेशकी उदीरणा करे

सूत्र

णवाणं अधिकरणाणं अणुप्पणं उप्पाएत्ताभवइ, पोराणाणं अधिकरणाणं खामिअविओ सविआणं पुणोदीरेत्ताभवइ, ससरक्ख पाणिपाए, अकालसज्झायकारएआविभइ, कलहकरे, सद्दकरे झंझकरे सूरप्पमाणाभोई, एसणासमिते आविभवइ ॥ १ ॥ मुणिसुव्वएणं अरहा वीसधणूइं उड्डुं उच्चत्तेणं होत्था ॥ २ ॥ सव्वेविअणं घणोदही वीसं जोयणसहस्साइं बाहल्लेणं प० ॥ ३ ॥ पाणयस्सणं देविंदस्स देवरण्णो वीसं सामाणिअ साहस्सीओ प० ॥ ४ ॥ णपुंसय वेअणिज्जस्सणं कम्मस्स वीसं सागरोवमो कोडाकोडीओ वंधओ वंधट्ठिई प० ॥ ५ ॥ पच्चक्खाणपुव्वस्स

भावार्थ

१३ जो क्लेश उपशमा होवे उस की उदीरणा करे १४ सचित्त रजसे भरे हुवे हाथ पात्र विना पूंजे आसन वगैरा वापरे १५ अकाल में स्वाध्याय करे १६ कलह करे तो १७ महररात्रि व्यतीत हुवे पीछे उच्चस्वर से बोले १८ गच्छ में भेद पडे वैसा करे १९ सूर्योदय से सूर्यास्त तक आहार करे अर्थात् नवकारसी आदि प्रत्याख्यान करे नहीं २० आहार पानी की गवेषणा किये विना ग्रहण करे ॥ १ ॥ वीसवे श्री मुनिसुव्रत तीर्थंकरके शरीर की अवगाहना वीस धनुष्य की थी ॥ २ ॥ सातवी नरककी नीचे घनोदधि वीस हजार योजन का जाडा कहा ॥ ३ ॥ प्राणत देवेन्द्रको वीस हजार सामानिक देव हैं ॥ ४ ॥ नपुंसक वेदनीय कर्म की वीस कोडाकोडी सागरोपम की बंध स्थिति कही ॥ ५ ॥ नववा प्रत्याख्यान पूर्व की

सूत्र

वीसं वत्थू ॥ ६ ॥ उस्सप्पिणिमंडले वीसं सागरोवम कोडाकोडीओकालो प० ॥ ७ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइयाणं वीसं पलिओवमाइं ठिई प० ॥ छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं वीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं वीसंपलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं वीसं पलिओवमाइंठिई प० । पाणते कप्पेसु देवाणं उक्कोसेणं वीसं सागरोवमाइंठिई प० । आरणे कप्पेसु देवाणं जहन्नेणं वीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवासायं, विसायं, सिद्धत्थं, उप्पलं, भित्तिलं, तिगिच्छं, दिसा, सोवत्थियं, पलं, रुइलं, पुप्फं, सुपुप्फं, पुप्फावत्तं, पुप्फपभं,

भावार्थ

बीस वस्तु कही ॥ ६ ॥ उत्सर्पिणी व अवसर्पिणी मीलकर बीस क्रोडाक्रोडी सागरोपमका एक काल चक्र होता है ॥ ७ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी का बीस पल्योपम का आयुष्य कहा. छट्ठी नारकी में कितनेक नेरयोंकी बीस सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवता व सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की बीस पल्योपम की स्थिति कही. प्राणत देवलोक में देवताओं की उत्कृष्ट बीस सागरोपम की स्थिति कही. आरण देवलोक में देवताओं की जघन्य बीस सागरोपम की स्थिति कही. दशवे देवलोक में जो सात, विसात, सिद्धार्थ, उत्पल, भित्तिल, तिगिच्छ,

पुप्फकंतं, पुप्फवणं, पुप्फलेसं, पुप्फज्झयं, पुप्फसिंगं, पुप्फसिद्धं पुप्फुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाण उक्कोसेणं वीसंसागरोवमाइं ठिई प० । तेणंदेवा वीसाए अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं वीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे वीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाण मंतंकरिस्संति ॥ २० ॥ * * *

एक्कवीसं सबला प० तं० हत्थकम्मं करेमाणे सबले, मेहुणं पाडिसेवमाणे सबले, राइभोयणं भुंजमाणे सबले; आहाकम्मं भुंजमाणे सबले; सागरियंपिंडं भुंजमाणेसबले; उद्देसियं, कीयं, आहट्ट दिज्जमाणं भुंजमाणे सबले; आभिक्खणं आभिक्खणं पडियाइ क्खेत्ताणं भुंजमाणे सबले; अंतो छण्णं मासाणं गणाओ गणं संकममाणे सबले; अंतो-

भावार्थ

दिमा, सौवस्तिक, पद्म, रुचिर, पुष्प, सुपुष्प, पुष्पावर्त, पुष्पप्रभ, पुष्पकान्त, पुष्पवर्ण, पुष्पलेश, पुष्पध्वज, पुष्पसिद्ध, पुष्पोत्तरावतंसक नामक विमानों में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट बीस सागरोपम की स्थिति कही. वे देवता बीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं. बीस हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवीजीव बीस भव करके सिझेंगे, बुझेंगे यावत् सब दुःखोंका अंत करेंगे ॥ २० ॥

इक्कीसबल दोष (संयम के घातकरनेवाले दोष) १ हस्तकर्म करना २ मैथुन सेवन करना ३ रा-

सूत्र

मासस्स तओ दगलेवे करेमाणे सबले। अंतोमासस्स तओ माइट्ठाणे सेवमाणे सबले। रायपिंडं भुंजमाणे सबले; आउट्टियाए पाणाइवायं करेमाणे सबले, आउट्टियाए मुसावायं वदमाणे सबले; आउट्टियाए अदिण्णादाणं गिण्हमाणे सबले; आउट्टियाए अणंतरहिआए पुढवीए ठाणं वा, सिज्जं वा, निसिहियं वा, चेतेमाणे सबले; एवं आउट्टिया चित्तमंताए पुढवीए; एवं आउट्टिया चित्तमंताए सलाए कुलावासंतिया दारुए ठाणं वा निसिहियं वा चेतेमाणे सबले; जीवपइट्ठिए—सपाणे, सबीए, सहरिए, सउत्तिंगे, पणग, दग, मट्टी, मक्कडा, संताणए, तहप्पगारं ठाणं वा सिज्जं वा, निसिहियं वा चेतेमाणे सबले; आउट्टियाए मूलभोयणं वा, कंदभोयणं वा तयाभोयणं वा, पवालभोयणं वा, पुप्फभोयणं वा, फलभोयणं वा, हरियभो-

भावार्थ

तिभोजन करना ४ आधाकर्मी आहार भोगना ५ शय्यातरपिंड भोगना ६ उद्देशिक आहार भोगना, मोल लाया हुआ आहार भोगना, व सामने लाकर दिया हुआ आहार भोगना ७ वारंवार प्रत्याख्यान करना ८ छः महिने में संप्रदाय बदलना ९ एक मास में तीन बडी नदियों उल्लंघना १० एक मास में तीन मायास्थान सेवे ११ राजपिंड भी अशुद्ध आहार करे १२ आकुट्टी पृथ्व्यादि जीवों की घात करे १३ आकुट्टी मृषाबोले १४ आकुट्टी चोरी करे १५ आकुट्टी सचित पृथ्वीपर सोवे, बैठे १६ सचित्त मिश्र पाषाण वगैरह पर बैठना १७ प्राणभूत जीव व सत्व पर सोना बैठना १८ आकुट्टी, मूल, कंद, बीज

सूत्र

यणंवा, भुंजमाणे सबले; अंतो संवच्छरस्स दसदगलेवेकरेमाणे सबले; अंतोसंवच्छरस्स दसमाइट्ठाणाइं सेवमाणे सबले; आभिक्खणं रीतोदय वियड वग्घारिय पाणिणा असणंवा, पाणंवा, खाइमंवा साइमंवा, पडिगाहित्ता भुंजमाणे सबले; ॥१॥ णिअट्टि बादरस्सणं खवितसत्तयस्स मोहणिज्जस्स कम्मस्स एकवीसकम्मं सासंत कम्मा प० तं० अपच्चक्खाण कसाए कोहे, अपच्चक्खाण कसाएमाणे, अपच्चक्खाण कसाएमाया, अपच्चक्खाण कसाएलोभे, पच्चक्खाणावरण कसाए कोहे, पच्चक्खाणावरण कसाए माणे, पच्चक्खाणावरणकसाए माया, पच्चक्खाणावरण कसाएलोभे, संजलण कसाए कोहे, संजलण कसाएमाणे, संजलण कसाए माया, संजलण कसाए लोभे, इत्थिवेदे,

भावार्थ

हरितकायादिक का आहार करे १९ एक वर्ष में दश वक्त बडी नदियोंका लेप लगावे अर्थात् उतरे २० एक वर्ष में दशवक्तमाया का स्थान सेवे २१ सचित्त पानी व रजसे भरे हुए हाथोंसे आहार पानी ग्रहण कर भोगवे तो सबल दोष लगे ॥ १ ॥ दर्शन सम्यक्त्व क्षय करनेवाले निवृत्तिबादर गुणस्थानवर्ती को मोहनीय कर्म की इक्कीस प्रकृति सत्ता में रहती है. अप्रत्याख्यानी क्रोध मान माया व लोभ; प्रत्याख्यानी क्रोध, मान, माया, व लोभ; संज्वलन क्रोध, मान माया, व लोभ; १३ स्त्रीवेद १४ पुरुष वेद १५ नपुंसक

सूत्र

पुंवेदे,, णपुंसगवेदे, हासे, अरति, रति, भय, सोक, दुगंछा ॥ २ ॥ एक्कमेक्काएणं ओसप्पिणो पंचम छट्ठाओ समाओ एक्कवीस २ वास सहस्साइं कालेणं प०तं० दूसमा दुसमदूसमा एगमेगाएणं उस्साप्पिणीए पढम त्रितिआओ समाओ एक्कवीस एक्कवीस वाससहस्साइं कालेण प० तं० दुसमदुसमाए, दुसमाए ॥ ३ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एक्कवीस पलिओवमाइं ठिई प० । छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एक्कवीस सागरोवमाइं ठिई प० । असुर कुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं एक्कवीस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं एक्कवीसपलिओवमाइं ठिई प० । आरणेसु कप्पेदेवाणं

भावार्थ

वेद १६ हास्य १७ अराति १८ राति १९ भय २० शोक और २१ दुर्गछा ॥२॥ अवसर्पिणी काल में पांचवा दुसम छठा दुषमदुषमा नामक समय वैसेही उत्सर्पिणी काल में पहिला दुषम दुषमा व दूसरा दुषम काल समय इक्कीस हजार वर्षका कहा ॥ ३ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की इक्कीस पल्योपम की स्थिति कही. छठी पृथ्वी में कितनेक नारकी की इक्कीस सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवताओंकी वैसेही सौधर्म ईशान देवलोक के कितनेक देवोंकी इक्कीस पल्योपम की स्थिति कही. आरण देवलोक में देवताओंकी उत्कृष्ट स्थिति इक्कीस सागरोपम की कही. अच्युत देवलोक में देवताओं

सूत्र

उक्कोसेणं एक्कवीसं सागरोवमाइं ठिई प० । अच्चुते कप्पे देवाणं जहन्नेणं एक्कवीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा - सिरिवच्छं, सिरिदामं, कंडं, मल्लकिट्टं, चावोण्णतं, अरण्णवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं एक्कवी सागरोवमाइं ठिई प०। तेणं देवाणं एक्कवीसाए अद्धमासाए आणमंतिवा ४ ॥ तेसिणं देवाणं एक्कवीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ । संतेगतियाजीवा जे एक्कवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जावसव्व दुक्खाण मंतं करिस्संति ॥ २१ ॥ * *

बावीस परीसहा प० तं० दिगंछा परीसहे, पिवासा परीसहे, सीतपरीसहे, उसिणपरीसहे, दंसमसग परीसहे, अचेलपरीसहे, अरइ परीसहे, इत्थीपरीसहे, चरियापरीसहे,

भावार्थ

की जघन्य स्थिति इक्कीस सागरोपम की कही अग्यारवे देवलोक में जो देवता श्री वत्स, श्रीदाम, कांड, माल्यकृष्ट, चापोन्नत. अरणावतंसक विमान में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट स्थिति इक्कीस सागरोपम की कही. उन देवों इक्कीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और इक्कीस हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवि जीव इक्कीस भव कर के सिझेंगे, बुझेंगे यावत् सब दुःखोंका अंत करेंगे यह इक्कीसवा समवाय संपूर्ण ॥ २१ ॥ * * * *

बावीस प्रकारके परिषह कहे हैं १ दिगिच्छा-क्षुधापरिषह २ पिपासा परिषह ३ शीत ४ ऊष्ण ५ दंसम-

सूत्र

निसिहिया परीसहे, सिज्जापरीसहे, अक्कोसपरीसहे, वहपरीसहे, जायणापरीसहे, अला-भपरीसहे, रोगपरीसहे, तणफासपरीसहे, जल्लपरीसहे, सक्कारपुरक्कार परीसहे, पण्णापरी-सहे, अन्नाण परीसहे, दंसणपरीसहे, ॥ १ ॥ दिट्ठिवायस्सणं बावीसं सुत्ताइं छिन्नछे-

भावार्थ

मशक ६ अचेल ७ अरति ८ स्त्री ९ चर्या १० निसिया बैठने का परिषह ११ शय्या १२ आक्रोश १३ वध १४ याचना १५ अलाभ १६ रोग १७ तृण स्पर्श १८ मैल का १९ सत्कार पुरस्कार २० परिज्ञा २१ अज्ञान व २२ दर्शन परिषह ॥ १ ॥ बारहवा दृष्टिवाद अंग के पांच भेद—१ परिकर्म, २ सूत्र ३ पूर्व-गत ४ प्रथमानुयोग ५ चूलिका. इस में से दूसरा भेद जो सूत्र (सर्व द्रव्य पर्याय की सूचना) है उस की छिन्नछेदनय इति नयक. सूत्र को छिन्न अर्थात् छेदन करके अलग २ किये जैसे "धम्मो मंगल मुक्किट्ठं" इत्यादि श्लोक सूत्रार्थ से छेदन करनेसे रहे. अन्य श्लोक की अपेक्षा करे नहीं. जो सूत्र छिन्न छेदनयवंत हैं उन को छिन्न छेदनय कहिये. स्वसमय जिनमत आश्रीत सूत्रपरिपाटी सूत्र पद्धति के विषय है. बावीस सूत्र अच्छिन्न छेदन य हैं. नय कहिये सूत्र छेदन कर छिन्न नहीं खंडित नहीं उसे अच्छिन्न छेद नय कहना. [illegible] "धम्मो मंगल मुक्किट्ठं" इत्यादि श्लोक की वांछा करे सो बावीस सूत्र अच्छिन्न छेदनय कहे आजी-विक गोशाला के मत परिपाटी—सूत्र पद्धति के विषय कहे हैं. बावीस सूत्र त्रिकनयवंत ये गोशालक मता-नुसारी सूत्र परिपाटी है. जैसे नय चिंता में तीन राशि द्रव्यास्तिक, पर्यायास्तिक, उभयास्तिक. तथा

णाइयाई गतागयसुत्त परिवाडीए बावीसं सुत्ताइं अछिन्नछेअणाइयाइं ॥ २ ॥ आ-जीवियसुत्त परिवाडीए बावीसं सुत्ताइं तिगणइयाइं, तेरासिअ सुत्तपरिवाडीए बावी-सं सुत्ताइं चउक्कणइयाइं समयसुत्त परिवाडीए ॥ ३ ॥ बावीसइविहे पोग्गलपरिणामे प॰ तं॰ कालवण्णपरिणामे, नीलवण्णपरिणामे, लोहियवण्णपरिणामे, हालिद्दव-ण्णपरिणामे, सुक्किलवण्णपरिणामे, सुब्भिगंधपरिणामे दुब्भिगंधपरिणामे, तित्तरस परिणामे, कडुयरसपरिणामे, कसायरसपरिणामे, अंबिलरसपरिणामे, महुररसपरिणामे, कक्खडफासपरिणामे, मउअफासपरिणामे गुरुफासपरिणामे, लहुफासपरिणामे, सीतफास-परिणामे, उसिणफासपरिणामे, णिद्धफासपरिणामे, लुक्खफासपरिणामे, अगुरुलहुपरिणामे,

जीवअजीव व जीवाजीव, लोक, अलोक व लोकालोक ऐसे राशि के बावीस सूत्र कहे हैं ॥ २ ॥ बावीस सूत्र चतुष्क नयवाले कहे हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, और ऋजुसूत्र यों ४ नयवाले २२ सूत्र स्वसमय जैन मतानुसारी सूत्र परिपाटी है ॥ ३ ॥ बावीस प्रकारका पुद्गल परिणाम कहे हैं. १ कृष्ण वर्ण पुद्गल परिणाम २ नील, ३ रक्त ४ पीत ५ श्वेत वर्ण पुद्गल परिणाम ६ सुरभिगंध ७ दुरभिगंध ८ तिक्त ९ कटुक १० कषायल ११ अम्बर १२ मधुर १३ कर्कश १४ मृदु १५ गुरु १६ लघु १७ शीत १८ उष्ण १९ स्निग्ध

सूत्र

गुरुलहु परिणामे, ॥ ४ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइयाणं बावीस पलिओवमाई ठिई प० । छट्ठीए पुढवीए नेरइयाणं उक्कोसेणं बावीससागरोवमाइं ठिई प० । अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइयाणं जहन्नेणं बावीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं बावीस पलिओवमाई ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं बावीस पलिओवमाई ठिई प० । अच्चुते कप्पे देवाणं उक्कोसेणं बावीसं सागरोवमाइं ठिई प० । हेट्ठिमहेट्ठिम गेवेज्जगाणं देवाणं जहन्नेणं बावीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जे देवा महिअं विसुहिअं, विमलं, पभासं, वणमालं,

भावार्थ

२० म्हा २१ अगुरु लघु और २२ गुरु लघु परिणाम ॥ ४ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की बावीस पल्योपम की स्थिति कही. छठी पृथ्वी में नारकी की उत्कृष्ट बावीस सागरोपम की स्थिति कही. सातवी पृथ्वी में नारकी की जघन्य स्थिति बावीस सागरोपम की कही. कितनेक असुरकुमार देव व साधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की स्थिति बावीस पल्योपम की कही. अच्युत देवलोक में देवताओं की उत्कृष्ट बावीस सागरोपम की स्थिति कही. नव ग्रैवेयक विमान में सब से नीचे की प्रथम ग्रैवेयक में देवताओं की जघन्य बावीस सागरोपम की स्थिति कही. अच्युत देवलोक में जो महित, विश्रुत, विमल, प्रभास, वनमाल, अच्युतावतंसक नामक विमान में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट

सूत्र

॥ ५ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं तेवीसं पलिओव-माइंठिई प० । अहे सत्तमाएणं पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं तेवीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं तेवीसं पलिओवमाइंठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु देवाणं अत्थेगइयाणं तेवीसं पलिओवमाइं ठिई प० । हेट्ठिम मज्झिम गेविज्जाणं देवाणं जहन्नेणं तेवीसं सागरोवमाइं ठिई प० जे देवा हेट्ठिमहेट्ठिम गे-वेज्जयविमाणेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं तेवीस सागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा तेवीसाए अद्धमासाणं आणमंतिवा पाणमंतिवा ४॥ तेसिणं देवाणं तेवीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ, संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे तेवीसाए भवग्गहणेहिं सि-

भावार्थ

कही. सातवी नारक में कितनेक नेरयों की तेवीस सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुर कुमार देवता व सौधर्म, ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की तेवीस पल्योपम की स्थिति कही. दूसरी ग्रैवेयक के देवता की जघन्य तेवीस सागरोपम की स्थिति कही. जो पहिली ग्रैवेयक में देवतापने उत्पन्न होते हैं उन की उत्कृष्ट स्थिति तेवीस सागरोपम की कही. वे तेवीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को तेवीस हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवि जीव तेवीस भव कर के

सूत्र

ज्झिस्संति बुज्झिस्संति जाव सव्व दुक्खाण मंतं करिस्संति. ॥ २३ ॥

चउव्वीसं देवाहिदेवा प० तं० उसभ, आजित, संभव, अभिनंदण, सुमइ, पउमप्पह, सुपास, चंदप्पह, सुविधि, सीअल, सिज्जंस, वासुपुज्ज, विमल, णंत, धम्म, संति, कुंथु, अर, मल्ली, मुणिसुव्वय, नमि, नेमी, पास, वद्धमाण, ॥ १ ॥ चुल्लहिमवंत सिहरीणं वासहर पव्वयाणं जीवाओ चउव्वीसं चउव्वीसं जोयण सहस्साइं णवबत्तीसे जोयणसए एगं अट्ठतीसइ भागं जोयणस्स किंचि विसेसाहिआओ आयामेणं प० ॥ २ ॥ चउव्वीसं देवट्ठाणा सइंदिया

भावार्थ

सिझेंगे बुझेंगे यावत् सब दुःखोंका अंत करेंगे यह तेवीसवा समवाय संपूर्ण ॥ २३ ॥

चौवीस देवाधिदेव कहे हैं. १ ऋषभ २ आजित ३ संभव ४ अभिनंदन ५ सुमति ६ पद्मप्रभ ७ सुपार्श्व ८ चंद्रप्रभ ९ सुविधि १० शीतल ११ श्रेयांस १२ वासुपूज्य १३ विमल १४ अनंत १५ धर्म १६ शान्ति १७ कुंथु १८ अरनाथ १९ मल्लिनाथ २० मुनिसुव्रत २१ नमिनाथ २२ नेमिनाथ २३ पार्श्वनाथ २४ वर्द्धमान ॥ १ ॥ मेरुसे दक्षिण दिशा में भरत क्षेत्रकी मर्यादा करनेवाला चुल्लहिमवंत पर्वत और उत्तर दिशा में इरवत क्षेत्रकी मर्यादा करनेवाला शिखरि पर्वत की जिवा २४९३२ योजन और आधी कला किंचित् कही.

मूत्र

प० । सेसा अहमिंदा, अपुरोहिआ, ॥ ३ ॥ उत्तरायणगतेणं सूरिए चउव्वीसंगुलिए पोरिसी छायं णिव्वत्तइत्ताणं णिअट्टति ॥ ४ ॥ गंगा सिंधूओणं महाणदीओपवाहे सातिरेगेणं चउव्वीसं कोसे वित्थारेणं प० ॥ ५ ॥ रत्तारत्तवतीओणं महाणदीओ पवाहे सातिरेगे चउव्वीसं कोसे वित्थारेणं प० ॥ ६ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं चउव्वीसं पलिओवमाइं ठिई प० । अहे सत्तमाए

भावार्थ

॥ २ ॥ चौविस देवस्थान इन्द्र सहित कहे हैं १० भवनपति ८ वाणव्यंतर ५ ज्योतिषी और १ वैमानिक शेष नव ग्रैवेयक पांच अनुत्तर विमान के देव अहमेन्द्र हैं. अर्थात् उन में सेवक स्वामीका भाव नहीं है. ॥ ३ ॥ उत्तरायण गत सूर्य वे अर्थात् जब सूर्य मकर संक्रान्तिके दिन निषधपर आवे इस समय चौवीस अंगुल (इहप्रमाण) छाया होनेसे एक प्रहरदिन व्यतीत हुवा कहलाता है ॥ ४ ॥ गंगासिंधु नदी जिस स्थान से नीकलती हैं वहां चौविस कोशसे कुच्छ अधिक (६। योजन २५ कोश) का विस्तार है ॥ ५ ॥ इरवत क्षेत्र में रक्तारक्तवती जिस स्थानपर नीकलती है वहां कुच्छ अधिक चौवीस कोश (२५ कोश) विस्तार वाली कही है ॥ ६ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकीका चौवीस पल्योपम का आयुष्य कहा. और सातवी नरकमें कितनेक नारकी की चौवीस सागरोपम की स्थिति कही कितनेक असुर कुमार देवताओं व सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं का आयुष्य चौवीस

सूत्र

पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं चउव्वीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं चउव्वीसं पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु देवाणं अत्थेगइयाणं चउव्वीसं पलिओवमाइं ठिई प० । हेट्ठिम उवरिम गेवेज्जाणं देवाणं जहन्नेणं चउव्वीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जे देवा हेट्ठिम मज्झिम गेवेज्जय विमाणेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं चउव्वीसं सागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा चउव्वीसाए अद्धमासाणं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं चउव्वीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे चउव्वीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति सव्वदुक्खाणमंतंकरिस्संति ॥ २४ ॥ * * *

पुरिम पच्छिमगाणं तित्थकराणं पंचजामस्स पणवीसं भावणाओ प० तं० इरि

भावार्थ

पल्योपम का कहा. तीसरे ग्रैवेयक की जघन्य चौवीस सागरोपम की स्थिति कही. दूसरे ग्रैवेयक के देवताओं की उत्कृष्ट चौवीस सागरोपम की स्थिति कही. वे देवों चौवीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उनको चौवीस हजार वर्षमें आहारकी इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भविजीव चौवीस भव करके सिद्ध होंगे यावत् सब दुःखोंका अंत करेंगे यह चौवीसवां समवाय संपूर्ण ॥ २४ ॥ ÷ ÷

प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ व चरम तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के समय में पांच व्रत की पचीस

आसमिई, मणगुत्ती, वयगुत्ती, आलोयभायणभोयणं, आदाणभंडमत्तनिक्खेवणा समिई ॥ अणुइंति भासणया, कोहविवेगे, लोभविवेगे, भयविवेगे, हासविवेगे, ॥ उग्गह अणुणवता, उग्गहसीमं जाणणया, सयमेव उग्गहं अणुगेण्हणया, साहम्मिय उग्गहं अणुण्णविय परिभुंजणया, साहारण भत्तपाणं अणुण्णविय पडिभुंजणया ॥ इत्थीपसु पंडगसंसत्तग सयणासण वज्जणया, इत्थीकहविवज्जणया, इत्थी-

भावना कही. १ ईर्यासमिति २ मनगुप्ति ३ वचनगुप्ति ४ आहार पानी देखकर भोगना ५ आदानभंडमात्र निक्षेपना समिति यह पहिला व्रत की पांच भावनाओं कहीं ६ विचार पूर्वक बोलना ७ क्रोधयुक्त बोलना नहीं ८ लोभयुक्त बोलना नहीं ९ भयसे बोलना नहीं १० हास्यवशसे बोलना नहीं यह पांच दूसरे व्रत की ११ गृहस्थके स्थान में रहनेका अवग्रह याचे १२ जितना स्थान की आज्ञा मांगी होवे उतना स्थान गृहस्थ को बतलावे १३ स्वयं मर्यादा आनेबाद उस में रहे १४ स्वधर्मियोंका अवग्रह मांगे और जितनी जगह अवग्रह में है वह सब स्वधर्मियोंको बतलावे १५ स्वधर्मी सब समुदायके लिये आहार पानी लावे वह आचार्यादिक की अनुज्ञा से भोगवे यह तीसरे व्रत की पांच भावनाओं १६ स्त्री पशु पंडक युक्त शयनासन का त्याग करना १७ स्त्री की कथाका त्याग करना १८ स्त्री की इन्द्रियों को देखना नहीं १९ पूर्व रत काम भोगों को याद करना नहीं २० स्निग्ध रस का आहार करना नहीं (यह चौथा व्रत की पांच भाव-

सूत्र

णं इंदियाण मालोयण वज्जणया; पुव्वरत्त पुव्वकीलियाणं अणुण्णसरणया, पणीताहार विवज्जणया॥सोइंदिय रागोवरई, चक्खुंदिय रागोवरई,घाणिंदिय रागोवरई जिब्भिंदियरागोवरई, फासिंदियरागोवरई,॥१॥ मल्लीणं अरहा पणवीसं धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था,॥२॥ सव्वेवि दीहवेयड्ढ पव्वया पणवीसं जोयणाणि उड्ढं उच्चत्तेणं प० पणवीसं गाऊआणि उव्वेहेणं प० ॥ ३ ॥ दोचाएणं पुढवीए पणवीसं णिरयावाससयसहस्सा प० ॥ ४ ॥ आयाररसणं भगवओ सचूलिआयस्स पणवीसं अज्झयणा प० तं० सत्थपरिण्णा; लोगविजओ, सीओसणीअ, सम्मत्तं, आवंति, धुय, विमोह, उवहाणसुयं, महपरिण्णा ॥ १ ॥

भावार्थ

गा) २१ श्रोतेन्द्रिय के राग को त्यागना २२ चक्षुइन्द्रिय के राग को त्यागना २३ घ्राणेन्द्रिय के राग को त्यागना २४ रसेन्द्रिय के राग को त्यागना और २५ स्पर्शेन्द्रिय के राग को त्यागना ॥ १ ॥ श्री मल्लीनाथ स्वामी के शरीर की अवगाहना पचीस धनुष्य की थी ॥ २ ॥ सब दीर्घ वैताढ्य पर्वत पचीस योजन के ऊंचे और पचीस गाऊ के ऊंडे कहे हैं ॥ ३ ॥ दूसरी नरक में पचीस लाख नरकावास कहा ॥ ४ ॥ भगवंत ने चूलिका सहित आचारांग के पचीस अध्ययन कहे १ शस्त्रपरिज्ञा २ लोक विजय ३ शीतोष्णीय ४ सम्यक्त्व ५ आवंती ६ धूत ७ विमोहाध्ययन ८ उपधान श्रुत ९ महापरिज्ञा १० पिण्डैषणा ११ शैय्या

विहेगण तिञ्जिरिआ नामज्झयणाय दस्य पागा, उगहपडिमा सत्तिकसत्तया, भावण विमुत्ती ॥२॥ निसीहज्झयणं पनवीस इमं ॥ ५ ॥ मिच्छादिट्ठि विगलिंदिएणं अपज्ज-त्तएणं,संकिलिट्ठ परिणामं णामस्स कम्मस्स पनवीसं उत्तर पगडीओ णिबंधति तिरियगतिना-मं, विगलिंदिय जातिनामं, उरालिय सरीर, नामं तेअग सरीर नामं कम्मणसरीरना-मं हुंडगसंठाणनामं, उरालिय सरीर गोवंगनामं, छेवट्ठसंघयणनामं, वण्ण नामं, गंध नामं, रसनामं, फासनामं, तिरियाणुपुव्विनाम अगुरुलहुनामं, उवघाय नामं, तसनामं बायरनामं, अपज्जत्तयनामं पत्तेयसरीरनामं, अथिरनामं, असुभनामं, दुभगनामं, अणा-

१२ ईर्या १३ भाषाध्ययन १४ वस्त्रैषणा १५ पात्रैषणा १६ अवग्रह प्रतिमा १७ सात सप्तैकका २४ भावना २५ विमुक्ति नाम अध्ययन ॥ ५ ॥ अपर्याप्त अवस्थावाले मिथ्यादृष्टि विगलेन्द्रिय संक्लिष्ट परिणाम से पचीस कर्म प्रकृतियों का बंध करते हैं १ तिर्यंच गति नाम २ विगलेन्द्रिय जाति नाम ३ औदारिक शरीर नाम कर्म ४ तेजस शरीर नामकर्म ५ कार्माण शरीर नामकर्म ६ हुंडकसंस्थान नामकर्म ७ उदारिक शरीर के अंगोपांग ८ छेवटु संघयण ९ वर्णनाम १० गंधनाम ११ रसनाम १२ स्पर्शनाम १३ तिर्यंच की अनुपूर्वी १४ अगुरुलघुनाम १५ उपघातनाम १६ त्रसनाम १७ बादरनाम १८ अपर्याप्तनाम १९ प्रत्येक नाम २० अस्थिरनाम २१ अशुभनाम २२ दुर्भाग्यनाम २३ अनादेयनाम २४ अयशःकीर्ति-नाम और २५ निर्माण नाम ॥ ६ ॥ गंगा और सिंधु नदियों पचीस गाउके प्रवाह से पद्मद्रहमें से निकलकर

माराणं देवाणं अत्थेगइयाणं पणवीसं पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं पणवीसं पलिओवमाइं ठिई प० माज्झिम हेट्ठिम गेवेज्जाणं देवाणं जहन्नेणं पणवीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जे देवाहेट्ठिम उवरिम गेवेज्जगाविमाणेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं पणवीसं सागरोवमाइं ठिई प० । तेणंदेवा पणवीसाए अद्धमासेहिं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं पणवीसं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे पणवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाणं अंतंकरिस्संति ॥ २५ ॥ * * *

छव्वीसं दस कप्पा ववहाराणं उद्देसणकाला प० तं० दसदसाणं छकप्पस्स दस ववहारस्स ॥१॥अभवसिद्धियाणं जीवाणं मोहणिज्जस्स कम्मस्स छव्वीसं कम्मं सासतं कम्मा प०

यों की उत्कृष्ट पच्चीस सागरोपम की स्थिति कही. वे देवों पच्चीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं व उन को पच्चीस हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवी जीव पच्चीस भव कर के सिझेंगे बुझेंगे यावत् सब दुःखोंका अंत करेंगे यह पच्चीसवा समवाय संपूर्ण ॥ २५ ॥ * *

छव्वीस दशाकल्प व्यवहार के उद्देशन काल कहे. दश दशाश्रुतस्कंध के, छ वेद कल्प के, और व्यवहार सूत्र के दश सब मील छव्वीस हुवे ॥ १ ॥ अभवीजीव को मोहनीय कर्म की २६ प्रकृति [illegible]

सूत्र

सेहिं आणमंतिवा ४। तेसिणं देवाणं छव्वीस वास सहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ। संतेगतिया भवसिद्धिया जीवा जे छव्वीसेहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्व दुक्खाण मंतं करिस्संति ॥ २६ ॥ * * * * *

सत्तावीसं अणगारगुणा प० तं० पाणाइवायाओ वेरमणं, मुसावायाओ वेरमणं अदिन्नादाणाओ वेरमणं, मेहुणाओ वेरमणं, परिग्गहाओ वेरमणं, सोइंदियनिग्गहे, चक्खुंदियनिग्गहे, घाणिंदियनिग्गहे; जिब्भिंदयनिग्गहे, फासिंदियनिग्गहे, कोहविवेगे, माणविवेगे, मायाविवेगे, लोभविवेगे, भावसच्चे, करणसच्चे, जोगसच्चे, खमाविरागया,

भावार्थ

पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को छव्वीस हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवजीव छव्वीस भव करके सिझेंगे यावत् सब दुःखो का अंत करेंगे यह छव्वीसवा समवाय संपूर्ण ॥२६॥

सत्तावीस साधुके गुण कहे हैं १ प्राणातिपातसे निवर्तना २ मृषावाद से निवर्तना ३ अदत्तादानसे निवर्तना ४ मैथुनसे निवर्तना ५ परिग्रहसे निवर्तना ६ श्रोतेन्द्रियका निग्रह ७ चक्षुइन्द्रियका निग्रह ८ घ्राणेन्द्रियका निग्रह ९ जिव्हेन्द्रियका निग्रह १० स्पर्शेन्द्रियका निग्रह ११ क्रोध का त्याग १२ मानका त्याग १३ मायाका त्याग १४ लोभका त्याग १५ भावसत्य १६ करणसत्य १७ जोगसत्य १८ क्षमा १९ वैराग्य २० मनकी समाहरणता (अकुशल व्यापारसे मनका निरुंधन करना) २१ वचन की समा-

सूत्र

सावणसुद्द सत्तमीएणं सूरिए सत्तावीसंगुलियं पोरिसिच्छायं णिव्वत्तइत्ताणं। दिवस-क्खेत्तं निवड्ढमाणे रयणिखेत्तं आभिणिवड्ढमाणे चारंचरइ ॥ ६ ॥ इमीसेणं रयणप्पभा-ए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं सत्तावीसं पलिओवमाइं ठिई प०। अहे सत्तमाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं सत्तावीसं सागरोवमाइं ठिई प०। असुरकुमारा-णं देवाणं अत्थेगइयाणं सत्तावीसं पलिओवमाइं ठिई प०। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं सत्तावीसं पलिओवमाइं ठिई प०। मज्झिमउवरिमगेवेज्जयाणं जहन्नेणं सत्तावीसं सागरोवमाइं ठिई प०। जे देवा मज्झिम मज्झिम गेवेज्जय विमा-णेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं सत्तावीसं सागरोवमाइं ठिई प०।

भावार्थ

जाति है. उस दिनसे दिनका क्षेत्र जो सूर्यका प्रकाश कमी होता जाता है और रात्रिका क्षेत्र सो अंधकार बढता जाता है ॥ ६ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी मे कितनेक नेरयोंका सत्तावीस पल्योपमका आयुष्य कहा नीचे सातवी नरक में कितनेक नेरयोंका सत्तावीस सागरोपमका आयुष्य कहा कितनेक असुरकुमार देवता व सौधर्म ईशान में कितनेक देवोंका सत्तावीस पल्योपमका आयुष्य कहा. छठी ग्रैवेयक में देवताओं का जघन्य आयुष्य सत्तावीस सागरोपम का कहा. पांचवी ग्रैवेयक मे उत्पन्न होनेवाले देवोंका उत्कृष्ट सत्तावीस सागरोपम का आयुष्य कहा. वे देवो सत्तावीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और उन को सत्तावीस

सूत्र

मासिया आरोवणा, सपंचवीसराइ मासिया आरोवणा, एवं चेव दोमासिया आरोवणा, सपंचराइ दोमासिया आरोवणा, एवंतिमासिया आरोवणा, चउमासिया आरोवणा उवघाइया आरोवणा, अणुघाइया आरोवणा, कसिणा आरोवणा, अकसिणा आरोवणा, एतावता आयार कप्पे एतावताय आयरियव्वे ॥ १ ॥

भावार्थ

सहित दो मास की ११ वीस रात्रि सहित दोमास की १२ पचीस रात्रि सहित दोमास की १३ तीन मास की १४ पांच रात्रि सहित तीन मास की १५ दश रात्रि सहित तीन मास की १६ पन्नरह रात्रि सहित तीन मास की १७ वीस रात्रि सहित तीन मास की १८ पचीस रात्रि सहित तीन मास की १९ चार मास की २० पांच रात्रि सहित चौमासीक २१ दश रात्रि सहित चौमासीक २२ पन्नरह रात्रि सहित चौमासिक २३ वीस रात्रि सहित चौमासिक २४ पच्चीस रात्रि सहित चौमासिक २५ दिन १७॥ की आरोपना करना सो उपघात आरोपना २६ और पूर्ण दो महिने का प्रायच्छित्त सो अनुपघातकी आरोपणा २७ जिस को जितना प्रायच्छित्त लगा होवे उसे उतनी आलोयणा देनी सो कृत्स्नआरोपणा और २८ जिसने बहुत अपराध किया होवे परंतु उतनी आलोयणा नहीं मील सके सो अकृत्स्नआरोपणा (प्रमाण से ज्यादा आलोयणा नहीं इस से) यह आचार प्रकल्प आश्रित इतना आचार आचरने को कहा ॥१॥

सूत्र

सोतिंदियावाए, चक्खुंदियावाए, घाणिंदियावाए, जिब्भिंदियावाए, फासिंदियावाए, नोइंदियावाए; सोतिंदिअधारणा, चक्खुंदिय धारणा, घाणिंदिय धारणा, जिब्भिंदिय धारणा फासिंदिय धारणा, नोइंदिय धारणा ॥ ३ ॥ ईसाणेणंकप्पे अट्ठावीसं विमाणावाससयसहस्सा प० ॥ ४ ॥ जीवेणं देवगइम्मि बंधमाणे नामस्स कम्मस्स अट्ठावीसं उत्तरपगडीओ णिबंधाति तं० देवगति नामं, पंचिंदिय जातिनामं, वेउव्वियसरीरनामं, तेयगसरीरनामं, कम्मणसरीरनामं, समचउरंससंठाणनामं, वेउव्विय सरीरंगोवंगनामं, वण्णनामं, गंधनामं, रसनामं, फासनामं, देवाणुपुव्विनामं,

भावार्थ

हा १७ श्रोतेन्द्रिय अवाय १८ चक्षुइन्द्रिय अवाय १९ घ्राणेन्द्रिय अवाय २० रसेन्द्रिय अवाय २१ स्पर्शेन्द्रिय अवाय २२ नो इन्द्रिय अवाय २३ श्रोतेन्द्रिय धारणा २४ चक्षुइन्द्रिय धारणा २५ घ्राणेन्द्रिय धारणा २६ जिव्हेन्द्रिय धारणा २७ स्पर्शेन्द्रिय धारणा व २८ नो इन्द्रिय धारणा ॥ ३ ॥ ईशान देवलोक में अठावीस लाख विमान कहे हैं ॥ ४ ॥ जो जीव देवता का आयुष्य बांधता है वह नाम कर्म की २८ प्रकृतियों का बंध करता है. १ देवगति २ पंचेन्द्रिय जाति ३ वैक्रेय शरीर ४ तेजस ५ कार्माण ६ समचतुस्र संठाण ७ वैक्रेय शरीर के अंगोपांग ८ वर्ण ९ गंध १० रस ११ स्पर्श १२ देवानुपूर्वी १३ अगुरुलघु नाम १४ उपघात नाम १५ पराघात नाम १६ श्वासोश्वास नाम १७ प्रशस्त विहायोगति १८ त्रस नाम

सूत्र

प० । अहेसत्तमाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं अट्ठावीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं अट्ठावीसं पलिओवमाइंठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु देवाणं अत्थेगइयाणं अट्ठावीसं पलिओवमाइं ठिई प० । उवरिमहेट्ठिम गेविज्जयाणं देवाणं जहन्नेणं अट्ठावीसं सागरोवमाइंठिई प० । जे देवा मज्झिम उवरिम गेविज्जएसु विमाणेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं अट्ठावीसं सागरोवमाइंठिई प० । तेणंदेवा अट्ठावीसाए अद्धमासेहिं आणमंतिवा ४ । तेसिणं देवाणं अट्ठावीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ ॥ संतेगइया भवसिद्धियाजीवा जे अट्ठावीस भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति जाव सव्वदुक्खाण मंतकरिस्संति ॥ २८ ॥ *

भावार्थ

कितनेक नारकी की अठावीस सागरोपमकी स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार व सौधर्म, ईशान देवलोकमें कितनेक देवताओं की अठावीस पल्योपम की स्थिति कही. सातवी ग्रैवेयक में देवताओं की जघन्य अठावीस सागरोपम की स्थिति कही. छठी ग्रैवेयक में देवताओं की उत्कृष्ट अठावीस सागरोपम की स्थिति कही. वे देवता अठावीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और अठावीस हजार वर्ष में उनको आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भविजीव अठावीस भव करके सिद्ध होवेंगे यावत् सब दुःखों का अन्त करेंगे ॥ २८ ॥

× ×

मासे, पोसेणंमासे, फग्गुणेणंमासे, वइसाहेणंमासे, ॥ २ ॥ मासो चंददिणाणं एगुणतीसं मुहुत्ते सातिरेगे मुहुत्तगेणं प० ॥ ३ ॥ जीवेणं पसत्थ ज्झवसाण जुत्ते भविए सम्मदिट्ठी तित्थकर नाम सहियाओ णामस्साणियमा एगूणतीसं उत्तर पगडीओ निबंधित्ता वेमाणिएसु देवेसु देवत्ताए उववज्जइ ॥ ४ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एगूणतीसं पलिओवमाइं ठिई प० । अहेसत्तमाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एगूणतीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुर कुमाराणं देवाण अत्थेगइयाणं एगूणतीस पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणसु कप्पेसु देवाणं अत्थेगइयाण एगूणतीसं पलिओवमाइं ठिई प० । उवरिम मज्झिम गेवेज्जयाणं देवा-

फाल्गुन व वैशाख ये छ मास एगुनतीस रात्रिदिनके होते हैं ॥ २ ॥ चंद्रदिन सो प्रतिपदा एगुनतीस मुहूर्त्त [illegible] कहे ॥ ३ ॥ शुभ अध्यवसाय युक्त भव्य सम्यग् दृष्टिजीव तीर्थंकर नाम कर्म सहित नामकर्म की [illegible] प्रकृतियों का बंध करके देवलोक में जाता है. (२८ समवाय में देवगति आश्रित २८ प्रकृतियों [illegible] तीर्थंकर नाम कर्म) ॥ ४ ॥ इस रत्न प्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की एगुनतीस पल्योपम की स्थिति कही सातवी पृथ्वी में कितनेक नेरयोंकी एगुनतीस सागरोपम की स्थिति [illegible] कितनेक असुरकुमार देव व सौधर्म, ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं का एगुनतीस पल्योपमका

निरयणे ॥ निव्वामुभ समायारे । महामोहं पकुव्वइ ॥ २ ॥ पाणिणासंपहित्ताणं । सभगाकरिय पाणिणं ॥ अंतोनदंतं मारेइ । महामोहं पकुव्वइ ॥ ३ ॥ जायतेयं समारम्भ । बहुओ रंभियाजणा ॥ अंतोधूमेण मारेइ । महामोहं पकुव्वइ ॥४॥ सीसम्मि जे पहणइ । उत्तमंगम्मि चेयसा ॥ विभज्जमत्थयं फाले । महामोहं पकुव्वइ ॥ ५ ॥ पुणो-पुणो पणिधिए । हरित्ता उवहसे जणं ॥ फलेण अदुव दंडेणं । महामोहं पकुव्वइ ॥ ६ ॥ गू-ढायारी निगूहिज्जा । मायंमायाए छायए ॥ असच्चवाई णिण्हाई । महामोहं पकुव्वइ ॥ ७ ॥ धंसइ जो अभूएणं अकम्मं अत्तकम्मणा ॥ अदुवा तुममकासित्ति । महामो-

गले में पुरुगट बन्द करता होवे वैसी स्थिति में मारे तो वह महा मोहनीय कर्म बांधे ४ अग्नि प्रदीप्त कर के कोष्टादिक को धूम से रुंधकर जीवों को मारे वह महा मोहनीय कर्म बांधे ५ जो दुष्ट परिणाम से मन प्राणी के उत्तमांग (मस्तक) को खड्गादिक से छेदे वह महामोहनीय कर्म बांधे ६ जैसे लूटेरे वैश्यादिक बनकर पथिक जनको मारकर ले वैसी मूर्ख जनको देखकर हने अथवा दंडादि से मारे और आनंद माने वह महा मोहनीय कर्म बांधे ७ जो गुप्त आचारवाला अपना दुष्ट आचार को ढके, अन्य की माया से अपनी माया छुपावे, असत्य बोले और मूलगुण व उत्तरगुण का सेवन करे सो महा मोहनीय कर्म बांधे ८ स्वयं ऋषिघातादिक अकार्य कर के या ऐसे कर्म नहीं करनेवाले हैं उन को कहे कि यह कर्म तूंने किया है

अयहुरसुएयजेकेइ । सुएणंपविकत्थइ ॥ सज्झायवायंवयइ । महामोहंपकुव्वइ ॥ २६ ॥ अतवस्सीए उ जेकेइ । तवेणपविकत्थइ ॥ सव्वलोयपरेत्तेणे । महामोहंपकुव्वइ ॥ २७ ॥ साहारणट्ठाजेकेई गिलाणम्मिउवट्ठिए ॥ पभूणकुणइकिच्चं । मज्झंएसनकुव्वइ ॥ २८ ॥ मढे-नियडिपण्णाणे । कलुसाउलचेयसा ॥ अप्पणोयअबोहीए । महामोहंपकुव्वइ ॥ २९ ॥ जेकहाहिग-रणाइं संपउंजेपुणोपुणो ॥ सव्वतित्थाणभेयाणं । महामोहंपकुव्वइ ॥ ३० ॥ जेअ अहम्मिए जोए । संपउंजे पुणोपुणो ॥ साहाहेउंसहीहेउं । महामोहंपकुव्वइ ॥ ३१ ॥ जे

भावार्थ कि मैं बहुश्रुत हूं और इस तरह स्वाध्यायवाद वदे कि मैं शास्त्र का पाठक हूं. वैसा महा मोहनीय कर्म बांधे २४ अतपस्वी होने पर कोई अपनी आत्मा की प्रशंसा करे कि मैं तपस्वी हूं, वह सब लोक में उत्कृष्ट चोर गिना जाता है और महा मोहनीय कर्म बांधता है २५ किसी आचार्यादिक को ग्लानपना व रोगीपना प्राप्त हुवा उनको उपकार के लिये औषधोपचारादि करनेको समर्थ है परंतु यह मेरी शुश्रूषा नहीं करता था इसलिये मैं इनकी शुश्रूषा नहीं करूं ऐसी शठता, धूर्तता, माया करे; और वह चतुर मायावी बन कर बतावे कि मैं इनका औषधोपचार करता हूं ऐसी कल्पनासे कलुषित चित्तवाला अपना आत्माका अबोधक बनकर महामोहनीय कर्म करे २६ ज्ञानादिकको नाश करनेवाली व प्राणी की घात करने वाली कथाओंका जो विस्तार करे वह महामोहनीय कर्म बांधे २७ श्लाघा अथवा मित्र स्वजनादिकके

वाऊ, सुपीए, अभिचंदे, माहिंदे, पलंबे, बंभे, सचे, आणंदे, विजए विस्ससेणे, पायावचे, उवसमे, ईसाणे, नट्ठे,, भाविअप्पा, वेसमणे, वरुणे, सतरिसभे, गंधव्वे, अग्गिवेसायणे, आतवे, आवत्ते, नट्ठवे, भूमहे, रिसभे, सव्वट्ठासिद्धे, रक्खसे ॥ ३ ॥ अरेणं अरहा तीस धणुइं उड्ढंउच्चत्तेणं होत्था ॥ ४ ॥ सहस्सारस्सणं देविंदस्स देवरण्णो तीसं सामाणियसाहस्सीओ प० ॥५॥ पासेणं अरहा तीसं वासाइं अगार वासमज्झे वसित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए॥६॥समणे भगवं महावीरे तीसं वासाइं अगारवासमज्झे वसित्ता अगाराओ अणगारियंपव्वइए ॥ ७ ॥ रयणप्पभाएणं पुढवीए तीसंनिरयावास

१० मस्त ११ भानंद १२ विजय १३ विश्वसेन १४ मजापत्य १५ उपशम १६ ईशान १७नष्ट १८ भाविताल्मा १९ वैश्रमण २० वरुण २१ शतऋषभ २२ गंधर्व २३ अग्निवेश्यायन २४ आतप २५ आवर्त २६ नष्टवान २७ भूमहान २८ ऋषभ २९ सर्वार्थसिद्ध ३० राक्षस ॥ ३ ॥ अठारहवे श्रीअरनाथ स्वामीके शरीरकी अवगाहना तीस धनुष्यकीथी ॥ ४ ॥ सहस्रार देवेन्द्र को तीस हजार सामानिक देव कहे हैं॥ ५ ॥ श्रीपार्श्वनाथ तीर्थंकर तीस वर्ष पर्यंत गृहस्थावासमें रहकर अनगार हुवे ॥ ६ ॥ श्रीश्रमण भगवन्त महा-

सयसहस्सा प० ॥ ८ ॥ इमीसेणं रयण...
पलिओवम ...

णेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्व दुक्खाणमंतं करिस्संति ॥ ३० ॥ ✱ ✱ ✱

एगतीसं सिद्धाइगुणा प० तं० खीणे आभिणिबोहियणाणावरणे, खीणेसुयणाणावरणे, खीणेओहिणाणावरणे, खीणेमणपज्जवणाणावरणे, खीणेकेवलणाणावरणे, खीणेचक्खुदंसणावरणे, खीणेअचक्खुदंसणावरणे, खीणेओहिदंसणावरणे, खीणेकेवलदंसणावरणे, खीणेनिद्दा, खीणेनिद्दानिद्दा, खीणेपयला, खीणेपयलापयला, खीणेथीणद्धी; खीणेसायावेयणिज्जे, खीणेअसायावेयणिज्जे, खीणेदंसणमोहणिज्जे खीणेचरित्तमोहणि-

कितनेक भवि जीव तीसरे भव में सिझेंगे, बुझेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे ॥ ३० ॥ ✱

एकतीस सिद्ध के गुण कहे हैं १ मतिज्ञानावरण का क्षय २ श्रुतज्ञानावरणका क्षय ३ अवधिज्ञानावरणका क्षय ४ मनःपर्यव ज्ञानावरणका क्षय ५ केवल ज्ञानावरणका क्षय ६ चक्षुदर्शनावरणका क्षय ७ अचक्षु दर्शनावरणका क्षय ८ अवधि दर्शनावरण का क्षय ९ केवल दर्शनावरणका क्षय १० निद्राका क्षय, ११ निद्रा निद्राका क्षय १२ प्रचला का क्षय १३ प्रचला प्रचला का क्षय १४ स्त्यानगृद्धि निद्राका क्षय १५ सातावेदनीय का क्षय १६ असाता वेदनीय का क्षय १७ दर्शन मोहनीय का क्षय १८ चारित्रमोहनीय का क्षय १९ नारकी के आयुष्य का क्षय २० तिर्यंच के आयुष्य का क्षय २१ देवता के आयुष्य का क्षय २२ मनुष्य के आयुष्य का

सूत्र

ज्जे, खीणेनेरइआउए, खीणेतिरिआउए, खीणेमणुस्साउए, खीणेदेवाउए, खीणेउच्चा-
गोए, खीणेनिच्चागोए, खीणेसुभणामे, खीणेअसुभणामे, खीणेदाणांतराए, खीणे
लाभांतराए, खीणेभोगांतराए, खीणेउवभोगांतराए, खीणेवीरिअंतराए ॥ १ ॥ मंदरेणं
पव्वए धरणितले एक्कतीसं जोयण सहस्साइं छच्चतेवीसे जोयणसए किंचिदूणा
परिक्खेवेणं प० ॥ २ ॥ जयाणं सूरिए सव्वबाहिरियं मंडलं उवसंकमित्ता चारं
चरइ तयाणं इहगयस्स मणुस्सस्स एक्कतीसाए जोयणसहस्सेहिं अट्ठहिअ एक्क-
तीसेहिं जोयणसएहिं तीसाए सट्ठिभागे जोयणस्स सूरिए चक्खुफासं हव्वमागच्छइ

भावार्थ

क्षय २३ उच्चगोत्र का क्षय २४ नीचगोत्र का क्षय २५ शुभ नाम का क्षय २६ अशुभ नाम का क्षय २७
दानांतराय का क्षय २८ लाभांतराय का क्षय २९ भोगान्तराय का क्षय ३० उपभोगान्तराय का क्षय ३१
वीर्यान्तराय का क्षय ॥ १ ॥ पृथ्वी पर मेरु पर्वत की परिधि देश उना ३१६२३ योजन की कही ॥ २ ॥
सूर्य के ६५ मांडले जम्बूद्वीप में निषध पर्वत पर है. उन में सब से आभ्यंतर मंडल जगती से एक सो
अस्सी योजन के अंतर से है. लवण समुद्र में तीन सो तीस योजन अवगाह कर एक सो उन्नीस मंडल है.
एवं मीलकर जम्बूद्वीप के सूर्य के १८४ मंडल कहे हैं. उन में से जब सूर्य बाहिर के मांडले में फीरता है
उस समय भरत क्षेत्र के मनुष्य को ३१८३१॥ योजन दूर से सूर्य दीखता है ॥ ३ ॥ तीसरे वर्ग में जो

॥ ३ ॥ अभिवड्ढियणं मासे एकतीसं सातिरेगाइं राइंदियाइं राइंदियग्गेणं प० ॥ ४ ॥ आइच्चेणं मासे एकतीसं राइंदियाइं किंचि विसेसूणाइंराइंदियग्गेणं प० ॥ ५ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एकतीसं पलिओवमाइं ठिई प० । अहे सत्तमाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एकतीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुर कुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं एकतीसं पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं एकतीसं पलिओवमाइं ठिई प० । विजय वेजयंत जयंत अपराजियाणं देवाणं जहण्णेणं एकतीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा उवरिम उवरिम गेवेज्जय विमाणेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं उक्कोसेणं

अधिक मास आता है उसे अभिवर्धित मास कहते हैं वह मास कुच्छ अधिक एकतीस रात्रिका होता है. एक रात्रि के १२४ भाग में के १२१ भाग अधिक होता है ॥ ४ ॥ जिस वक्त सूर्य राशिका भोग करता है उसे आदित्य मास कहते हैं उस का महिना भी कुछन्यूनाधिक एकतीस रात्रि का होता है ॥ ५ ॥ इस रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की एकतीस पल्योपम की स्थिति कही. सातवी पृथ्वी में कितनेक नारकी की एकतीस सागरोपम स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार देव तथा सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवों की एकतीस पल्योपम की स्थिति कही.

एकतीसं सागरोवमाइं ठिई प०। तेणं देवा एगतीसाए अद्धमासेहिं आणमंतिवा पाणमंतिवा उस्ससंतिवा निस्ससंतिवा, तेसिणं देवाणं एकतीसं वाससहस्सेहिं आ-हारट्ठे समुप्पज्जइ। संतेगइया भवसिद्धियाजीवा, जे एकतीसेहिं भवग्गहणेहिं सिज्झि-स्संति, बुज्झिस्संति, मुच्चिस्संति, परिनिव्वाइस्संति, सव्वदुक्खाणमंतंकरिस्संति॥ ३१॥ बत्तीसं जोगसंगहा प० तं० आलोयण निरवलावे आवईसु दढधम्मया। अणिस्सिं

भावार्थ

देवों की जघन्य एकतीस सागरोपम की स्थिति कही. नवग्रैवेयक में उत्पन्न होनेवाले देवों की उत्कृष्ट एकतीस सागरोपम की स्थिति कही. वे देवता एकतीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं उनको एकतीस हजार वर्ष में आहार की इच्छा उत्पन्न होती है कितनेक भवीजीव एकतीस भव करके सिझेंगे, बुझेंगे यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे॥ ३१॥

+

+

मन वचन व काया के योगों का निग्रह करना सो योग संग्रह उसके बत्तीस भेद कहे हैं. १ किसी प्रकार का दोष जान अजान में लगा होवे उसकी गुरुकी पास आलोचना करना २ जो आलोचना गुरु की पास की होवे उसे अन्य किसी की पास कहना नहीं ३ दुःख आनेपर धर्म में दृढ रहना ४ किसी की अपेक्षा बिना गुप्त तपश्चर्या करना ५ सूत्र अर्थ का ग्रहणरूप शिक्षा का यथोचित सेवन करना ६ शरीर की शुश्रुषा करनी नहीं ७ तपश्चर्या कर के पश्चात् पूजाके लिये किसी पास कहना नहीं ८ किसी वस्तु

सूत्र

उवहाणेय निरवालिन्वाडिकम्मया ॥ १ ॥ अणायया अलोभेय । तितिक्खा अज्जवेसुइ ॥ सम्मदिट्ठी समाहीय । आयारे विणओवए ॥ २ ॥ धिईमई य संवेगे । पणिहीसुविहि संवरे ॥ अत्तदोसोव संहारे । सव्व काम विरत्तया ॥ ३ ॥ पच्चक्खाणे विउस्सग्गे । अप्पमाइ लवालवे ॥ झाणे संवर जोगेय । उदए मारणंतिए ॥ ४ ॥ सं-

भावार्थ

गा लोभ करना नहीं ९ तितिक्षा परिषहसहन करना १० ऋजुता ११ सत्य का नियम रखना १२ सम्यग् दर्शन को शुद्ध रखना १३ चित्त का स्वस्थता रखना १४ आचार युक्त होकर माया कपट करना नहीं १५ विनय युक्त होकर माया करना नहीं १६ अदीन वृत्ति रखना १७ संवेग भावः— संसार का भय व मोक्ष की इच्छा १८ प्रणिधि–मायादि योगों को स्थिर रखना १९ शुभ अनुष्ठान का आचरण करना २० आश्रव का निरोधन करना २१ अपने दोषों को जान उन का निग्रह करना २२ सर्व प्रकार के विषय से विमुख रहना २३ त्याग प्रत्याख्यान की वृद्धि करना २४ व्युत्सर्ग—द्रव्य से उपधि परठना और भाव से गर्व करना नहीं २५ पांचो प्रमाद परठना २६ यथोक्त रीति से कालोकाल क्रिया करना २७ धर्मध्यान सहित रहते रहना २८ योगों का संवर करना २९ मारणांतिक वेदना प्राप्त होने पर मन क्षोभित करना नहीं ३० संग परिज्ञा- सर्व संग का त्याग करना ३१ आलोचना निंदाआदि प्रायश्चित करना

सूत्र

गागंय परिण्णाया । पायच्छित्त करणेविय ॥ आराहणाय मरणंते । बत्तीसं जोगसंगहा ॥ ५ ॥ (१) बत्तीसं देविंदा प० तं० चमरे; बली, धरणे, भूआणंदे, जाव महा॰घोसे ॥ चंदे, सूरे, सक्के, ईसाणे, सणंकुमारे, जाव पाणए अच्चुए ॥२॥ कुंथुस्सणं अरह॰ओ बत्तीसं जिणसया होत्था ॥ ३ ॥ सोहम्मेकप्पे बत्तीसं विमाण वास सहस्साणं प० ॥ ४ ॥ रेवइ णक्खत्ते बत्तीस तारे प० ॥ ५ ॥ बत्तीसतिविहे णट्टे प० ॥ ६ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं बत्तीसं पलिओवमाइं

भावार्थ

और ३० ज्ञानादि तीनों रत्नों की आराधना युक्त समाधि मरण मरना ॥ १ ॥ बत्तीस देवेन्द्र कहे हैं १ चमरेन्द्र २ बलेन्द्र ३ धरणेन्द्र ४ भूतानन्द ५ वेणुदेव ६ वेणुदाल ७ हरिकान्त ८ हरिसिंह ९ अग्निसिंह १० अग्निमानव ११ पूर्ण १२ वसिष्ठ १३ जलकान्त १४ जलप्रभ १५ अमितगति १६ अमितवाहन १७ वेलंब १८ प्रभंजन १९ घोष २० महाघोष (यह २० भवनपति के इन्द्र) २१ चन्द्र २२ सूर्य (यह २ ज्योतिषी देव के इन्द्र) २३ शक्रेन्द्र २४ ईशानेन्द्र २५ सनत्कुमारेन्द्र २६ माहेन्द्र २७ ब्रह्मेन्द्र २८ लांतकेन्द्र २९ शुक्रेन्द्र ३० सहस्रारेन्द्र ३१ प्राणतेन्द्र और ३२ अच्युतेन्द्र *॥ २ ॥ भगवंत श्री कुंथुनाथ

* यद्यपि व्यंतर देव के ३२ इन्द्र और भी हैं परंतु अल्प ऋद्धि वाले होने से ग्रहण नहीं किये हैं.

प०। अहेसत्तमाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं बत्तीसं सागरोवमाइं ठिई प०। असुर कुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं बत्तीसं पलिओवमाइं ठिई प०। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं बत्तीस पलिओवमाइं ठिई प०। जेदेवा विजय वेजयंत जयंत अपराजिय विमाणेसु देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं अत्थेगइयाणं बत्तीस सागरोवमाइं ठिई प०। तेणं देवा बत्तीसाए अद्धमासेहिं आणमंतिवा, पाणमंतिवा, उस्ससंतिवा, निस्ससंतिवा,। तेसिणं देवाणं बत्तीसं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ। संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे बत्तीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति, बु-

भावार्थ

स्वामी को ३२०० केवल ज्ञानी थे ॥ ३ ॥ पहिले सौधर्म देवलोक में बत्तीस लाख विमान कहे हैं॥ ४ ॥ रेवती नक्षत्र के बत्तीस तारे कहे हैं ॥ ५ ॥ बत्तीस प्रकार के नाट्य कहे हैं ॥ ६ ॥ रत्नप्रभा पृथ्वी में कितनेक नारकी की बत्तीस पल्योपम की स्थिति कही. सातवी नरक में कितनेक नारकी की बत्तीस सागरोपम की स्थिति कही. कितनेक असुरकुमार व सौधर्म ईशान देवलोक में कितनेक देवताओं की बत्तीस पल्योपम की स्थिति कही. विजय वैजयंत जयंत और अपराजित विमान में कितनेक देवताओंका बत्तीस सागरोपमका आयुष्य कहा. वे बत्तीस पक्षमें श्वासोश्वास लेते हैं और बत्तीस हजार वर्षमें उन को आहारकी इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवीजीव बत्तीस भव करके सिझेंगे बुझेंगे यावत् सब

सूत्र

सद्धिं बहिया विहारभूमिंनिक्खंतेसमाणे तत्थपुव्वामेव सीहतराए आयामइपच्छाराइणिए आसायणासेहस्स। सेहेराइणिएणंसद्धिं बहियाविहारभूमिं वा निक्खंतेसमाणे तत्थपुव्वामेव सीहतराए आलोएइ पच्छाराइणिए आसायणा सेहस्स। सेहेराइणियस्स राओवावियालेवा बाहरमाणस्स अज्जो के सुत्ते के जागरे तत्थ सेहे जागरमाणे राइणियस्स अप्पडिसुणेत्ता भवइ आसायणा सेहस्स। सेहे राइणियस्स पुव्वं संलवत्तए तंपुव्वामेव सीहतराए आलवइ पच्छाराइणिए आसायणा सेहस्स। सेहे राइणियस्स असणंवा पाणंवा खाइमंवा साइमंवा पडिगाहित्ता तं॰ पुव्वामेव सीहतराए सेहस्स आलोएइ पच्छाराइणियस्स आसायणा सेहस्स सेहेअसणंवा पडिगाहित्ता पुव्वामेव सीहतराए सेहस्स पडिदंसेइ पच्छाराइणिए आसायणा

भावार्थ

एक पाशीलेकर गये होवे और शिष्य पहिले शुचि करेतो आसातना लगे ११ गुरु शिष्य दोनों साथ बाहिर भूमिमें आये होवे और शिष्य गुरुसे पहिले ईर्यावही प्रतिक्रमे तो आसातना लगे १२ गुरुके दर्शनार्थ कोई आवे और गुरु से पहिले शिष्य उससे वार्तालाप करे तो आसातना लगे १३ गुरु पूछे कि कौन सोते हुवे हैं और कौन जगते हैं? ऐसा सुनकर जागता हुवा उत्तर न देवे तो आसातना लगे १४ शिष्य अशनादि वहोर कर लावे और पहिले दूसरे साधु की पास आलोवे फीर गुरु की पास आलोवे तो आसातना लगे १५ शिष्य अशनादि लाये होवे तो पहिले अन्य साधुको बतलाकर फीर गुरुको बतलावे

सेहस्स । सेहे असणं वा ४ पडिगाहित्ता पुव्वामेव सेहतराए अन्नस्स उवणिमंतेइ पच्छा राइणिए आसायणा सेहस्स । सेहे राइणिएणं सद्धिं असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा पडिगाहित्ता तं राइणियं अणापुच्छित्ता जस्स जस्स इच्छइ तस्स तस्स खद्धं खद्धं दलयइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणिएणं सद्धिं असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारेमाणे तत्थ सेहे खद्धं खद्धं, डायं डायं, रसियं रसियं, ऊसढं ऊसढं मणुण्णं मणुण्णं, मणामं मणामं, निद्धं निद्धं, लुक्खं लुक्खं, आहारेत्ता भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स वाहरमाणस्स अपडिसुणित्ता भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियं वाहरमाणस्स तत्थ गतिचेव पडिसुणित्ता भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे रा-

भावार्थ — तो आशातना लगे १६ अशनादिक चारों आहार लाकर शिष्य पहिले दूसरे साधु को निमंत्रणा करे पीछे गुरुको निमंत्रे तो आशातना लगे १७ अशनादि चारों आहार लाकर गुरु को बिना पूछे अन्य किसी को देवे तो आशातना लगे १८ शिष्य गुरु दोनों एक मंडलमें भोजन करने बैठे होवे तब शिष्य अशनादि चारों आहारमेंसे सरस १ स्निग्ध २ मनोज्ञ ३ खाले तो आशातना लगे १९ शिष्यको गुरु बोलावे और सुने हुवे उत्तर न देवे तो आशातना लगे २० गुरु शिष्यको बोलावे तब आसनपर बैठे २ उत्तर देवे तो आशातना लगे २१ गुरु शिष्य

सूत्र

राइणियं किच्चा भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियं तुमं इयवत्ता भवइ आसायणासेहस्स । सेहेराइणियं तज्जाएणं तज्जायं पडिभणित्ता भवइ आसयणासेहस्स । सेहेराइणियस्स कह कहेमाणस्स नो सुमिणे भवइ आसायणासेहस्स । सेहेराइणियस्स कहं कहेमाणस्स नो सरसि एववत्ता भवइ आसायणासेहस्स । सेहेराइणियस्स कहं कहेमाणस्स कहंआच्छिदित्ता भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स कहं कहेमाणस्स परिसंभित्ता भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स कहंकहेमाणस्स तीसेपरिसाए अणुट्ठिआए अभिन्नाए अवोच्छिन्नाए अवोगडाए दोच्चंपि तच्चंपि तामेव कहंकहेत्ता भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स सेज्जासंथारगं पाएणं

भावार्थ

के बोलनेपर क्या करते. क्या करतेहो ऐसा कहेतो आसातना लगे २२ गुरु शिष्यको किसीप्रकारका आदेश देवे तब शिष्य कहे कि तुमही करो ऐसा कहे तो आसातना लगे २३ गुरु शिष्य को उपदेश देवे कि ज्ञानी, रोगी, तपस्वी वृद्ध वगैरह की वैयावृत्य करना तो उत्तर देवे कि तुमही करो ऐसा कहे तो आसातना लगे २४ गुरु उपदेश देवे शिष्य की प्रसन्नता होवे और शिष्य उसकी अनुमोदना करे तो आसातना २५ गुरु कथावार्ता कहते भूलजावे होवे तो शिष्य कहे कि गुरु भूलगये हो ऐसे कहना चाहिये तो आसातना २६ गुरु धर्मकथा करतेहोवे उसमें शिष्य पड़ बोले तो आसातना २७ गुरु सभामें धर्मोपदेश करते होवे गोचरीका समय होगया होवे तो परिषदामें भेद करे

सूत्र

संघट्टित्ता हत्थेणं अणुण्णवेत्ता गच्छइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स सेज्जा संथारए चिट्ठित्तावा निसीइत्ता, तुयट्टित्तावा भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स उच्चासणंसिवा समासणंसिवा, चिट्ठित्तावा, निसीइत्तावा, तुयट्टित्तावा, भवइ आसायणा सेहस्स । सेहे राइणियस्स वाहरमाणस्स तत्थगए चेव पडिसुणित्ता भवइ आसायणा सेहस्स ॥ १ ॥ चमरस्सणं असुरिंदस्स असुररण्णो चमरचंचाए राय हाणीए एक्कमेक्क वाराए तेत्तीसं २ भोमा प० ॥ २ ॥ महाविदेहेणं वासे तेत्तीसं जोयणसहस्साइं साइरेगाइं विक्खंभेणं प० ॥ ३ ॥ जयाणं सूरिए वाहिराणंतरं

भावार्थ

तो आसातना २८ जिस परिषदामें गुरुने उपदेश दिया होवे उसमेंही शिष्य पुनः विस्तारसे कहेतो आसातना २९ गुरु आदिके आसनको पांवसे संघट्टन करेतो आसातना ३० गुरुके आसनपर शिष्य बैठेतो आसातना ३१ शिष्य अपना आसन गुरुके आसनसे ऊंचा रखेतो आसातना ३२ गुरुकी बराबरआसनमे शिष्य बैठेतो आसातना ३३ गुरु शिष्य को कुच्छ पूच्छा करे और उस का उत्तर आसनपर बैठे २ देवे तो आसातना ॥ १ चमर नामक असुरेन्द्र असुर कुमार राजा की चमर चंचा राजधानी के एक २ द्वार के बाहिर तेत्तीस तेत्तीस आकार वाले उत्तम स्थान कहे हैं ॥ २ ॥ महाविदेह क्षेत्र तेत्तीस हजार योजन से कुच्छ अधिक विस्तारमें कहा ॥ ३ ॥ जब सूर्य सब से बाहिर के मांडले के अंदर के तीसरे मांडलेपर आता है

सूत्र

गेय मंडलं उवसंकमित्ताणं चारं चरइ तयाणं इहगयस्स पुरिसस्स तेत्तीसाए जोयण सहस्सेहिं किंचिविसूणेहिं चक्खुफासं हव्वमागच्छइ ॥ ४ ॥ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाण नरइ गाणं तेत्ती पलिओवमाइं ठिई प० । अहेसत्तमाए पुढवीए काल महा ... गरए महारोरुएसु नेरइयाणं उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई प० । अप्पइट्ठ ... नरए नेरइयाणं अजहन्नमणुक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई प० । असुराण अत्थेगइयाणं देवाणं तेत्तीसं पलिओवमाइं ठिई प० । सोहम्मी-

भावार्थ

नव भरत क्षेत्र के मनुष्य ... कुछ न्यूनाधिक तेतीस हजार योजन दूर से सूर्य दीखता है अर्थात् पोष पूर्णिमा मकर संक्रांति ... दिन ... को सूर्य उत्तरायण में चलकर निषध पर्वत की तरफ आता है तब इतना दूर ... आता है तीसरे मांडले पर जब सूर्य चलता है तब बारह मुहूर्त व एक मुहूर्त का एकसठिये के ... दिन होता है और सब के बाहिर के मांडले में जब सूर्य होता है तब एकतीस हजार आठ सो ... हजार योजन दूर से भरत क्षेत्र के मनुष्य को सूर्य दीखता है ॥ ४ ॥ रत्नप्रभा नामक पृथ्वी में कितनेक नारकी की तेतीस पल्योपम की स्थिति कही. सातवी पृथ्वी में काल, महाकाल, रोरुव और महारोरुव नामक नरकावास में नारकी की उत्कृष्ट तेत्तीस सागरोपम की स्थिति कही. अप्रतिष्ठान नामक नरकावास में नारकी की मध्यम स्थिति तेत्तीस सागरोपम की कही. कितनेक असुर कुमार

सूत्र

माणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं तेत्तीसं पलिओवमाइं ठिई प० । विजय वेजयंत जयंत अपराजिएसु विमाणेसु उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई प० । जेदेवा सव्वट्ठसिद्धे महाविमाणे देवत्ताए उववन्ना तेसिणं देवाणं अजहन्नमणुक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई प० । तेणं देवा तेत्तीसाए अद्धमासेहिं आणमंतिवा पाणमंतिवा उस्ससंतिवा निस्ससंतिवा । तेसिणं देवाणं तेत्तीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ । संतेगइया भव सिद्धिया जीवा जे तेत्तीसभवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति, मुच्चिस्संति; सव्व दुक्खाणमंतं करिस्संति ॥ ३३ ॥ * *

चोत्तीसं बुद्धाइसेसा प० तं० अवट्ठिए केसमंसुरोमनहे. । निरामया, निरुवलेवा,

भावार्थ

देवता वर्णा सर्व [illegible] किनेक देवता की उत्कृष्ट आयुष्य तेत्तीस पल्योपम का कहा. विजय वैजयंत जयंत व अपराजित देवताओं की उत्कृष्ट तेत्तीस सागरोपम की स्थिति कही. सर्वार्थ सिद्ध महा विमानमें देवताओंकी अजघन्यअनुत्कृष्ट (कम्पन) तेत्तीस सागरोपम की स्थिति कही. वे देव तेत्तीस पक्ष में श्वासोश्वास लेते हैं और तेत्तीस हजार वर्ष में उन को आहार की इच्छा उत्पन्न होती है. कितनेक भवी जीव तेत्तीस भव करके सिद्ध बुद्ध यावत् सब दुःखों का अंत करेंगे यह तेत्तीसवा समवाय संपूर्ण ॥ ३३ ॥ *

तीर्थंकर के चौंतीस अतिशय कहे हैं ? मस्तक के केश, स्मश्रु मूछ, शरीर के रोम व नख अवस्थित रह-

गायलट्ठी। गोक्खीर पंडुरे मंससोणिए। पउमुप्पलगंधिए उस्सासनिस्सासे। पच्छन्ने आहार नीहारे, अदिस्से मंसचक्खुणा। आगासगयचक्कं। आगासगयंछत्तं। आगास गयाओ सेयवर चामराओ। आगास फालियामयं सपायपीढं सीहासणं। आगासगओ कुडभीसहस्स परिमंडियाभिरामो इंदज्झओ पुरओ गच्छइ। जत्थजत्थ वियणं अरहंता भगवंता चिट्ठंतिवा, निसीयंतिवा, तत्थ तत्थ वियण तक्खणा देव संछन्नपत्त पुप्फ पल्लवसमाउलो सछत्तो, सज्झओ, सघंटो, सपडागो, असोगवरपायवे अभिसंजायइ। इंसिपिट्ठओ मउडट्ठाणं तेयमंडलं अभिसंजायइ अंधकारे विय णं दस दिसाओ पभासेइ। बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे। अहोसिरा

ते हैं, सारांश में आवक [illegible] रहते हैं.) २ उन का शरीर निरोगी रहता है और मल वगैरह अशुचि का लेप नहीं लगता है ३ मांस रुधिर गाय के दुध जैसा उज्ज्वल रहता है ४ पद्म कमल की गंध जैसा श्वासो श्वास रहता है ५ उन का आहार नीहार चर्मचक्षुवाले नहीं देख सकते हैं (इन पांचमें से पहिला छोडकर अन्य चार अतिशय जन्मसे ही होते हैं. ६ जिनका धर्मचक्र आकाश में चलता रहे ७ आकाश में छत्र रहे ८ श्वेत चामर आकाश में रहे ९ आकाश समान निर्मल स्फटिकरत्न मय पादपीठिका सहित सिंहासन रहता है १० अन्य ध्वजाओं लघु पताकाओं परिमंडित अत्यंत ऊंची आकाशध्वजा तीर्थंकर के आगे चलती है ११ जहां जहां भगवंत उभारहे अथवा बैठे वहां २ पत्र से आकीर्ण व पुष्प फलसे

सूत्र

कंटया जायंति । उऊविवरीया सुहफासा भवंति। सीयलेणं सुहफासेणं सुरभिणा मारुएणं जोयण परिमंडलं सव्वओ समंता संपमज्जिज्जइ। जुत्त फुसिएणं मेहेणय निहयरयरेणू पकिज्जइ । जलथलय भासुरपभूतेणं विंटट्ठाविय दसद्धवन्नेणं कुसुमेणं जाणुस्सेहप्पमाणमित्ते पुप्फोवयारे किज्जइ। अमणुन्नाणं सद्दफरिस रसरूव गंधाणं अवकरिसो भवइ मणुन्नाणं सद्दफरिसरसरूवगंधाणं पाउब्भावो भवइ । उभओ पासिंचणं अरहंताणं भगवंताणं दुवेजक्खा

भावार्थ

च्याम, ध्वजा, पताका व घंटा सहित अशोक वृक्ष छाया कर रहते हैं १२ पृष्ठभाग में थोडासा दूर मुकुटके स्थान तेजमंडल (प्रभामंडल) होता है जो दशों दिशाओं में अंधकार का नाश करता है १३ जहां २ तीर्थंकर भगवन्त विहार करते हैं वहां २ बहुत रमणिक भूमिभाग होता है १४ जिसमार्ग में तीर्थंकर विहार करते हैं उस मार्ग में पडे हुवे कंटक ऊर्ध्व मस्तक हो जाते हैं १५ ऋतुविपरीत सुखस्पर्श होवे अर्थात् ऊष्णकाल में शीतलता व शीतकाल में ऊष्णता होवे १६ सुख स्पर्शवाला सुगंध वायु से एक योजन मंडलाकार सब दिशाकी भूमि स्वच्छ होवे १७ जिस मार्ग में तीर्थंकर विहार करते हैं उस मार्ग में सूक्ष्म २ बिन्दुयुक्त वर्षा से आकाश की व जमीनकी रजरेणु दूर होवे १८ [illegible] [illegible] व तेजवंत, जल में उत्पन्न होने वाले कमलादि व स्थल में उत्पन्न होनेवाले . . . . पुष्पों

सूत्र

कडग तुडिय थंभिय भुया चामरुक्खेवणं करंति । पव्वाहरओ त्रियणं हियगमणीओ जोयण नीहारीसरो । भगवंचणं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ । सात्रियणं अद्धमागहीभासा भासिज्जमाणी तेसिंसव्वेसिं आरियमणारियाणं, दुप्पय चउप्पय मियपसु पक्खि सरीसित्राणं अप्पप्पणोहिय सिवसुहदाय भासत्ताए परिणमइ । पुव्व बद्ध वेरात्रियणं देवासुरनागसुवण्णजक्खरक्खसकिंनरकिंपुरिस गरुल गंधव्व महोरगा अरहओ पायमूले पसंतचित्तमाणसा धम्मं निसामंति । अन्न उच्छिय पावयणिया त्रियणागया वंदंति । आगयासमाणा अरहओ पायमूले निप्पिडि

भावार्थ

का हीपण प्रमाण रंग होता है १९ अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप गंध का अभाव होवे और मनोज्ञ शब्द वर्ण गंध रस व रूप प्रगट होवे २० कडे त्रुटित आभूषणों से स्थंभित भुजावाले दो यक्ष दोनों बाजु सुशोभित चामर विजते हैं २१ उपदेश देते भगवन की वाणी हृदयगम, मनोज्ञ व योजन तक सुन सके ऐसी होती है २२ भगवंत छ भाषा में से अर्धमागधि भाषामें धर्मोपदेशकरते हैं २३ वहीअर्धमागधि भाषा सर्व आर्य, अनार्य देशवाले मनुष्य, और चतुष्पद सो गवादि मृगादि खेचर भुजपर वगैरह सब मोक्ष रूप सुख व आनंद प्राप्त करे इस तरह परिणमती है २४ भवान्तर की अनादि कालका अथवा जाति हेतुक बद्ध निकाचित वैरबंध हुवा होवे जैसे वैमानिक देव असुरकुमार, नागकुमार भवनपति, ज्योतिषी यक्ष, राक्षस वगैरह वाणव्यंतर, गरुड गंधर्व महोरगव्यंतर

सूत्र

